www.epaper.azadsipahi.in
* ओड़िशा संस्करण
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची | 24 सितंबर, 2025, बुधवार, वर्ष 10, अंक 334, आश्विन, शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00







# बारिश ने छुड़ाया पूजा आयोजकों का पसीना, लेकिन हौसला बुलंद

## ■ कारीगर और शिल्पकार भी हैं हलकान | ■ प्रशासन और निगम के लिए बड़ी चुनौती

बॉबी

**रांची (आजाद सिपाही)।** नवरात्र के पहले दिन से ही हो रही बारिश राजधानी में दुर्गा पूजा की तैयारियों में बाधा डाल रही है। इस बारिश ने पूजा आयोजकों का पसीना छुड़ा दिया है। उनकी परेशानी बढ़ गयी है। केवल आयोजक ही नहीं, शिल्पकार से लेकर कारीगर तक हलकान हैं। दुर्गोत्सव के मौके पर ठेला-खोमचा और फुटपाथी दुकानदारों की उम्मीदों पर भी पानी फिरने लगा है। हालांकि सभी के हौसले बुलंद है। बीते साल पूजा पंडालों के पट खोलने की होड़ थी और नवरात्र के तीसरे और चौथे दिन ही कई पूजा पंडालों के पट खोल दिये गये थे। पंचमी तक तो लगभग प्रमुख पूजा पंडालों का अनावरण हो गया था, लेकिन इस बार भगवान इंद्र की मेहरबानी से वैसी स्थिति नहीं हैं। श्रीरामलला पूजा समिति (जिला स्कूल), भारतीय युवक संघ बकरी बाजार, ओसीसी क्लब दुर्गा पूजा समिति, आरआर स्पोर्टिंग, कोकर बाजार और हरमू समेत लगभग बड़े पूजा आयोजक 26 सितंबर को पंचमी के मौके पर पूजा पंडालों के पट खोलने की घोषणा कर रहे हैं, लेकिन बारिश के कारण तय समय तक साज-सज्जा और लाइटिंग का काम पूरा नहीं हो सका है। शिल्पकार भी मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमा गढ़ चुके हैं, पर रंग-रोगन का काम बारिश से प्रभावित है। बरसात से पूजा स्थल में भी कीचड़ अटा पड़ा है। वैसे तो तृतीया यानी 24 सितंबर से ही श्रीश्याम बाबा के भजन संध्या और डांडिया से दुर्गोत्सव के कार्यक्रम की शुरुआत हो जायेगी। पंडाल का पट चतुर्थी या पंचमी के दिन हर हाल में खोल दिया जायेगा। दर्शनार्थियों को किसी तरह की दिक्कत न हो इसका खास ख्याल रखा जायेगा।



### कारोबारियों की निगाह मौसम पर टिकी

राजवीर

**रांची (आजाद सिपाही)।** नवरात्र के दौरान बाजार में कपड़े-जूते अन्य सामान की खरीददारी की भीड़ दिख रही है। हालांकि लोग सशंकित हैं कि उनके घूमने-फिरने मस्ती में बारिश खलल नहीं डाले। वहीं, पूजा के दौरान मेला में कारोबार करने वाले परेशान है। इस दौरान छोटे-बड़े को मिलाकर करोड़ों का कारोबार होता है। बारिश के कारण मेला में कारोबार करने वालों को डर सताने लगा है। उनकी निगाह मौसम पर टिकी है। उन्हें उम्मीद है कि बारिश थमेगी और कारोबार अच्छा होगा।

# बारिश में डूबा कोलकाता, दस की मौत

- सड़कों-घरों में पानी भरा, रेलवे-मेट्रो सर्विस ठप
- ममता बोलीं, ऐसी बारिश कभी नहीं देखी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में सोमवार देर रात से मंगलवार सुबह तक मूसलाधार बारिश से बाढ़ आ गयी। पानी में बिजली का करंट फैलने से दस लोगों की मौत हो गयी है। कोलकाता में पिछले 24 घंटों में लगभग 247.5 मिमी बारिश हुई। शहर की कई सड़कों पर तीन फीट तक पानी भर गया है। यातायात व्यवस्था सुबह से चरमरा गयी है। सड़कों पर खड़ी गाड़ियां आधी से ज्यादा डूब गयी हैं। वहीं घरों और फ्लैटों में भी पानी भरा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने ऐसी बारिश पहले कभी नहीं देखी। जिन लोगों की जान गयी है, उनके लिए उन्हें दुख है। हमारे घर भी पानी में डूब गये हैं। हम सब परेशान हैं। मुझे पूजा पंडालों के लिए भी बहुत बुरा लग रहा है।



कोलकाता एयरपोर्ट पर पानी भरने और खराब मौसम के कारण 30 फ्लाइट रद्द कर दी गयीं और 42 फ्लाइट लेट हो गयीं। पानी भरने से शहीद खुदीराम और मैदान मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो सेवा रोक दी गयी है। हावड़ा और सियालदह डिवीजनों के रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया है। इससे हजारदुआरी एक्सप्रेस (13113) और सियालदह जंगीपुर एक्सप्रेस (13177) ट्रेनें रद्द कर दी गयी। चितपुर यार्ड में पानी भरने से सर्कुलर रेलवे लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही बंद है। बारिश के कारण कई जगह दुर्गा पूजा के पंडाल डूब गये तो कई खराब हो गये हैं। बंगाल सरकार ने बारिश के चलते पूरे राज्य में सभी सरकारी स्कूल और कॉलेजों में तय समय से दो दिन पहले ही दुर्गा पूजा की छुट्टियां कर दी हैं।

# रांची के कांके रिसॉर्ट, दुर्गा डेवलपर्स सहित नौ ठिकानों पर इडी का छापा

- जमीन घोटाला मामले में रांची में छह और दिल्ली में तीन जगह हुई कार्रवाई
- दस्तवेजों के अलावा 25 लाख रुपये अब तक हुए बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने चर्चित जमीन कारोबारी कमलेश से जुड़े जमीन घोटाले में रांची और दिल्ली के कुल नौ ठिकानों पर छापा मारा है। छापेमारी के दौरान समाचार लिखे जाने तक विभिन्न ठिकानों से कुल 25 लाख रुपये नगद जब्त किये गये हैं। इसके अलावा बैंक खाता, जमीन की खरीद बिक्री से संबंधित दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस भी जब्त किये गये हैं। इससे पहले कमलेश सहित अन्य के खिलाफ इडी आरोप पत्र दायर कर चुकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इडी ने रांची के छह और दिल्ली के तीन ठिकानों पर छापा मारा। इनमें कांके रिसॉर्ट के गुंजन सिंह, दुर्गा डेवलपर्स के अनिल झा, बिल्डर बीके सिंह और रिटायर्ड अधिकारी रामप्रवेश समेत अन्य लोगों के ठिकाने शमिल हैं।

### वित्तीय रिकॉर्ड और डिजिटल सबूतों की जांच

इडी की कई टीमें संपत्ति के दस्तावेज, वित्तीय रिकॉर्ड और डिजिटल सबूतों की जांच के लिए तैनात की गयी हैं, जो कथित तौर पर जमीन के सौदागरों, बिल्डरों और बिचौलियों से जुड़े एक घोटाले से संबंधित हैं। रांची में कई प्रमुख स्थानों जैसे कांके में कांके रिसॉर्ट, रातू रोड के सुखदेव नगर, कडरू, बरियातू और अशोक नगर में छापेमारी की गयी। इसके अलावा दिल्ली में भी प्रभावशाली जमीन दलालों और उनके सहयोगियों से जुड़े स्थानों पर तलाशी ली गयी।

### मनी लांड्रिंग के जरिये वैध आय के रूप में दिखाया

यह कार्रवाई कांके ब्लॉक के चामा मौजा में धोखाधड़ी से जुड़ी है, जहां आदिवासी जमीन को नकली दस्तावेजों के जरिये सामान्य भूखंड में बदला गया और फिर ऊंची कीमतों पर बेचा गया। जांचकर्ताओं को शक है कि इन सौदों से प्राप्त धन को मनी लांड्रिंग के जरिये वैध आय के रूप में दिखाया गया था।

# टीपीसी का सब जोनल कमांडर नगीना उत्तर प्रदेश में गिरफ्तार

- झारखंड पुलिस को दी गयी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के उग्रवादी संगठन टीपीसी (तृतीय प्रस्तुति कमेटी) के सब जोनल कमांडर नगीना को उत्तर प्रदेश की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने गिरफ्तार कर लिया है। नगीना के खिलाफ उत्तर प्रदेश में भी नक्सली और आपराधिक मामले दर्ज हैं। उत्तर प्रदेश एटीएस की टीम ने नगीना की गिरफ्तारी की सूचना झारखंड पुलिस को दी है।

नगीना हाल ही में पलामू में हुए एक पुलिस मुठभेड़ में भी शामिल था। हालांकि, उस मुठभेड़ के दौरान वह जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा था।

गिरफ्तार नक्सली नगीना गढ़वा जिले का रहने वाला है। उसकी गिरफ्तारी को झारखंड और उत्तर प्रदेश दोनों राज्यों के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है, क्योंकि वह दोनों जगहों पर कई आपराधिक गतिविधियों में वांछित था।

# मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के अवार्ड

- शाहरुख खान-विक्रांत मैसी को बेस्ट एक्टर
- रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवार्ड





आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** 71वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह विज्ञान भवन में मंगलवार को हुआ। मलयाली एक्टर मोहनलाल को फिल्म जगत में दिये गये उनके योगदान के लिए सिनेमा के सबसे गौरवपूर्ण दादा साहेब फाल्के अवार्ड से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें शॉल पहनाया और स्वर्ण कमल दिया। इस दौरान मोहनलाल को स्टैंडिंग ओवेशन मिला। वहीं, शाहरुख खान, विक्रांत मैसी को बेस्ट एक्टर और रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला।

**शाहरुख खान-विक्रांत मैसी को बेस्ट एक्टर का अवार्ड**

शाहरुख खान को फिल्म 'जवान' और विक्रांत मैसी को फिल्म '12वीं फेल' के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवार्ड मिला है। वहीं, रानी मुखर्जी को 'मिसेस चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला। ये शाहरुख, विक्रांत और रानी तीनों के करियर का पहला नेशनल अवार्ड है।

**उर्वशी बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवार्ड:** मलायली एक्ट्रेस उर्वशी को 'ओलूझुक्कू' के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का नेशनल अवार्ड दिया गया है, ये अवार्ड उन्होंने 'वश' (गुजराती) फिल्म एक्ट्रेस जानकी बोड़ीवाला से साझा किया है। शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' के गाने 'चलेया' के लिए शिल्पा राव को बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर का नेशनल अवार्ड मिला है। इसके अलावा फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के गाने 'ढिंढोरा बाजे रे' के लिए वैभवी मर्चेंट को बेस्ट कोरियोग्राफी अवार्ड मिला है।

**बेस्ट हिंदी फिल्म बनी सान्या मल्होत्रा की 'कटहल':** साल 2023 में रिलीज हुई सान्या मल्होत्रा स्टारर फिल्म 'कटहल' को बेस्ट हिंदी फिल्म का नेशनल अवार्ड मिला है। इस फिल्म के लिए डायरेक्टर यशोवर्धन मिश्रा अवार्ड लेने पहुंचे थे।

### सिनेमा मेरी आत्मा की धड़कन है : मोहनलाल

सम्मान हासिल करते हुए मोहनलाल ने कहा कि यह मेरे लिए गहन गौरव और कृतज्ञता का पल है कि मैं आज यहां खड़ा हूं। मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के प्रतिनिधि के रूप में यहां खड़ा होना मेरे लिए अत्यंत विनम्र और गौरवपूर्ण पल है। मैं गहराई से विनम्र हूं कि मैं इस पुरस्कार का सबसे युवा प्राप्तकर्ता हूं और अपने राज्य से यह राष्ट्रीय मान्यता पाने वाला केवल दूसरा व्यक्ति हूं। यह पल सिर्फ मेरा नहीं है, यह पूरे मलयालम सिनेमा परिवार का है। सच कहूं तो, मैंने कभी इस पल का सपना देखने की हिम्मत भी नहीं की थी। अपने सबसे बड़े सपनों में भी नहीं। इसलिए यह सिर्फ कोई सपना सच होने जैसा नहीं है, यह उससे कहीं बड़ा, जादुई, और पवित्र है। सिनेमा मेरी आत्मा की धड़कन है।



हृदयम हार्ट क्लिनिक
उपलब्ध सुविधाएँ -
• ईसीजी • इको-कार्डियोग्राफी
• टीएमटी • हॉस्पिटल मॉनिटरिंग
यहाँ हृदय संबंधित सभी रोगों का उचित परामर्श तथा उपचार उपलब्ध है जैसे :
• हार्ट फेलियर • हाई कॉलेस्ट्रॉल
• हार्ट अटैक • हार्ट एरिदमिया
• हार्ट ब्लॉक • पाल्पीटेशन
• हाइपरटेंशन • दिल का छेद,
डॉ साकेत कुमार
हृदय रोग विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस. (एमयू.), एम.डी. (पीएचसीएच, पटना) डी.एम. कार्डियोलॉजी (आईपीजीएमईआर, कोलकाता)
वयस्क एवं बाल हृदय चिकित्सक
सलाहकार हृदय रोग विशेषज्ञ
पल्स हॉस्पिटल, रांची
हृदयम हार्ट क्लिनिक
डॉ. जे शरण लेन, रिम्स मेडिकल चौक के पास, बरियातू, झारखंड-834009
समय : सुबह 09:30 से सायं 06:00 बजे तक
8002882735, 8100360617, 8573987365



ESTD - FEB-2014
WELCOME TO KIDS SECOND HOME
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, CLASS 1,2





ADMISSION OPEN
8252797609
Near Dislreey Pull, H.B. Road Kokar, Ranchi (Jharkhand)

FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN





Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)




CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
Faculty of Engg. & Tech
B.Tech
▪ Civil Engineering
▪ Electrical and Electronic Eng.
▪ Computer Science & Eng.
▪ CSE (Artificial Intelligence)
▪ CSE (Cyber Security)
Polytechnic / Diploma
▪ Civil Engineering
▪ Mechanical Eng.
▪ Electrical and Electronic Eng.
▪ Computer Science & Eng.
▪ Electrical Engineering
Faculty of Law
▪ LL.B. ▪ B.A. LL.B. ▪ B.B.A. LL.B
Faculty of Management
▪ Bachelor of Business Administration (BBA)
▪ Master of Business Administration (MBA)
Faculty of Information Tech.
▪ Bachelor of Computer Application (BCA)
▪ Master of Computer Application (MCA)
▪ Post Graduation in Computer Application (PGDCA)
Faculty of Education
▪ Bachelor of Elementary Education (B.Ed)
▪ Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.)
▪ M.A (Education)
Faculty of Arts & Social Science
▪ B.A (Hindi) ▪ B.A (English) ▪ B.A (Sanskrit)
▪ B.A (Economics) ▪ B.A (Psychology)
▪ B.A (Sociology) ▪ M.A (Hindi) ▪ M.A (English)
▪ M.A (Sanskrit) ▪ M.A (Economics)
▪ M.A (Psychology ▪ M.A (Sociology)
Faculty of Pharmacy
▪ Diploma in Pharmacy (D.Pharm)
▪ Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)
Faculty of Dental Science
▪ Bachelor of Dental Surgery (BDS)
▪ Master of Dental Surgery (MDS)
Faculty of Homeopathy
▪ Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS
▪ M.D Homeopathy ▪ B.Sc Medical Pathology
▪ B.Sc Medical Biochemistry ▪ B.Sc Medical Microbiology
▪ M.Sc Medical Microbiology
▪ M.Sc Medical Biochemistry
Faculty of Nursing & Allied Health Science
▪ Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing)
▪ General Nursing and Midwifery (GNM)
▪ Auxiliary Nurse Midwives (ANM)
Paramedical
▪ OT ▪ DMLT ▪ ECG ▪ X-RAY
▪ Medical in Sanitary Inspector
▪ Medical in Ophthalmic Assistant
▪ Medical in Certificate in Dresser
Library Science
▪ B.Lib.I.Sc. ▪ M.Lib.I.Sc
Faculty of Science
▪ B.Sc. (Mathematics) ▪ B.Sc. (Chemistry) ▪ B.Sc. (Physics)
▪ B.Sc. (Botany) ▪ B.Sc. (MLT) ▪ B.Sc. (Zoology)
▪ B.Sc. (Pathology) ▪ B.Sc. (Biochemisty) ▪ B.Sc. (Microbiology)
▪ M.Sc. (Mathematics) ▪ M.Sc. (Chemistry) ▪ M.Sc. (Physics)
▪ M.Sc. (Botany) ▪ M.Sc. (Zoology) ▪ M.Sc. (Physiology)
▪ M.Sc. (Biochemisty) ▪ M.Sc. (MLT) ▪ M.Sc (Microbiology)
Faculty of Commerce
▪ B.Com ▪ M.Com
TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE
Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand https://bdsu.ac.in/

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
200000 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 24 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# क्या मोदी सरकार का ‘बचत उत्सव’ बिहार में ‘विजयोत्सव’ में तब्दील होगा

## ■ जाति आधारित बिहार की राजनीति में आर्थिक तड़के से भाजपा को कितना लाभ मिलेगा, देखना दिलचस्प होगा

## ■ वैसे गरीब और मध्यम वर्ग को सीधे राहत मिलने से विपक्ष का महंगाई वाला मुद्दा कमजोर पड़ सकता है

**आजाद सिपाही विशेष**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधार लागू कर बड़ा आर्थिक दांव खेला है। उन्होंने इसे ‘बचत उत्सव’ का नाम दिया है और नवरात्र के पहले दिन इसे लागू कर दिया है। मोदी सरकार ने जीएसटी सुधार लागू कर कर व्यवस्था को सरल और उपभोक्ता-अनुकूल बना दिया है। 28% और 12% वाले स्लैब खत्म कर दिये गये हैं और अब अधिकतर वस्तुएं सिर्फ 5% और 18% स्लैब में आ गयी हैं। वहीं विलासिता के उत्पादों पर 40% कर बरकरार रहेगा। यह बदलाव नवरात्र के पहले दिन से लागू हो गया है और इसका असर बाजार और बिहार की राजनीति, दोनों पर साफ दिखने लगा है। अब सवाल यह है कि क्या जीएसटी सुधार चुनावी हथियार साबित होगा और क्या इससे बिहार में एनडीए को फायदा मिलेगा, क्योंकि नये जीएसटी स्लैब से घरेलू और रोजमर्रा के सामानों की कीमत घट गयी है। देश में अब तक महंगाई विपक्ष का सबसे बड़ा हथियार रही है, लेकिन जीएसटी सुधार ने सरकार को फ्रंटफुट पर ला दिया है। टैक्स घटा कर मोदी सरकार ने सीधे शहरी और मध्यम वर्ग को साधने की कोशिश की है। इसका असर बिहार जैसे राज्यों में त्योहार और शादी के सीजन पर पड़ेगा और उसके जरिये चुनावी असर को और बढ़ा सकता है। भाजपा का मानना है कि जीएसटी सुधार देश के आम जनमानस के हित में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे देशवासियों की सहूलियत के लिए लाया है। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए यह बेहद लाभकारी है और सभी वर्ग के लोगों के हितों का ध्यान रखा गया है। घरेलू उत्पादों में टैक्स कम होने के कारण लोग खरीदारी अधिक करेंगे और त्योहारों में अच्छे से खरीदारी करके खुश होकर त्योहार मनायेंगे। लेकिन सवाल है कि क्या इस फैसले से शहरी वर्ग में एनडीए की पकड़ मजबूत होगी। गरीब और मध्यम वर्ग को सीधे राहत मिलने से विपक्ष का महंगाई वाला मुद्दा कमजोर पड़ सकता है। इस बात में संदेह नहीं कि जीएसटी सुधार सिर्फ आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि चुनावी मौसम का सियासी हथियार भी बन सकता है। इससे विपक्ष के महंगाई वाले मुद्दे की धार कुंद हो जायेगी और पुराना मुद्दा विपक्ष के हाथ से छिन जायेगा और बिहार में एनडीए को इसका सीधा फायदा मिलेगा। भाजपा ने ‘बचत उत्सव’ को ‘विजयोत्सव’ में बदलने की तैयारी भी कर ली है। क्या है ‘बचत उत्सव’ का सियासी पहलू और बिहार में क्या होगा इसका असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**


**राकेश सिंह**
**संपादक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर अपने फैसले से राजनीतिक भूचाल पैदा कर दिया है। उनका यह फैसला वैसे तो आर्थिक है, लेकिन इसका राजनीतिक असर कितना अधिक पड़ा है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूरा विपक्ष सकते में है। उसे समझ में नहीं आ रहा है कि वह इस फैसले का समर्थन करे या विरोध। पीएम मोदी का यह फैसला है जीएसटी सुधार, जिसे उन्होंने ‘बचत उत्सव’ का नाम दिया है। सोमवार से शुरू हुए नवरात्र के पहले दिन से यह उत्सव शुरू हो गया है और इसका असर बाजारों पर दिखाई देने लगा है।

### आर्थिक फैसले का राजनीतिक असर

वैसे सरकार के किसी आर्थिक फैसले का राजनीतिक असर इतनी जल्दी दिखाई नहीं देता है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से जीएसटी सुधारों को लागू किया है, उसका असर तत्काल दिखने लगा है। इसलिए इसे बड़ा राजनीतिक कदम भी कहा जा रहा है। इस एक कदम से पीएम मोदी ने भाजपा की सियासी राह को आसान बना दिया है।

### बिहार में भाजपा की तैयारी

जीएसटी सुधार से आम लोगों के जीवन में होने वाले संभावित बदलाव को भाजपा बिहार विधानसभा चुनावों में भुनाने की कोशिशों में जुट गयी है। वैसे तो पार्टी की ओर से ‘जीएसटी बचत उत्सव’ के नाम पर पूरे देश में अभियान शुरू किया गया है, लेकिन बिहार के लिए खास टीम बनायी गयी है और इसमें पार्टी को अपने सहयोगी जदयू का भी सहयोग मिलने लगा है। बिहार में गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों की जनसंख्या कुल आबादी का एक-तिहाई से ज्यादा है। ऐसे में भाजपा को भरोसा है कि जीएसटी दरों में कटौती का लाभ उन तक सही से पहुंचाने से पार्टी को चुनावों में इसका फायदा मिल सकता है।

### जीएसटी पर बिहार भाजपा का खास अभियान

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अगले महीने की शुरूआत में ही चुनाव आयोग की ओर से तारीखों के एलान की संभावना है। भाजपा ने बिहार के लिए ‘जीएसटी बचत उत्सव’ के नाम पर एक खास रणनीति तैयार की है। इसके लिए पार्टी ने पांच नेताओं की एक टीम बनायी है, जिसकी अगुवाई की जिम्मेवारी भाजपा विधायक संजीव चौरसिया को दी गयी है। उन्हें इस मेगा अभियान का संयोजक बनाया गया है।



### बीपीएल परिवारों को होने वाले फायदे पर नजर

बिहार की 34.13 प्रतिशत आबादी बीपीएल परिवारों के दायरे में आती है। ऐसे में जीएसटी दरों में कटौती से इस वर्ग के लोगों को जो फायदा मिलने की संभावना है, उसके प्रति पार्टी की ओर से लोगों को जागरूक किये जाने की तैयारी है। पांच सदस्यीय टीम में सुरेश रूंगटा, अमृता भूषण, मनन मिश्रा और नितिन अभिषेक सह-संयोजक की भूमिका में रहेंगे। इन नेताओं की जिम्मेदारी है कि वे लोगों तक जायें और जीएसटी की दरों में कटौती से आम लोगों को मिलने वाले फायदे के बारे में बतायें। बता दें कि जीएसटी दरों में सुधार के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रधानमंत्री को धन्यवाद किया है और कहा है कि इसे बिहार के हर वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा।

### 10 नेताओं को राष्ट्रव्यापी अभियान का प्रभार

बिहार के चुनावी माहौल से इतर भाजपा इसी तरह का अभियान राष्ट्रीय स्तर पर भी शुरू कर रही है। इस पर नजर रखने के लिए भाजपा के 10 नेताओं की एक टीम बनायी गयी है। इस टीम में भाजपा मुख्यालय के प्रभारी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और वरिष्ठ नेता तरुण चुघ के अलावा आठ अन्य नेताओं को शामिल किया गया है। इनमें से हर नेता को तीन से लेकर पांच राज्यों तक की जिम्मेदारी दी गयी है। ये सभी नेता जीएसटी कटौती से फायदे की बात जन-जन तक पहुंचाने वाले अभियान की निगरानी करेंगे।

### भाजपा के प्रत्येक सांसद निकालेंगे पदयात्रा

भाजपा की ओर से ‘जीएसटी बचत उत्सव’ को लेकर रविवार को दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय से सांसदों को एक चिट्ठी जारी की गयी है। इसमें सभी सांसदों से आग्रह किया गया है कि वे 27 सितंबर तक सात दिनों के ‘जीएसटी बचत उत्सव’ में भागीदारी करें। सांसदों से कहा गया कि वे अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में प्रतिदिन दो पदयात्रा निकालें, जिसमें उनके चुनाव क्षेत्र के दो बाजार कवर हो जायें।

### विपक्ष का सवाल और भाजपा का भरोसा

इधर केंद्र में प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस इस पहल पर सवाल खड़े कर रही है। पार्टी ने कहा है कि प्रधानमंत्री हर सरकारी कार्यक्रम को इवेंट में बदल देते हैं। उसका आरोप है कि जिन टैक्सों को मोदी सरकार ने आठ साल पहले लगाया था, अब उन्हीं में कटौती करके ‘बचत उत्सव’ का माहौल बनाया जा रहा है। उधर भाजपा को उम्मीद है कि उसका अभियान न सिर्फ जनता को जीएसटी सुधारों की जानकारी देगा, बल्कि विपक्ष के आरोपों का जवाब भी बनेगा। पार्टी का दावा है कि इस पहल से स्वदेशी आंदोलन को बल मिलेगा और चुनावी राज्य बिहार में संगठन को नयी मजबूती भी मिलेगी।

---

# गढ़वा के डंडई में आज भी जीवित है रंगमंच की परंपरा, दुर्गापूजा में होता है नाटकों का मंचन

जितेंद्र यादव

- ■ ग्रामीण कलाकार अपने कुशल अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने में कोई कसर नहीं छोड़ते
- ■ नाटकों के माध्यम से बाल विवाह, दहेज प्रथा और अंधविश्वास जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति किया जाता है जागरूक

**गढ़वा/डंडई (आजाद सिपाही)।** डंडई प्रखंड के रारो बाजार में हर साल दुर्गा पूजा के दौरान नाट्य मंचन का भव्य आयोजन होता है। यह परंपरा पिछले दो दशकों से अधिक समय से लगातार चली आ रही है। इस नाट्य मंचन की सबसे खास बात यह है कि इसमें गांव के ही स्थानीय कलाकार अभिनय करते हैं। हर साल नयी पीढ़ी के बच्चों को भी इसमें शामिल किया जाता है, जो शुरू में थोड़ा हिचकिचाते हैं, पर बाद में उनका प्रदर्शन बेहद शानदार होता है। नाटकों को देखने के लिए आस-पास के गांवों से बड़ी संख्या में दर्शक आते हैं। नाटकों के निर्देशक महीनों पहले से ही कलाकारों को मार्गदर्शन देना शुरू कर देते हैं और नियमित रूप से रिहर्सल करवाई जाती है, ताकि मंच पर बेहतरीन प्रस्तुति दी जा सके। यह मंच बच्चों को आत्मविश्वास से अपनी बात रखने और बोलने की आदत भी डालता है। यहां नाटकों में स्त्री पात्रों की भूमिका भी पुरुष कलाकार ही निभाते हैं। दर्शकों के मनोरंजन के लिए नाटकों के बीच संगीत और हास्य कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जाते हैं। आज के भौतिकतावादी युग में, जहां मोबाइल, टीवी और इंटरनेट ने पारंपरिक ग्रामीण कलाओं को लगभग खत्म कर दिया है, वहीं रारो बाजार में यह नाट्य परंपरा आज भी जीवित है। दुर्गा पूजा के दौरान गांव के जो लोग बाहर जाकर मजदूरी करते हैं, वे भी अपने गांव लौटकर इस मंचन में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। आमतौर पर एक नाटक लगभग तीन घंटे का होता है, जो रात 11 बजे शुरू होकर 3 बजे तक चलता है। आधुनिकता और डिजिटल युग के प्रभाव के बावजूद, यहां के युवा इस परंपरा को बनाये रखने में जुटे हुए हैं। इस मंचन के जरिए न केवल मनोरंजन होता है, बल्कि बाल विवाह, दहेज प्रथा और अंधविश्वास जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति भी लोगों को जागरूक भी किया जाता है। यहां के कलाकारों का शानदार अभिनय दूर-दूर से आये दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देता है।



### कई अनुभवी कलाकारों की है सक्रिय भूमिका

दुर्गा पूजा के अवसर पर होनेवाले इस नाट्य मंचन में गांव के कई अनुभवी और पुराने कलाकार, जैसे विजय सिंह, बिनोद यादव,शिवप्रसाद यादव, कमलेश यादव, चंद्रिका यादव और प्रताप यादव सहित अन्य लोगों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लेते हैं। ये कलाकार न केवल अपने उत्कृष्ट अभिनय से मंच की शोभा बढ़ाते हैं, बल्कि नयी पीढ़ी के बच्चों और युवा कलाकारों को भी मार्गदर्शन और प्रेरणा देते हैं, जिससे यह सांस्कृतिक परंपरा लगातार जीवित और सशक्त बनी रहती है।

### हर साल नये कलाकारों और बच्चों को मंच पर मौका दिया जाता है : पप्पू



दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष पप्पू यादव ने बताया कि दुर्गा पूजा के अवसर पर नाटक मंचन कई वर्षों से होते आ रहा है। यह नाट्य मंचन हमारी सांस्कृतिक पहचान है। आज के समय में जब पारंपरिक कलाएं लुप्त हो रही हैं, हमारे गांव के युवा इस परंपरा को जीवित रखे हुए हैं। यह केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि नयी पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का एक जरिया भी है। इस आयोजन में हर साल नये कलाकारों, खास कर बच्चों को भी मौका दिया जाता है।

### मंचन नयी पीढ़ी को बिना झिझक मंच पर आने का आत्मविश्वास देता है: प्राण यादव



नाट्य मंचन के निर्देशक प्राण यादव ने बताया कि यह मंचन सिर्फ एक नाटक नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। हम युवा कलाकारों और बच्चों को अभिनय का प्रशिक्षण देते हैं, ताकि यह परंपरा बनी रहे। हर साल हम नये बच्चों को इसमें शामिल करते हैं, जिससे वे भविष्य में किसी भी कार्यक्रम में बिना झिझक के हिस्सा ले सकें। आज के डिजिटल युग में इस कला को जीवित रखना एक चुनौती है, लेकिन हमें खुशी है कि हर साल दर्शक हमारी मेहनत को सराहते हैं।

### लंबे समय से नाटक में भाग लेने से आदत शौक और आत्मविश्वास बढ़ा : कमलेश



कमलेश यादव ने बताया की हम कई वर्षों से इस नाटक में अभिनय कर रहे हैं। शुरुआत में मंच पर आना थोड़ा कठिन लगता था, लेकिन अब यह हमारी आदत और शौक दोनों बन गया है। इस मंचन ने हमें आत्मविश्वास दिया है और गांव के लोगों के साथ हमारा जुड़ाव भी मजबूत किया है। जब नयी पीढ़ी हमारे साथ जुड़ती है, तो हमें लगता है कि हमारी मेहनत सफल हो रही है।

---

# कोडरमा का चंचालिनी धाम, जहां मां के बालिका स्वरूप की होती है पूजा

सतीश कुमार

- ■ यहां आराधना में सिंदूर चढ़ाना है वर्जित
- ■ मनोरम वादियों व पहाड़ों के बीच बसा है चंचालिनी धाम
- ■ श्रद्धालुओं की मन्नतें होती हैं पूरी
- ■ नवरात्र में श्रद्धालुओं की उमड़ती है भीड़

**कोडरमा (आजाद सिपाही) ।** कोडरमा जिले के मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत कोडरमा- गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित कानिकेंद मोड़ से करीब छह किमी दूर घने जंगलों और पहाड़ों के बीच में बसा धार्मिक स्थल मां चंचालिनी धाम श्रद्धालुओं के लिए आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां नवरात्र के दिनों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पूजा - अर्चना को उमड़ती है। मनोरम वादियों और घने जंगलों के बीच पहाड़ों पर मां चंचला निवास करती है। पहाड़ के चारों तरफ हरियाली और मनोरम दृश्य होने के कारण मां का मंदिर आकर्षक का केंद्र बना रहता है। खास कर दुगार्पूजा के नवरात्र में नौ दिनों तक श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ उमड़ती है। श्रद्धालु अपने- अपने मन्नतों के पूरा होने को लेकर माता रानी से हाथ जोड़ कर नवरात्रा के नौ दिनों तक पूजा में लीन रहते हैं। यहां पर दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु अपने कष्ट और थकान को भूलकर मां चंचालिनी के दर्शन के साथ-साथ प्राकृतिक के इस मनोरम छटा को निहारते हैं।

**सफर सिद्धियों से होता है शुरू :** चंचाल पहाड़ी का सफर सीढियों से शुरू होता है। खड़ी चढ़ाई पर सीढियों के सहारे लोग चढ़ते हैं। रुकते- थकते, बैठते भक्त 500 सीढ़ियां चढ़ कर मां दुर्गा के इस स्थान तक पहुंचते हैं।

**कुंवारी कन्या का स्वरूप हैं माता चंचालिनी :** श्रद्धालुओं द्वारा मन्नत की सिद्धि प्राप्ति होगी या नहीं, इसकी जानकारी के लिए बेलपत्र, अक्षत और फूल माता के मस्तक पर रख दिया जाता है। यदि रखे गये पूजन सामग्री नीचे गिर गये, तो मनोकामना पूरी होने के संकेत मिलते हैं। मां चंचला का स्वरूप कुंवारी कन्या का है। इस कारण वहां पूजा-अर्चना करने वाली महिलाओं द्वारा सिंदूर लगा कर पूजा करना वर्जित बताया गया है। यहां मुंडन कराने के लिए भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पंहुचते हैं।





### छोटी- छोटी प्रतिमा पिंड के रूप में स्थापित

यहां मां दुर्गा की छोटी-छोटी प्रतिमा पिंड के रूप में स्थापित हैं। हालांकि 400 फीट की चढ़ाई चढ़ने के बाद सीढियों का सफर खत्म हो जाता है और करीब 100 फीट की चढ़ाई भक्त रेंगते हुए पाइप के सहारे चढ़ते हैं। कष्टदायक सफर होने के बावजूद लोग मन में सच्ची श्रद्धा और भक्ति लिए चंचालिनी धाम में आते हैं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.4 °c | 22.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.45 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.38 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 24 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो रहा है सरला बिरला विश्वविद्यालय

## ■ सरला बिरला विश्वविद्यालय ने पूरे किये सात गौरवशाली वर्ष

## ■ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए झारखंड में बनी पहली पसंद: डॉ. प्रदीप वर्मा




**शिवम कुमार**

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड रांची में स्थित सरला बिरला विश्वविद्यालय अपनी उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नीति के माध्यम से राज्य ही नहीं, बल्कि पूरे देश में अपनी अलग पहचान बना चुका है। विश्वविद्यालय में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनमें सुसज्जित प्रयोगशालाएं, आधुनिक कक्षाएं, समृद्ध पुस्तकालय और उन्नत कंप्यूटिंग संसाधन हैं। यह विश्वविद्यालय शिक्षण और अनुसंधान के लिए एक अनुकूल वातावरण प्रदान करता है।

2017 में स्थापित यह विश्वविद्यालय आज छात्रों और परिजनों की पहली पसंद बनता जा रहा है। पहले झारखंड और आस पास के राज्यों के छात्रों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए महाराष्ट्र, दिल्ली और बेंगलुरू जैसे अन्य बड़े राज्यों में जाना पड़ता था, लेकिन सिर्फ 7 सालों में सरला बिरला विश्वविद्यालय अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली के माध्यम से देश के उच्च शिक्षा संस्थानों की सूची में शुमार हो चुका है। अब झारखंड और आसपास के राज्यों के छात्राओं को उच्च और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर जाने की जरूरत नही पड़ती। झारखंड के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण और समग्र शिक्षा देने के उद्देश्य से वर्ष 2017 में स्थापित सरला बिरला विश्वविद्यालय ने अपने 7 गौरवशाली वर्ष पूरे कर लिए हैं। अब यह विश्वविद्यालय अपने 8वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, और इस अल्प समय में इसने देशभर के विद्यार्थियों एवं परिजनों का विश्वास अर्जित किया है।



## छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को तराशने के उद्देश्य से सरला बिरला विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी: प्रदीप वर्मा



कार्यक्रम में अपने संबोधन में राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने बिरला परिवार की समृद्ध विरासत का उल्लेख करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान की चर्चा की। विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस का जिक्र करते हुए उन्होंने इसे संस्थान की निरंतर प्रगति का द्योतक बताया। साथ ही व्यक्ति, परिवार, समाज और कार्य क्षेत्र की एकात्मकता की बात करते हुए उन्होंने संस्थान की नींव मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड के छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को तराशने और उन्हें अपने ही राज्य में उच्चस्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरला बिरला विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी थी। यह विश्वविद्यालय राज्य के उन हजारों छात्रों के लिए आशा की किरण बना है, जो पहले कर्नाटक, ओड़िशा, महाराष्ट्र या दिल्ली जैसे राज्यों में शिक्षा लेने को विवश थे। उन्होंने बताया कि विगत सात वर्षों में विश्वविद्यालय ने छह हजार से अधिक छात्रों का विश्वास जीतने में सफलता प्राप्त की है। डॉ वर्मा ने बताया कि अब झारखंड ही नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्यों से भी छात्र सरला बिड़ला विश्वविद्यालय को अपनी प्रथम पसंद के रूप में चुन रहे हैं। छात्र अब इस विश्वविद्यालय को एक सशक्त और गुणवत्तायुक्त शिक्षा का केंद्र मानते हैं, जहां उन्हें न सिर्फ आधुनिक शिक्षा दी जाती है, बल्कि करियर के लिए मार्गदर्शन और अवसर भी दिये जाते हैं।

वर्ण 2017 में स्थापित सरला बिरला विश्वविद्यालय ने इस वर्ष अपनी स्थापना का 8 वर्षों का सफर पूरा किया है। इस अल्पावधि में विश्वविद्यालय ने कई अहम मुकाम हासिल किये हैं। 60 एकड़ के परिसर में फैले विश्वविद्यालय कैंपस में हॉस्टल का संचालन भी किया जाता है। फिलहाल संस्थान में 5000 से भी ज्यादा विद्यार्थी 65 प्रोग्राम में अध्ययनरत हैं। इनके मार्गदर्शन के लिए 200 से भी अधिक फैकेल्टी कार्यरत हैं।

**एसबीयू में स्थापना दिवस की धूम :** सरला बिरला विश्वविद्यालय में मंगलवार को संस्थान का आठवां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम परिसर के प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर सरला देवी बिरला और बसंत कुमार बिरला के चित्र पर पुष्पार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।

कार्यक्रम में वर्ष 2024-25 के विभिन्न संकायों के टॉपर्स को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसबीयू के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। स्थापना दिवस के अवसर पर विवि के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं कुलसचिव प्रो श्रीधर डांडिन ने विवि परिवार के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान ने विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।

## स्थानीय शिक्षा को बढ़ावा और प्रतिभा पलायन पर विराम

राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि सरला बिड़ला विश्वविद्यालय की स्थापना से न केवल झारखंड के छात्रों को अपने घर के पास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिली है, बल्कि यह संस्थान राज्य से बाहर होने वाले प्रतिभा पलायन को भी रोकने में सहायक रहा है। झारखंड के छात्र अब राज्य के भीतर ही सरला बिड़ला विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों में शिक्षा पाकर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। यह राज्य की सामाजिक और आर्थिक प्रगति के लिए भी महत्वपूर्ण है। वर्तमान में विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में लगातार नए मानक स्थापित कर रहा है। डॉ वर्मा बताया कि आने वाले वर्षों में यह संस्थान झारखंड ही नहीं, देश के शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों में अपनी पहचान बनायेगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** पारिवारिक सुख मध्यम रहेगा, परिश्रम से रूका हुआ काम पूरा होगा, आर्थिक लाभ।

**वृष** अत्यधिक कर्म व्यस्तता रहेगी,नौकरी में बदलाव होगा, आनन्द से भरा दिन रहेगा।

**मिथुन** नया परिचय क्षेत्र मिलेगा,शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, आनंद से भरा दिन रहेगा।

**कर्क** आजीविका संबंधी प्रयत्न में सफलता मिलेगी, यात्रा करनी पड़ सकती है।

**सिंह** अनावश्यक विपदाएं आकर भी टल जायेंगी, नौकरी में बदलाव होगा।

**कन्या** स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, पुराना विवाद हल होगा, धन की स्थिति अच्छी होगी।

**तुला** कर्मक्षेत्र में सहयोगियों के साथ विकास का मार्ग मिलेगा.विवाह-प्रेम संबंधी मामले हल होंगे।

**वृश्चिक** नौकरी और व्यापार में सफलता मिलेगी, कोई पुराना समस्या हल होगी।

**धनु** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी।

**मकर** दिन-भर भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है, संतान संबंधी समस्या का हल होगा।

**कुंभ** सेहत को लेकर चिंता होगी, जीवन साथी से अनबन होगा,पैसे का नुकसान हो सकता है।

**मीन** प्रेम संबंधी परेशानी हो सकती है, कोई नया काम करने से नुकसान होगा, यात्रा करनी पड़ सकती है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

भाकृअनुप केन्द्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-CENTRAL RICE RESEARCH INSTITUTE
Cuttack (Odisha) 753 006, India
Ph.: +91-671-2367757/67, EPBX: +91-671-2367768-783,
Fax : +91-671-2367663, e-mail: director.nrri@icar.gov.in,
crrictc@nic.in, URL : http//www.nrri.icar.in

विज्ञापन संख्या/ADVERTISEMENT No.-29/YP-I/2025-26 दिनांक/Date : 23.09.2025

साक्षात्कार हेतु सुचना /Notice for Walk-in-Interview

प्रधान अन्वेषक, ईएपी-459 योजना के तहत सभी योग्य उम्मीदवारों को एक (01) यंग प्रोफेशनल-I के चयन हेतु को भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं, कटक, ओडीशा में प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु आमंत्रित करते हैं । अधिक जानकारी के लिए कृपया भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं की वेबसाइट https//icar-nrri.in/walk-in-interview-3/ पर जाएं ।

P.I. of the project EAP-459 invites all the eligible candidates for Walk-in-Interview for the post of One (01) Young Professional-I (YP-I) at ICAR-CRRI, Cuttack, Odisha. For further details please visit to ICAR-CRRI, Website : https//icar-nrri.in/walk-in-interview-3/.

प्रधान अन्वेषक/PRINCIPAL INVESTIGATOR

## मां चंद्रघंटा



चंद्रमा हमारे मन का प्रतीक है। मन का अपना ही उतार चढ़ाव लगा रहता है। प्राय: हम अपने मन से ही उलझते रहते हैं - सभी नकारात्मक विचार हमारे मन में आते हैं, ईर्ष्या आती है, घृणा आती है और आप उनसे छुटकारा पाने के लिए और अपने मन को स्वच्छ करने के लिए संघर्ष करते हैं। इससे कुछ नहीं होने वाला। आप अपने मन से छुटकारा नहीं पा सकते। आप कहीं भी भाग जाएँ, चाहे हिमालय पर ही क्यों न भाग जायें, आपका मन आपके साथ ही भागेगा। यह आपकी छाया समान है। जैसे ही हमारे मन में नकरात्मक भाव व विचार आते हैं, तो हम निरुत्साहित और अशांत महसूस करते हैं। हम विभिन्न तरीकों से इनसे पीछा छुड़ाने की कोशिश करते हैं, पर यह मात्र कुछ समय के लिए ही काम करता है। कुछ समय पश्चात वही विचार फिर हमें घेर लेते हैं और वापस वहीं पहुंच जाते हैं, जहां से हमने शुरुआत की थी। अत: इन विचारों से पीछा छुड़ाने के संघर्ष में न फंसे।

### मां चंद्रघंटा की पूजा में कौन से मंत्र का जाप करें?

*ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चन्द्रघंटायै नमः मंत्र के जप से आप मां दुर्गा के तीसरे स्वरुप मां चंद्रघंटा का आवाहन कर सकते हैं ।*

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की पुलिस अफसरों ने







मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को उनके आवासीय कार्यालय में रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी ) राकेश रंजन, नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) पारस राणा और यातायात पुलिस अधीक्षक (ट्रैफिक एसपी) राकेश सिंह ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

# रामगढ़ की दुर्गा पूजा : आस्था, परंपरा और सामुदायिक सद्भाव का अनूठा संगम

**बीरू कुमार**

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले में दुर्गा पूजा का एक लंबा और समृद्ध इतिहास है, जिसमें कई पुराने मंदिर और पारंपरिक पूजा समितियां शामिल हैं। यहां दुर्गा पूजा की कुछ प्रमुख ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विशेषताएं हैं।

रामगढ़ में दुर्गा पूजा की शुरुआत अंग्रेजों के शासनकाल में हुई थी, जब यहां के राजा, जमींदार और व्यापारी इस उत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाते थे। उस समय यह पूजा केवल कुछ ही परिवारों तक सीमित थी, लेकिन धीरे-धीरे यह सार्वजनिक पूजा में बदल गयी। पुराने समय में इस पूजा को केवल धार्मिक अनुष्ठान के रूप में ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए भी मनाया जाता था। रामगढ़ में दुर्गा पूजा के दौरान कुछ खास परंपराएं और रिवाज अपनाये जाते हैं जो इसे और भी अनूठा बनाते हैं। रामगढ़ में दुर्गा माता की प्रतिमा बनाने के लिए कारीगर कई महीनों पहले से ही काम शुरू कर देते हैं। ये



प्रतिमाएं पारंपरिक रूप से मिट्टी और पुआल से बनायी जाती हैं और इन्हें बहुत ही कलात्मक ढंग से सजाया जाता है।

**षष्ठी से लेकर विजया दशमी तक का उत्सव :** दुर्गा पूजा का उत्सव षष्ठी के दिन से शुरू होता है। इस दिन माता की प्रतिमा का अनावरण किया जाता है और कथा, चंडी पाठ और पूजा जैसे धार्मिक अनुष्ठान शुरू होते हैं। रामगढ़ में कई पूजा पंडाल बनाये जाते हैं, जो अक्सर अलग-अलग थीम पर आधारित होते हैं। इन पंडालों को बहुत ही खूबसूरती से सजाया जाता है और इनमें लाइटिंग का खास इंतजाम होता है। इसके अलावा पूजा के दौरान रामगढ़ में कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम, जैसे छऊ नृत्य, लोकगीत, और नाटक आयोजित किये जाते हैं। ये कार्यक्रम स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को दर्शाते हैं।

**सिंदूर खेला भी रहता है आकर्षण का केंद्र :** विजया दशमी के दिन, पूजा संपन्न होने के बाद, विवाहित महिलाएं सिंदूर



खेला में हिस्सा लेती हैं। वे एक-दूसरे को और माता को सिंदूर लगाती हैं, जो सौभाग्य और खुशी का प्रतीक माना जाता है।

विजया दशमी को दुर्गा माता की प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। रामगढ़ में प्रतिमाओं को पास की नदियों या तालाबों में विसर्जित किया जाता है। इस दौरान भक्त माता को अगले साल फिर से आने का निमंत्रण देते हैं। रामगढ़ में दुर्गा पूजा का त्योहार न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह यहां की कला, संस्कृति और परंपरा को भी दिखाता है। यह पर्व लोगों को एक साथ लाता है और समाज में एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है।

**कुजू का प्राचीन मंदिर जो है खास :** इसी तरह, कुजू बस्ती के प्राचीन शिव मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा का इतिहास 120 साल पुराना बताया जाता है, जिसकी शुरूआत बहुत साधारण तरीके से हुई थी और आज यह एक भव्य मंदिर का रूप ले चुका है। सबसे खास बात यह है कि मंदिर मस्जिद एक साथ है, दोनों का फैसला केवल बीच में एक मकान है। यहां एक साथ मंदिर का घंटी और अजान फिजाओं में भाईचारगी का संदेश देता है। रामगढ़ में दुर्गा पूजा कुछ अनोखी परंपराओं के लिए भी जानी जाती है। रामगढ़ के गोला के एक मंदिर में दुर्गा पूजा सामान्य 10 दिनों की बजाय पूरे 13 दिनों तक होती है और प्रतिमा का विसर्जन दशमी के बजाय त्रयोदशी को किया जाता है।

**मांडू में डाक चढ़ाने की परंपरा :** मांडू बस्ती में स्थित दुर्गा मंदिर में 'डाक' चढ़ाने के लिए भक्तों को 15 साल तक इंतजार करना पड़ता है। यह परंपरा मंदिर की स्थापना के समय से चली आ रही है।पारंपरिक पूजा के अलावा, आधुनिक रामगढ़ में दुर्गा पूजा पंडाल भी काफी भव्य और थीम-आधारित होते हैं। पूजा समितियां हर साल नये और आकर्षक विषयों पर पंडाल बनाती हैं। कुछ साल पहले, वेटिकन सिटी स्थित सेंट पीटर बेसिलिका, अक्षरधाम मंदिर, और दुबई के राम मंदिर की थीम पर पंडाल बनाये गये थे।

## दुर्गा पूजा मुख्य आकर्षण का केंद्र है घुटुआ मेला

रामगढ़ में दुर्गा पूजा मुख्य आकर्षण का केंद्र है घुटुआ मेला है। रामगढ़ में दुर्गा पूजा के दौरान बरकाकाना घुटुआ में मेला का आधुनिक और भव्य आयोजन होता है। जिसमें हर साल नये-नये पंडाल और सजावट की थीम होती है।

**बरकाकाना दुर्गा पूजा मेला की विशेषताएं :** घुटुआ मेले में दुर्गा पूजा का मुख्य आकर्षण इसके भव्य और कलात्मक पंडाल होते हैं। हर साल पूजा समितियां अलग-अलग थीम पर पंडाल बनाती हैं। ये पंडाल अक्सर प्रसिद्ध मंदिरों, ऐतिहासिक इमारतों या किसी विशेष विषय पर आधारित होते हैं, जो भक्तों और पर्यटकों को बहुत आकर्षित करते हैं। यहां का दुर्गा पूजा पंडाल अपनी भव्यता और सजावट के लिए पूरे जिले में जाना जाता है। यहां पर विद्युत सज्जा (लाइटिंग) का विशेष ध्यान रखा जाता है, जो रात के समय पूरे इलाके को रोशन कर देती है। दुर्गा पूजा के दौरान यहां एक विशाल मेला लगता है, जिसमें बच्चों के लिए झूले, खाने-पीने के स्टॉल और विभिन्न प्रकार की दुकानें होती हैं। यह मेला पूरे शहर के लिए एक उत्सव का माहौल बनाता है। पूजा के दौरान कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम, जैसे भक्ति संगीत, लोक नृत्य और नाटक का आयोजन होता है, जो स्थानीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देता है। घुटुआ मेला। सामुदायिक एकता की मिसाल है। यह मेला और पूजा लोगों को एक साथ आने का मौका देता है। विभिन्न समुदायों के लोग मिलकर इस उत्सव में भाग लेते हैं, जो सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक है। यह दुर्गा पूजा मेला मुख्य रूप से अपनी भव्यता, कलात्मक पंडाल, विशाल मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए प्रसिद्ध है, जबकि घुटुआ मेला अपनी ऐतिहासिक और पारंपरिक विशेषताओं के लिए जाना जाता है।






# अध्यक्ष विकास दास ने किया कोकर दुर्गा पूजा कमेटी का विस्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कोकर दुर्गा पूजा कमेटी की मंगलवार को हुई बैठक में दुर्गोत्सव की तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही इसके सफल आयोजन को लेकर अध्यक्ष विकास दास ने कमेटी का विस्तार किया। विकास ने कहा कि पूजा को सफल बनाने की सब की जिम्मेवारी है। तन-मन और धन से समर्पित होकर माँ भवानी के पूजनोत्सव में भागीदारी निभाएं।

## कमेटी में किये गये शामिल

मुख्य संयोजक - राजू राम, संतोष महतो, मुख्य संरक्षक - दुर्गा दास, संजय राय, रमेश सिंह, पंकज लाल दास, संजय पाटिल, विजय पाठक, उमेश राय, दीपक प्रताप देव, संजीव विजयवर्गीय,रंजन पासवान, प्रिय रंजन सहाय, वरीय प्रधान महासचिव - कुशवाहा ललित महतो, सूरज कुमार पासवान,प्रधान महासचिव -दीपू पासवान, अमित राज, कोर कमेटी - युवराज पासवान, रोहित रंजन, नवीन सिंह, जयप्रकाश पासवान, महेश प्रसाद,महेश साहनी, दीपू पासवान, जयप्रकाश वर्मा, अविनिश सिंह मुकुल, अनुज पासवान, सुशील केसरी, रवि शेखर चौबे, अर्जुन यादव, अजय भगत , अमरनाथ सरकार, नितेश वर्मा, सूरज कुमार सिंह मिक्की,बंटी पासवान,छोटू पासवान, संतोष अग्रवाल, रंजन वर्मा, तुषार विजयवर्गीय, आनंद साहू, तुलसी वर्मा, अतानु बनर्जी (एडवोकेट), आशीष वर्मा, सोनू उरांव, अशोक सिंह उर्फ अमीन, अंशु चौधरी, संरक्षक -शनिचरवा उरांव, संजय तिर्की, प्रकाश भगत, केदार पासवान,वशिष्ठ लाल पासवान, लोकेश खलखो, संतोष प्रसाद, कन्हैया प्रसाद, जगदेव महतो, मनोज राम, सुनील पासवान, राजा पासवान, रौशन लाल पासवान, सुनील यादव, शुभम मुंडा, विजय मुंडा महावीर लकड़ा, विकास सिंह उर्फ शमी, वीरेंद्र प्रसाद, रंजू लकड़ा, साधन मुंडा, कैलाश राम, सुधांशु कुमार राम, सतीश दास, पाबो उरांव, सतीश महतो, महावीर मिर्धा, रघु महतो, विकास विजयवर्गीय, रमेश दास, जयप्रकाश भल्ला, राजेश्वर राम, अनिल अग्रवाल, गौतम चैटर्जी, कुंदन ठाकुर, गुड्डू अग्रवाल, संतोष मांझी, संतलाल





विकास दास (दीपक)।

भगत, ज्ञानेंद्र कुमार, उत्तम दुबे, चुन्नू सिंह, अजय अग्रवाल, माणिक चंद्र ठाकुर, मोहन महतो, संयोजक - संजय राम, सह संयोजक - सूरज शर्मा, केके वर्मा, मोनू मंजय,सन्नी पासवान, दीपक उरांव, प्रवीण कुमार साहू, अभिषेक कुमार, आशीष रंजन, वरीय कार्यकारी अध्यक्ष - धर्मेंद्र राम , प्रवीण पासवान, प्रकाश राम, सागर पासवान, गणेश पासवान, विष्णु राम, डब्बी, प्रकाश कुजूर, दीपक राय, सोनू कुमार सोनी, आदित्य कुमार - कार्यकारी अध्यक्ष कुणाल कुमार , शुभम कुमार, गुड्डू कुमार, संगठन मंत्री-सूरज सिंह , धीरज शर्मा , गौरव रंजन, महामंत्री - रूपेश पासवान, प्रेमचंद पासवान, वरीय उपाध्यक्ष - प्रमोद दास, बबलू कुमार,पप्पू लोहरा,आनंद कुमार चुन्नू , दिलीप समदृष्टि, राकेश सिंह, कुमार कौशल गांधी, विक्की सिंह प्रिंस, अमित कुमार चौरसिया, विकाश सिंह रिंकल, पिंटू पासवान, पंकज लाल, नितेंद्र बसु, सूरज दास, विशाल पासवान, अविनाश राउत, बबलू राव, नवीन वर्मा, दीपक पासवान,उमेश कुमार सिंटू, अविनाश राज, बंकिम दास, टॉमसन तिर्की, मुकेश राम, मुकेश कुमार सिंह, संतोष कुमार, रामबाबू यादव, शिवराम छोटू, अमित कुमार घोष, विक्रम वर्मा, रौशन पासवान, मुकेश सोनी, पवन अग्रवाल, निरंजन शर्मा, राजकुमार, रौनक महर्षि, संतोष कुमार, चेतन अग्रवाल, सौरभ राय चौधरी, रोहित कुमार, संदीप कुमार, दीपक कुमार, पवन सिंह, रवि कुमार, श्रवण शर्मा, विपिन कुमार, अभिनीत शर्मा, उपाध्यक्ष - सूरज राम, सागर राम, विक्रांत राम, अमन राज, अंकित सोनी, आकाश विद्यार्थी, निखिल कुमार, सन्नी राज, राहुल पासवान, गोलू शर्मा चंदन, सौरभ सिंह, ऋषि थापा, अमर कुमार गुप्ता ,रोहित सिंह शुभम, अंशु कुमार, सागर कुमार, बंटी राज, आशीष कुमार, पीतांबर कुमार, बिट्टू शर्मा, टिंकू राम, मनोहर राम, विकास सोनी, प्रदीप राय, शुभमं बिट्टू, प्रिंस पांडे, प्रसून कुमार, प्रिंस गोलू , प्रिंस सिंहा, आदित्य कुमार, कृष्ण कुमार, मनीष दास, मोनू दास, राज दास, , राही कुमार, सौरव कुमार, रोहित कुमार, गौरव कुमार, रोहित कुमार, बिट्टू , शुलभ सिंह, अमन कुमार, आकाश पासवान, आयुष कुमार, राजा कुमार, हेमंत पांडे, अभिषेक कुमार, अभिनव सिंह बल्ली,महासचिव सुशील विश्वकर्मा , रणजीत सिंह, गुड्डू सोनी, धनंजय भगत,सुभाष अग्रवाल, सरगम चटर्जी, सन मून चटर्जी, नकुल राम, आनंद राम, चंदन राय , बाबला राम, संतोष राम, राजेश पासवान, नंदू राम, वसंत राम, आशीष राम, सतीश भारती, संदीप राम, राजा पासवान, दीपक पासवान, दिलीप सिंह, कुंदन राय, रिंकू दास, सूरज दास, बबलू राम उर्फ फंटूश, विनोद रजक, अरविंद सिंह, राकेश सिंह, अमित पासवान,शिव पासवान, राजकुमार पासवान, अरुण राम, सचिव -अभिषेक वर्णवाल,सह सचिव - रोहित लकड़ा, शुभम ठाकुर ,नेहाल, सौरभ कुमार, बिट्टू कुमार, सौरभ राम, अमन कुमार, मंटू स्वांशी, विनोद लकड़ा, संजय पासवान, विवेक जायसवाल, चंदन पासवान, विक्रम पासवान, अरविंद पासवान, नीरज कुमार, कैलाश पंडित, सुमित सिंह, रोहित सिंह, सूरज चौधरी, सोनू चौधरी, रतन शाह, छोटू पंडित, कमलेश यादव, मनोज प्रसाद, निशांत कृष्णा, मयंक पाठक, चंदन शर्मा, आकाश सिंह, अमित सिंह, बिट्टू सिंह, क्षितिक पासवान,हर्ष पासवान,यश वर्मा ,रितेश पासवान,परिषांशु पासवान,अंकित पांडे,अनिकेत पासवान,कोषाध्यक्ष - विशाल कुमार राम, सह कोषाध्यक्ष -प्रेम पांडे, मीडिया प्रभारी -दिलीप वर्मा, मनोरंजन सिंह, दिलीप सिंह, शिवराम उर्फ छोटू, रोहित सिंह, रुद्र रंजीत,भोग प्रभारी -किशन पासवान,विद्युत सज्जा प्रभारी - मनोज पोद्दार, पूजा प्रभारी -बालेश्वर पासवान मुन्ना, मृत्युंजय कुमार, महिला सदस्य - मीना देवी, मंजू देवी, रना देवी, बीणा देवी, रीना देवी, जया चक्रवर्ती, रंजू देवी, पूनम देवी, रेणु कुमारी, रंजू देवी , अनमोल, सुनीता माझी, देवंती देवी, मोनिका कुमारी, कविता सिंह, अंजली देवी, फूल कुमारी, अंशु कुमारी, अंजलि गोस्वामी, बेबी गाड़ी, राधा देवी, अर्चना शर्मा, सदस्य - विनोद शर्मा, चंदन शर्मा, , आकाश कुमार, दिनेश कुमार, सोनी पंकज कुमार वीर, जितेश यादव, सूरज कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, विशाल चौधरी, नकुल पासवान, विशाल कुमार साहू, हर्ष पासवान, नितेश पासवान, रवि पासवान, देव कुमार पासवान, मंगल तिवारी, हिमांशु राय, दुर्गेश झा, पंचम आनंद, मणिकांत पाठक, अभिजीत यादव, समीर सिंह, मनीष कुमार पांडे, अमित कुमार राम, बंटी, अरविंद कुमार पांडे, प्रवीण कुमार पांडे,सह विद्युत साझा प्रभारी - संगम कुमार, ऋषभ कुमार, कामेश्वर कुमार, अंकित कुमार, सूर्य कुमार, यश कुमार, वी छोटू कुमार, शंकर कुमार, विवेक आर्य, सुजल, अमन, लक्की, आकाश, सोहन, विष्णु, कुलदीप, वीर, हर्षित पासवान, पीयूष कुमार कमेटी में शामिल किये गये।

# सीएमपीडीआइ में स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान की हुई शुरुआत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीएमपीडीआइ ने मंगलवार को कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाने के साथ स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान की शुरुआत की। इस वर्ष, यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025 तक स्वच्छोत्सव-स्वच्छ और हरित उत्सव और शून्य-अपशिष्ट सामुदायिक समारोहों पर केंद्रित थीम के साथ मनाया जा रहा है। स्वच्छ भारत दिवस (2 अक्टूबर-महात्मा गांधीजी जयंती) की प्रस्तावना के रूप में, स्वैच्छिकता को मजबूत करने और स्वच्छ भारत के लिए व्यापक नागरिक कार्रवाई को संगठित करने के लिए, 2017 से स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान मनाया जा रहा है।



सीएमपीडीआइ ने अपने परिसर स्थित डिस्पेंसरी में सामुदायिक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया ताकि स्वच्छ परिवेश बनाए रखने में सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर बल दिया जा सके। साथ ही, सफाई मित्रों के लिए एक स्वास्थ्य जागरूकता और रक्त परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया, जो निवारक स्वास्थ्य सेवा सहायता प्रदान करके और पोषण एवं स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाकर सफाई मित्रों के कल्याण के प्रति सीएमपीडीआई की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अभियान अवधि के दौरान, सीएमपीडीआई स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण अभियान आदि और जागरूकता अभियान आयोजित करेगा।

# नीरजा सहाय डीएवी में शिक्षकों के लिए हार्टफुलनेस कार्यक्रम का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में आज दिनांक 23/09/2025 को शिक्षकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय हार्टफुलनेस कार्यक्रम का समापन किया गया। आज के सत्र में मन - मस्तिष्क पर व्याप्त चिंताओं की कालिमा को मूल से नष्ट करने और अपनी आंतरिक शक्ति को समझ कर तदनुसार ढालने की प्रक्रिया को हार्टफुलनेस सोसायटी के वॉलंटियर्स के द्वारा शिक्षकों को सिखाई गयी। ज्ञातव्य है कि यह हार्टफुलनेस सोसायटी विश्व स्तरीय संस्था है जो मानसिक स्वास्थ्य पर काम करती है। इस संस्था से शीला सिंह पूर्व शिक्षिका डीएवी ललपनिया, संजय कुमार सिंह पूर्व महाप्रबंधक एन सी एल सिंगरौली, एस के सिंह पूर्व उप महाप्रबंधक टी



टी पी एस ललपनिया, उमेश सिंह पूर्व महाप्रबंधक एन सी एल ने विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से मस्तिष्क को क्रियाशील बनाने एवं उसकी क्रियाशीलता को बढ़ाने की प्रक्रियाएं साझा कीं। शांति, सचेतन मन को आंतरिक शक्ति का एवं मन की शांति के लिए आवश्यक आध्यात्मिक विधि के माध्यम से मस्तिष्क की विश्रांति एवं पुनर्नवीकरण की प्रक्रिया का अभ्यास भी करवाया।

इस अवसर पर प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि आज के तनावपूर्ण एवं प्रतिस्पर्धी समय में इस प्रकार के कार्यक्रमों से हमारे मन को आंतरिक शक्ति का आभास होता है और हम अपने कार्यक्षेत्र एवं परिवार समेत अन्य क्षेत्रों में बेहतर तालमेल स्थापित कर पाते हैं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने अधिकारियों के साथ की बैठक




हाजीपुर (आजाद सिपाही)। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मंगलवार को मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक के दौरान मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। बैठक में संरक्षा, सुरक्षा, ट्रेनों के समय पालन, मानसून के दौरान उठाये जाने वाले एहतियाती सावधानियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उठाये गये बिंदुओं पर भी गहन चर्चा हुई। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में चल रहे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य एवं विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की मॉनिटरिंग के साथ-साथ उसमें तेजी लाने पर महाप्रबंधक ने विशेष रूप से बल दिया।

### सुजाता चौक के समीप हृदयम हार्ट केयर सेंटर का शुभारंभ



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के सुजाता चौक के समीप सलूजा टावर में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ धनंजय कुमार ने एक अत्याधुनिक क्लिनिक हृदयम कार्डियक केयर सेंटर का शुभारंभ किया। मंगलवार को रामराज सिंह ने फीता काटकर सेंटर का उद्घाटन किया। डॉ धनंजय कुमार ने बताया कि इस क्लीनिक में अत्याधुनिक मशीनों से हृदय रोग का इलाज होगा। क्लीनिक में इसीजी, इको, टीएमटी और अन्य जरूरी मशीनों को भी लगाया गया है। शहर के बीचोबीच होने से लोगों को जांच कराने में सुविधा होगी। इस मौके पर एडीजी प्रिया दुबे, एसएसपी राकेश रंजन, आईएस आदित्य, पूर्व चेम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री, डॉ अनल सिन्हा, डीके सिंह, नरेंद्र कुमार, नितेश शारदा, मोइज अख्तर भोलू, मंटून कुमार, कांग्रेस नेता दीपक ओझा आदि मौजूद थे।

### देवी दर्शन वैष्णव धाम में मां ब्रह्मचारणी का पूजन



रांची (आजाद सिपाही)। श्रीवैष्णवी शिवराम सेवा संस्थान के तत्वाधान में माता वैष्णवी के पावन देवी-दर्शन वैष्णो धाम में मंगलवार को प्रातः 8 बजे से मंडप पूजन, देवी भागवत पारायण पश्चात संकल्पकताओं द्वारा सामूहिक कलशों की पूजा अर्चना के बाद आरती की गयी। आचार्य सतीश चंद्र मिश्रा ने भक्तों को बताया कि माता ब्रह्मचारिणी के आहवाहन से मनुष्य में तप, त्याग, सदाचार एवं संयम की वृद्धि होती है। देवी-दर्शन महायज्ञ महोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ रंजीत कुमार सपती डॉ वंदना कुमारी ने सभी संकल्पकर्ता श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों को दूसरे दिन के पूजा में सहभागी होने के लिए धन्यवाद दिया।

# सीएमपीडीआइ ने भारत सेवाश्रम संघ के लिए एंबुलेंस को हरी झंडी दिखायी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीएमपीडीआइ ने अपने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत ग्रामीण समुदायों तक स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को मजबूत करने के लिए भारत सेवाश्रम संघ को एक एम्बुलेंस सौंपी है। सीएमपीडीआइ ने आज एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सीएमपीडीआइ के मानव संसाधन विकास/सीएसआर विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ भारत सेवाश्रम संघ के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। यह एंबुलेंस मोबाइल मेडिकल यूनिट चिकित्सा शिविरों के आयोजन में सहायता प्रदान करेगी। इससे महत्वपूर्ण आपातकालीन सेवाएं प्रदान की जाएगी तथा रांची के आसपास के दूरदराज एवं सुदूरवर्ती गांवों/इलाकों में निवास करने वाले लोगों की तत्काल स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगी।

# नृत्य नाटिका देख मेकन हॉल के लोग



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मेकन कम्युनिटी हॉल में माता के आगमण को लेकर महिषासुरमर्दिनी का खास आयोजन किया गया। उपस्थित लोग उस समय झूम उठे जब आदि शक्ति पर आधारित पौराणिक कथा को जीवंत करती नृत्य का सुंदर मंचन कलाकारो की ओर से किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लालपुर के उदित डांस स्कूल की प्रस्तुति रही। कार्यक्रम मजलिस देवी पक्ष के भव्य स्वागत के लिए संगीत संध्या का आयोजन किया था। देवी दुर्गा के गीत से शुरुआत हुई, जिसे अपस्पा चौधरी ने गाया। समूह नृत्य में देवी की भूमिका में नुपुर निखार की प्रस्तुति सराहनीय रही, वहीं विभूति नारसरिया, आयुषी विश्वकर्मा, प्रियदर्शनी सेन, शरण्या बनर्जी, दिशा, अम्बीका काली मां की भूमिका में निशिका मानवी और दुर्गा की भूमिका श्रेया चौधरी थीं। नुपुर निखार एंड ग्रुप की प्रस्तुति की सराहना हुई।

# वाइबीएन विश्वविद्यालय में 'विकसित भारत यूथ कनेक्ट' कार्यक्रम का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वाइबीएन विश्वविद्यालय में 23 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विंग के तत्वाधान में 'विकसित भारत यूथ कनेक्ट' कार्यक्रम का आयोजन। यह कार्यक्रम युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे युवा आइकन आर्यन एवं विवेक कुमार, जिन्होंने अपने विचारों और अनुभवों से विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। उनके प्रेरणादायक संदेश से युवा वर्ग में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को बल मिला। इस अवसर पर विवि के प्रो-चांसलर रामजी यादव ने अपने प्रेरणादायी शब्दों से युवाओं को देश के प्रति उनके कर्तव्यों की याद दिलाई। वहीं, वाइस-चांसलर डॉ. एस. पोद्दार ने युवाओं को मेड इन इंडिया से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार द्वारा प्रस्तुत वोट ऑफ थैंक्स के साथ हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, छात्रों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी रही।

# एडीएम संग श्रीदुर्गापूजा महासमिति युवा दस्ता का बैठक सह वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

**ताल-मेल बैठा कर प्रशासन का करें सहयोग : आलोक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दुर्गोत्सव को शांतिपूर्ण और सौहार्द रूप से संपन्न कराने में युवा दस्ता का महत्वपूर्ण योगदान हमेशा से रहा है। इस बार भी खास तैयारी है। दस्ता दर्शनार्थियों को हरसंभव सहयोग देने और प्रशासन के साथ ताल-मेल बैठा कर योगदान देने को तैयार है। मां के पूजनोत्सव को सफल बनाने और दस्ता की भूमिका को लेकर मंगलवार को प्रेस क्लब में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सह बैठक हुई। इसमें दस्ता के पदाधिकारी और प्रभारी सदस्यों के साथ एडीएम लॉ एंड आर्डर राजेश्वर नाथ आलोक और आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह ने मुख्य रूप से उपस्थिति दर्ज करायी। एडीएम ने कहा कि जोश में होश नहीं खोना है। पुलिस-प्रशासन और विभिन्न पूजा पंडालों के आयोजकों से ताल-मेल बैठा कर दर्शनार्थियों को हरसंभव सहयोग दें। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की जानकारी होने पर प्रशासन को सूचित करें। युवा दस्ता के होने से प्रशासन को काफी मदद मिलती है। जितने ज्यादा सदस्य होते हैं, उतने हाथ और आंख प्रशासन को सहज रूप में मिल जाता है।

राकेश सिंह ने कहा कि पूजनोत्सव के भीड़-भाड़ में



महिलाओं और बच्चों को काफी परेशानी होती है। कुछ ऐसी व्यवस्था बना कर सदस्य योगदान दें, जिससे माता और बच्चे सुरक्षित रहें। संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि सभी सदस्य पूजनोत्सव में चप्पे-चप्पे पर अनुशासन के साथ तैनात रहेंगे। दर्शनार्थियों की सेवा में किसी तरह की कमी न हो इसका खास ख्याल रखा जायेगा। अध्यक्षता कर रहे राजेश गुप्ता छोटू ने श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर तत्काल दस्ता के सदस्यों से संपर्क करें। समस्या का तत्काल निदान किया जायेगा। नवनीत पांडेय, टिंकू महतो, करण नायक और ज्योति शंकर साहू ने चुनरी ओढ़ा कर अतिथियों का स्वागत किया। पीयूष आनंद ने संचालन का कार्यभार संभाला। मंटू दुबे के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### मौन रख कर दी गयी स्वर्गीय हरिनारायण सिंह को श्रद्धांजलि

युवा दस्ता के वार्षिक प्रशिक्षण सह बैठक के दौरान आजाद सिपाही के प्रधान संपादक स्वर्गीय हरिनारायण सिंह जी को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गयी। पदाधिकारियों ने दस्ता में उनके योगदान को याद कर उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया। मंटू दुबे ने कहा कि अभिभावक तुल्य हरि भैया की वह बात हमेशा याद रहती है, जब उन्होंने बीते साल दस्ता के कार्यक्रम के दौरान कहा था कि चरित्र और संस्कार जीवन की सफलता के लिए बहुत जरूरी है। युवाओं को इस बात को गांठ बांध कर अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए।

**प्रभारियों ने बतायी क्षेत्र की समस्या :** प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे क्षेत्रीय प्रभारियों ने अपने-अपने इलाकों से जुड़ी समस्याओं और कठिनाईयों से एडीएम लॉ एंड आर्डर राजेश्वर नाथ आलोक को अवगत कराया। कहा कि नवरात्र प्रारंभ हो गया है, लेकिन अब तक कई इलाकों में गड्ढे नहीं भरे गये हैं। स्ट्रीट लाईट कहीं जलता है, कहीं नहीं। इससे दर्शनार्थियों को काफी परेशानी होती है। साफ-सफाई का भी अभाव है। सदस्यों ने कहा कि पूजा के दौरान पूर्ण शराब बंदी होनी चाहिए। एडीएम ने सबकी सुनी और आश्वासन दिया कि इस दिशा में सार्थक कदम उठाये जायेंगे।

**खास तौर से लिया हिस्सा :** समाजसेवी रामधन बर्मन, शंकर दुबे, राजेश सिन्हा सनी, लंकेश सिंह , राज किशोर, प्रकाश चन्द्र सिन्हा सहित मनीष केसरी,डॉ ऐके लाल, विप्रतो गोस्वामी, अमन कुमार राम, अमित मिश्रा, कुलदीप राज महेंद्र, मनीष साहू, राजेश राम, सोनू पटवा, शुभम जैसवाल, रणधीर कुमार केसरी, आदर्श वर्मा, संतोष कुमार सोनी , दिव्यांशु खरे, अभिनव सिंह, विक्की कुमार, राज मिढ़ा, अमन राम, मुकेश पंडित, मुकेश पंडित, पंकज कुमार गोप, राजीव सिंह, प्रशांत कुमार साहू आदि ने इसमें खास तौर से हिस्सा लिया।





आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 24 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## महत्वपूर्ण खबरें

### रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति का प्रतिनिधिमंडल एसएसपी से मिला



रांची (आजाद सिपाही)। रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्य संयोजक डॉ. अजीत सहाय के नेतृत्व में मंगलवार को रांची के नवनियुक्त एसएसपी राकेश रंजन से मुलाकात की। उन्हें चुनरी और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. अजीत सहाय ने दुर्गा पूजा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी और आग्रह किया कि दुर्गा पूजा निमित जो भी सुविधाएं मिलती रही है। वह सभी सुविधायें इस वर्ष भी मुहैया कराया जाये। इसमें सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के साथ-साथ मूर्ति विसर्जन के लिए वाहनों की आवश्यकता प्रथम दृष्टया अति आवश्यक है, ताकि सभी पूजा आयोजक समय से विसर्जन शोभायात्रा संपन्न करा सकें। महानगर समिति द्वारा आग्रह पूर्वक आगामी दुर्गा पूजा की सफलता के लिए महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के प्रधान कार्यालय में रांची के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के सभी पूजा पंडाल के आयोजकों के साथ बैठक कर दुर्गा पूजा को एतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए आमंत्रित किया। महानगर समिति के अध्यक्ष प्रदीप रॉय बाबू ने प्रत्येक पूजा पंडाल में महिला पुलिस बल पर्याप्त संख्या में प्रतिनियुक्ति पर विशेष बल दिया। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के डॉ अजीत सहाय, श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष जयसिंह यादव, प्रदीप रॉय बाबू, राजन वर्मा, संजय मिनोचा, विनोद सिंह, रविंद्र वर्मा, सागर कुमार, संजय सिन्हा, गोपाल, राणा रंधीर, रमेश सिंह, अशोक यादव, अमरनाथ साहू, लखपति साव, समीर सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। उक्त जानकारी महानगर समिति के प्रदीप रॉय बाबू ने दी।

### डीएसपीएमयू में राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता और कार्यशाला आयोजित



रांची (आजाद सिपाही)।संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रव्यापी अभियान भारत के रंग, कला के संग के अंतर्गत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची में एक राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले सेवा पर्व कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा रहा। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय सेवा पर्व - विकसित भारत का दृष्टिकोण रहा, जिसमें देशभर से आए छात्रों और युवा कलाकारों ने सेवा, सांस्कृतिक विरासत और विकसित भारत की भावनाओं को अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यशाला में चित्रकला की तकनीकी और रचनात्मक विधाओं पर भी गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर पद्मश्री मुकुंद नायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और पद्मश्री महावीर नायक विशिष्ट अतिथि के रूप में। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ गीतांजलि सिंह (समन्वयक, प्रदर्शन कला विभाग, डीएसपीएमयू), डॉ कुमार संजय झा, (निदेशक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, आईएनजीसीए, रांची), और डॉ कमल बोस (प्रमुख, हिंदी विभाग, सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची) द्वारा किया गया। कार्यक्रम की सफलता में डीएसपीएमयू के प्रदर्शन कला विभाग के संकाय सदस्य सीआर हेम्ब्रम, दीपांकर कर्मकार एवं श्रीमती पुष्पा कुमारी की सराहनीय भूमिका रही।चित्रकला प्रतियोगिता और कार्यशाला में 70 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### आउटसोर्स कर्मियों की चेतावनी, मांगें पूरी नहीं हुई तो करेंगे ब्लैकआउट आंदोलन




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के अधीन कार्यरत लगभग 7000 मानव दिवस कर्मियों की उपेक्षा और शोषण को लेकर झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने निगम प्रबंधन को सख्त चेतावनी दी है। संघ ने कहा है कि यदि शीघ्र ही कर्मियों को बोनस भुगतान, बकाया वेतन निपटान और नियमितीकरण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाये गये, तो पूरे राज्य में विद्युत ब्लैकआउट आंदोलन चलाया जायेगा। संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आउटसोर्स कर्मी निगम के कार्यों की रीढ़ की हड्डी हैं, जो पूरे साल 365 दिन बिना अवकाश काम करते हैं। इसके बावजूद उन्हें न तो समय पर वेतन मिल रहा है और न ही बोनस का भुगतान किया जा रहा है। कई एरिया बोर्डों में महीनों से वेतन बकाया है, जिसके कारण हजारों परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच गये हैं।

### इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने रांची के नवनियुक्त एसएसपी का किया अभिनंदन



रांची (आजाद सिपाही)। पत्रकार हितों के संरक्षण के लिए समर्पित अखिल भारतीय संगठन इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन का अभिनंदन किया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष देवानंद सिन्हा ने एसएसपी राकेश रंजन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार नवल किशोर सिंह, संजीत कुमार दीपक, आइजेए के महासचिव रफी सामी, काजल कुमारी उपस्थित थे। वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने बातचीत में कहा कि अपराध नियंत्रण और बेहतर विधि-व्यवस्था उनकी प्राथमिकता है। विशेष कर पर्व-त्योहार के मौके पर विधि-व्यवस्था बनाये रखने की लोगों से उन्होंने अपील की। श्री रंजन ने कहा कि सभी पूजा पंडालों के पास पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाने का पूजा आयोजन समितियों को निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त सादे लिबास में भी सभी पूजा पंडालों पर महिला व पुरुष पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। किसी प्रकार की अप्रिय घटना से निबटने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा।

### भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता का बयान तथ्यों से परे है : लाल किशोर नाथ शाहदेव



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि झारखंड में रोजगार को लेकर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता का बयान पूरी तरह से सिर्फ एक राजनीतिक और सच्चाई तथा तथ्यों से परे हैं। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि यह बयान सरकार के प्रयासों को पूरी तरह से नजरअंदाज करता है और इसमें निष्पक्षता की कमी दिखती है। भाजपा नेता ने जो नियुक्ति पत्र बांटने का दावा किया गया है, वो एक अधूरी तस्वीर है। सच्चाई यह है कि कई विभागों में भर्ती प्रक्रियाएं चल रही है और उनके परिणाम अभी आने बाकी हों। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने रोजगार सृजन के लिए कई कदम उठाए हैं। विभिन्न विभागों में नई भर्तियों की अधिसूचना जारी की गई, नई नियमावली बना कर भर्ती प्रक्रियाओं को तेज करने का प्रयास किया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा प्रवक्ता ल्ली का यह बयान केवल सरकार की छवि खराब करने के लिए दिया गया है, जबकि सरकार रोजगार देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने पिछले कार्यकाल से ही नियुक्तियों की प्रक्रिया को तेज किया है। झारखंड लोक सेवा आयोग की जो भर्तियां कई सालों से रुकी हुई थीं, उन्हें हमारी सरकार ने पूरा कराया है। परीक्षा परिणाम घोषित हो चुके हैं, और नियुक्ति पत्र देने की प्रक्रिया में थोड़ा समय लगता है, जो एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया है। भाजपा इसे मुद्दा बना कर युवाओं को गुमराह कर रही है।

# 250 करोड़ दिये गये, त्योहारों से पहले सभी सड़कें दुरुस्त करें : सुनील कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नगर विकास एवं आवास विभाग तथा पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने सभी नगर निकायों को पथ निर्माण विभाग से तालमेल कर त्योहारों के पहले सभी सड़कों को दुरूस्त करने का निर्देष दिया है। कुमार ने मंगलवार को यह निर्देश वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये सभी नगर निकायों को दिया। उन्होंने सभी निकायों से एक एक कर बात भी की। प्रधान सचिव ने स्पष्ट रूप से कहा कि श्रद्धालुओं को तकलीफ नहीं होनी चाहिये। ऐसे उपाय किये जायें जिससे सरकार की छवि आम लोगों के बीच अच्छी बनें। प्रधान सचिव ने कहा कि सभी सड़कें उचित स्वरूप में रहने चाहिये। नगर निकास एवं पथ निर्माण विभाग के साथ मिलकर अभियान चलाकर सड़कों को मोटरेबल बनायें। इसके लिए राज्य की सभी सड़कों को दुरूस्त करने के लिए गैर योजना मद से 250 करोड़ रुपये कार्यपालक अभियंताओं को उपलब्ध करा दिये गये है। वर्षा के मौसम में कोल्ड बिटुमिन का उपयोग करते हुये सड़कें सुदृढ बनायी जायें । प्रधान सचिव ने कहा कि रांची के साथ ही सभी नगर निकायों में स्ट्रीट लाइट, फुटपाथ एवं सड़क का काम बेहतर एवं उच्च गुणवत्ता के साथ होना चाहिये। उन्होने कहा की रांची में सभी पूजा पंडालो तक पहुंच पथ को दुरुस्त किया जाये। इसके साथ ही डिवाइडर की पेंटिंग करायी जाये। सड़कों पर साइनेज एवं जेब्रा पेंटिंग भी होनी चाहिये। डिवाइडर पर लगे वृक्षों को बढिया आकृति दिया जाना चाहिये। कुमार ने कहा कि सिर्फ मुख्य मार्गों पर ही सफाई नहीं करायी जाये बल्कि शहर और सुदूरवर्ती इलकों की सड़कों पर विषेष ध्यान दिया जाये। प्रधान सचिव ने कहा कि सभी नगर निकाय सफाई के मामले में अपने स्तर को उंचा उठा सकते है। उन्होंने कहा कि छठ पूजा के लिए तालाबों, नदियों और जलाशयों के आसपास घाट बना कर उनकी सफाई सुनिश्चित करायी जाये। जल स्रोतों में डूब वाले क्षेत्र की वेरिकेटिंग भी करायें। दुर्गा पूजा के बाद विसर्जन होने जाने पर पूजा सामग्रियों और मूर्तियों के अवशेष का उचित ढंग से निस्तारण कराये जायें।


भाकृअनुप-केन्द्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक (ओडिशा)-753006, भारत
ICAR-CENTRAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK (ODISHA)-753006, INDIA

विज्ञापन संख्या / Advertisement No.: 30/YP-I/2025-26 दिनांक / Date: 23.09.2025

प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु सूचना / Notice for walk-in-Interview

प्रधान अन्वेषक, **ईएपी-460** योजना के तहत सभी योग्य उम्मीदवारों को एक (01) **यंग प्रोफेशनल-I** के चयन हेतु को भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., कटक, ओड़िशा में प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु आमंत्रित करते है। अधिक जानकारी के लिए कृपया भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., की वेबसाइट: **https://icar-crri.in/walk-in-interview-3/** पर जाएं।

P.I. of the project **EAP-460,** invites all the eligible candidates for walk-in-Interview for the post of One (01) **Young Professional-I (YP-I)** at ICAR-CRRI, Cuttack, Odisha. For further details please visit to ICAR-CRRI website: **https://icar-crri.in/walk-in-interview-3/.**

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR


## नारीशक्ति को बड़ा उपहार है 25 लाख नये उपभोक्ता को मुफ्त एलपीजी गैस सिलिंडर : बाबूलाल मरांडी



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया है। श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने नवरात्रि के पावन अवसर पर नारी शक्ति को एक बड़ी सौगात दी है। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 25 लाख नए एलपीजी कनेक्शन मुफ्त उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में एलपीजी गरीब परिवारों की पहुंच से बाहर थी। महिलाएं धुएँ से भरे चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर थीं, जिससे उन्हें गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उज्ज्वला योजना के माध्यम से अब तक 10 करोड़ से अधिक परिवारों को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन देकर उनके जीवन स्तर में सुधार किया है। इस लोक कल्याणकारी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद, आभार।

## रोजगार के मुद्दे पर गठबंधन सरकार पार्ट-टू 9 महीने में 9 कदम भी नहीं चली : प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य की गठबंधन सरकार पर रोजगार को लेकर हमला बोला है। उन्होंने राज्य सरकार पर युवाओं को छलने और वादाखिलाफी का आरोप भी लगाया। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि रोजगार के मुद्दे पर गठबंधन सरकार पार्ट-टू पूरी तरह विफल साबित हुई है। चुनाव के समय झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल गठबंधन ने युवाओं से वादा किया था कि अगले पांच साल में 10 लाख सरकारी नौकरी दी जायेगी। घोषणा पत्र में स्पष्ट लिखा था कि सरकार बनने के पहले छह महीने में नियुक्तियों का रोड मैप भी जारी हो जायेगा, लेकिन आज स्थिति यह है कि यह वादा केवल कागजों और घोषणाओं तक सिमट कर रह गया है। प्रतुल ने कहा कि गठबंधन सरकार पार्ट-टू में अब तक सरकार ने सिर्फ 1556 नियुक्ति पत्र ही बांटे हैं। इसमें भी अधिकांश नियुक्तियां शिक्षा विभाग (सहायक अध्यापक, लैब असिस्टेंट एवं नगर सेवा संवर्ग ) पदों पर हुई हैं, यानी नौ महीने बीत जाने के बावजूद कुल मिलाकर 1556 नियुक्ति पत्र ही युवाओं को दिये गये हैं। प्रतिशत के आंकड़ों में यह आधा प्रतिशत भी नहीं होता है और सिर्फ 0.15 प्रतिशत का आंकड़ा नौ महीने में पूरा होता दिख रहा है। यह आंकड़ा हेमंत सरकार के 10 लाख नौकरी देने के वादे की तुलना में बेहद शर्मनाक और निराशाजनक है।

उन्होंने कहा कि पिछले कार्यकाल में भी गठबंधन सरकार ने 25 लाख नौकरियों का वादा किया था, लेकिन आज तक उस वादे का कोई ठोस हिसाब-किताब जनता को नहीं मिला। झारखंड लोक सेवा आयोग ने भी कई वर्षों की परीक्षाएं एक साथ ली थी। 342 अभ्यर्थियों को सफल भी घोषित किया गया, लेकिन किसी को भी नियुक्ति पत्र अभी तक नहीं मिला है। इसका स्पष्ट कारण सरकार भी नहीं बता रही है। प्रतुल ने कहा कि झारखंड के लाखों युवा रोजगार की आस में सरकार की ओर देख रहे हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ जुमले और खोखली घोषणाएं ही मिल रही हैं। यह सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। भाजपा स्पष्ट रूप से कहना चाहती है कि मौजूदा रफ्तार को देखते हुए हेमंत सोरेन सरकार का 10 लाख नौकरियां देने का वादा कभी पूरा नहीं हो पायेगा, लेकिन भाजपा युवाओं की आवाज उठाती रहेगी।

## भाजपा की पिछले दरवाजे से अड़ंगा डाल कर युवाओं को गुमराह करने की साजिश बेनकाब हो चुकी है : विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा द्वारा लगाये गये आरोपों का पलटवार करते हुए झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा रोजगार जैसे गंभीर मुद्दे पर भी भ्रामक आंकड़े और झूठ परोस कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। वास्तविकता यह है कि हेमंत सोरेन सरकार युवाओं को सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है। भाजपा को कम से कम रोजगार के मुद्दे पर कुछ भी कहने का नैतिक हक नहीं है। भाजपा नेताओं को दो करोड़ नौकरी के वादे का हिसाब पहले देना चाहिये। केंद्र की सत्ता में भाजपा 11 साल से बैठी है, लेकिन जुमले के अलावा युवाओं को कुछ भी नहीं दिया है। दूसरी ओर हेमंत सरकार लगातार नौकरियां बांट रही है। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा को यह नहीं भूलना चाहिये कि राज्य में बेरोजगारी और नियुक्तियों की सबसे खराब स्थिति उन्हीं के शासनकाल में बनी थी। रघुवर सरकार ने पांच वर्षों में नियुक्तियों के नाम पर केवल परीक्षाओं को लटकाने और युवाओं को भटकाने का काम किया। भाजपा बताये कि उसने अपने शासनकाल में कितने युवाओं को नौकरी दी? भाजपा को युवाओं के आंसुओं का हिसाब जनता को देना चाहिये। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार पार्ट-2 में महज नौ महीने का समय हुआ है, इस दौरान भाजपा द्वारा पैदा की गयी कानूनी, प्रशासनिक और तकनीकी बाधाओं को दूर करके सरकार काफी आगे बढ़ चुकी है। जेपीएससी की कई परीक्षाओं को लेकर जो विवाद और कोर्ट केस भाजपा सरकार की देन है, उसी का समाधान निकालकर नियुक्तियों का मार्ग प्रशस्त किया गया है। हजारों पदों पर प्रक्रिया अंतिम चरण में है और आने वाले महीनों में नियुक्तियों की गति और तेज होगी। जेपीएससी, जेएसएससी के माध्यम से लगातार नियुक्तियां हो रही है। कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सहायक आचार्यों को नियुक्ति पत्र सौंपा। चिकित्सकों को जल्द नियुक्ति पत्र सौंपा जायेगा। मुख्यमंत्री ने स्वयं कहा है कि नियुक्तियों का सिलसिला जारी रहेगा। विनोद पांडेय ने कहा कि सरकार सिर्फ नौकरी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वरोजगार, कौशल विकास और उद्योगों में निवेश को बढ़ावा देकर लाखों युवाओं के लिए अवसर सृजित कर रही है। झारखंड कौशल मिशन, स्टार्टअप पॉलिसी और विभिन्न योजनाओं के जरिए हजारों युवाओं को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण और उद्यमिता से जोड़ा गया है।

## सुदेश महतो ने बिनोद बिहारी और राजकिशोर महतो को किया नमन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड आंदोलन के प्रणेता, झारखंडी अस्मिता के गौरव स्व. बिनोद बिहारी महतो जी की 102वीं जयंती आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय, हरमू में बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर उनकी स्मृति में 102 दीप प्रज्वलित कर उनके अमर योगदान को नमन किया गया। साथ ही उनके सुपुत्र और झारखंड अस्मिता के सशक्त प्रहरी, आजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं विधायक स्व राजकिशोर महतो की जयंती पर भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि स्व बिनोद बिहारी महतो ने मजदूर वर्ग, विस्थापितों और वंचित समुदाय को संगठित कर पढ़ो और लड़ो जैसे क्रांतिकारी नारे के साथ झारखंड आंदोलन को नयी दिशा दी।

केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि झारखंड की परिकल्पना एक समतापूर्ण और न्यायपूर्ण समाज की थी, जो आज न तो दिशापूर्ण है और न न्यायपूर्ण। केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने कहा कि स्व. बिनोद बिहारी महतो और स्व. राजकिशोर महतो जी का जीवन समर्पण से भरा रहा। केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता ने कहा कि बचपन से स्व. बिनोद बिहारी महतो से लगाव रहा, जिनके संगठनात्मक संबंध ने विस्थापन की पीड़ा देखी। रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने कहा कि बिनोद बाबू के अधूरे सपनों को पूरा करने का दायित्व आज की पीढ़ी का है। संजय मेहता और अन्य वक्ताओं ने भी बिनोद बाबू और राजकिशोर महतो की नीतियों को आत्मसात कर झारखंड को मजबूत करने का संकल्प दोहराया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत मंडल रेल प्रबंधक/इंजी/चक्रधरपुर खुली निविदा के विरुद्ध ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-सेंट्रल-25-26-35; कार्य का नाम:** एडीईएन/वेस्ट/सीकेपी के तहत 01.07.2025 से 30.06.2027 की अवधि के लिए सर्विस आवासीय भवनों और अन्य सिविल इंजीनियरिंग संपत्तियों हेतु क्षेत्रीय कार्यों/आपूर्ति का निष्पादन (दूसरी बार आमंत्रण); **निविदा मूल्य:** ₹ 1,84,00,000.00; **बयाना राशि (ईएमडी):** ₹ 2,42,000.00; **निविदा प्रपत्र की लागत:** 0.00; **निविदा खुलने की तिथि:** 14.10.2025; निविदा का पूरा विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है; निविदाकर्ता/बोलीकर्ता के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है; केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीकर्ता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं; ई-निविदा में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात अपलोड करना अनिवार्य है; इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं हैं और ऐसे किसी भी मैनुअल ऑफर पर विचार नहीं किया जाएगा; **नोट:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदाकर्ताओं को निःशुल्क जारी किए जाएंगे। (प्राधिकरण - रेल बोर्ड का पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांकित 16.07.2020)।

(PR-654)


## सरला बिरला स्कूल में विकसित भारत के रंग कला के संग अंतर-विद्यालयी कला प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सेवा पर्व-2025 के राष्ट्रव्यापी उत्सवों के तहत संसद चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि, डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, राज्यसभा सांसद, झारखंड के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य कला और सृजनशीलता के माध्यम से युवाओं में राष्ट्र-निर्माण की भावना जागृत करना था।

विकसित भारत थीम पर आधारित इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, विकसित और डिजिटल भारत की अपनी कल्पना को व्यक्त करने का मंच प्रदान किया। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन, वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के अनुरूप आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विकसित भारत 2047 के झारखंड स्टेट कोर्डिनेटर शशांक राज भी उपस्थित थे। यह अभियान सेवा, सृजनशीलता और सांस्कृतिक गर्व को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने के लिए विभिन्न संगठनों और संस्थानों को जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

कार्यक्रम में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, आरा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महिलौंग, हंसराज वाधवा हाई स्कूल, नामकुम, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बराम, रांची और सरला बिरला पब्लिक स्कूल सहित अनेक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन वास्तव में सहयोगपूर्ण और जीवंत अंतर-विद्यालयी कला उत्सव बन गया। विद्यार्थियों ने विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और डिजिटल इंडिया जैसे विषयों पर अपनी कला-कौशल का प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्राचार्या मनीषा शर्मा ने इस सार्थक राष्ट्रीय पहल में शामिल सभी विद्यालयों के प्रति आभार व्यक्त किया और ऐसे ही राष्ट्र-निर्माण कार्यक्रमों में निरंतर भागीदारी का आश्वासन दिया। इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में देशभक्ति, नवाचार और सेवा के मूल्यों को दृढ़ किया।


**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्रम संख्या: 8031 दिनांक - 02/07/2025 मैं अजय कुमार गुप्ता, पिता- स्व० कृष्णा कुमार साहू, निवास ग्राम- काली मंदिर रोड तमाड़, पो०- तमाड़, थाना तमाड़, जिला- राँची, राज्य- झारखंड का स्थायी निवासी हूँ । शपथ पूर्वक निम्नलिखित व्यान करता हूँ कि :-

1. यह कि मैं एक भारतीय नागरिक हूँ।
2. यह कि ऋषभ राज मेरा पुत्र है जिसका जन्म दिनांक 08-02-2010 ई० को अपने निवास ग्राम- काली मंदिर रोड तमाड़ में स्थानीय प्रशिक्षित दाई के देखरेख में हुई है।
3. यह कि मेरा उक्त पुत्र की माता का नाम चाँदनी गुप्ता है।
4. यह कि उक्त पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ रहा है।
5. यह कि पूर्व में मैं उक्त पुत्र के नाम से ऑनलाइन /ऑफलाइन जन्म प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया हूँ।
6. यह कि मैं उक्त पुत्र का संबंधित कार्यालय द्वारा जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करना चाहता हूँ।
7. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपना पुत्र ऋषभ राज के नाम से जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु प्रस्तुत कर रहा हूँ।
8. यह कि उपरोक्त सभी बातें मेरी जानकारी में सही एवं सत्य हैं गलत पाए जाने पर मैं स्वयं दण्ड का भागी बनूँगा ।



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई-निविदा संख्या:** TRD-OT23-ANTI-CLIMB-25-26 **(1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** Provision of Anti-climbing device in monkey prone areas to stop climbing monkeys on OHE mast/portals and Anti-Bird Disc for Porcelain insulators. कार्य समापन की अवधि- (12) बारह माह **(2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रु.1,72,26,975.51/- निविदा प्रपत्र का मूल्य-शून्य/-, **(3) बीड सिक्युरिटी:** रु. 2,36,200/-, **(4) ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** ई-निविदा बंद होने की तिथि 13.10.2025 को 11:00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि 13.10.2025 को 11:30 बजे **(5) वेबसाइट का विवरण:** वेबसाइट: www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंग।

**मंडल रेल प्रबंधक/क०वि०**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/1009/डीएचएन/टीआरडी/टी/25-26/32

# बढ़ता समर्थन

इस्राइल-हमास संघर्ष के बीच फिलस्तीन की पहचान का मुद्दा फिर जोर पकड़ रहा है। ब्रिटेन , कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने फलस्तीन को मान्यता दे दी है, जबकि कई दूसरे देश कतार में हैं। जमीन पर भले इस कदम से फलस्तीन की मौजूदा स्थिति न बदले, पर कूटनीतिक नजरिये से यह बहुत बड़ा शिफ्ट है।

**अमेरिका की नाराजगी :** कनाडा और ब्रिटेन जी7 समूह का हिस्सा हैं। पहली बार इस समूह के सदस्य देशों ने फलस्तीन को मान्यता दी है और इस कतार में फ्रांस भी है। अमेरिका की नाराजगी के बावजूद वॉशिंगटन के सहयोगी देश अगर फलस्तीन मुद्दे का साथ दे रहे हैं, तो इसकी बड़ी वजह गाजा के मौजूदा हालात हैं।

**गाजा का संकट :** हमास-इस्राइल संघर्ष शुरू होने के बाद से गाजा में 65 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और इनमें ज्यादातर आम नागरिक हैं। लाखों लोग भुखमरी और विस्थापन झेल रहे हैं। इससे बड़ी त्रासदी यह है कि संघर्षविराम की कोई सूरत नजर नहीं आ रही और इस्राइल के नये ग्राउंड एक्शन से हालात और खराब हो गये हैं। हाल में कतर की राजधानी दोहा में इस्राइल के हवाई हमलों से भी बेचैनी बढ़ी और शांति की उम्मीदें धुंधली हो गयीं।

**वादा पूरा हो :** इस्राइल-फलस्तीन विवाद एक सदी से भी ज्यादा समय से सुलग रहा है। 1917 के Balfour Declaration में यहूदियों के लिए फलस्तीनी जमीन पर एक 'घर' बनाने का वादा था, पर उसमें यह भी वादा था कि वहां रह रहे दूसरे लोगों को नुकसान नहीं पहुंचाया जायेगा। 1948 में इस्राइल बनने के बाद से विभिन्न वजहों से वह वादा कभी पूरा नहीं हुआ। एक आबादी को तो अपना देश मिल गया, लेकिन दूसरी आबादी अब भी बिना किसी पहचान के जी रही है।

> **इस्राइल के अस्तित्व में आने से पहले ही दो राष्ट्र का सिद्धांत जन्म ले चुका था - एक यहूदी राज्य और एक अरब राज्य। इस विवाद का यही सबसे बेहतर हल भी दिखता है।**

**समाधान का रास्ता :** इस्राइल के अस्तित्व में आने से पहले ही दो राष्ट्र का सिद्धांत जन्म ले चुका था - एक यहूदी राज्य और एक अरब राज्य। इस विवाद का यही सबसे बेहतर हल भी दिखता है। लाखों लोग जो दशकों से युद्ध की मार झेल रहे, अपने घरों से बेदखल हैं, और जो क्रूर जियो-पॉलिटिक्स का मोहरा बन कर रह गये हैं - उन्हें उनका हक मिलना चाहिए। भारत भी टू स्टेट सॉल्यूशन के पक्ष में है।

**भारत का रुख :** पिछले कुछ बरसों में इस्राइल की तरफ भारत का झुकाव ज्यादा दिखा है। संयुक्त राष्ट्र में कई बार उसने इस्राइल-फलस्तीन मामले से दूरी बनाए रखी। लेकिन, पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा में टू स्टेट सॉल्यूशन पर मतदान हुआ तो भारत ने इसके समर्थन में वोट दिया। यह सही अप्रोच है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**यूपी के प्रिंसिपल सेक्रेटरी (कृषि) रविंदर ने कहा कि किसान जिस तरह का एफर्ट और इन्वेस्टमेंट लगाते हैं, उसके हिसाब से बहुत कम रिटर्न उनको मिल पाता है। उन्होंने कहा कि अभी जो पैटर्न है, वह गेहूं-चावल लगाने का पैटर्न है। किसानों को इस स्टैंडर्ड पैटर्न से अलग ले जाया जाये, ये कोशिश है। प्रमुख कृषि सचिव ने कहा कि कुछ किसान हार्टिकल्चर और पशुपालन में भी काम करने लगे हैं। दाल और तिलहन का एरिया बढ़ाने में भी हम लगे हैं।**

# किसानों की आय दोगुनी करने के लिए यूपी सरकार का कदम

**विपिन कुमार**



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 'विकसित उत्तर प्रदेश समिट' कार्यक्रम में सूबे के प्रिंसिपल सेक्रेटरी (कृषि, कृषि शिक्षा और शोध एवं मार्केटिंग) रविंदर, पशुपालन विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी मुकेश कुमार मेश्राम, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय संयोजक वीएम सिंह और भारतीय खाद्य निगम के पूर्व सीएमडी आलोक सिन्हा ने शिरकत की। यूपी के प्रिंसिपल सेक्रेटरी (कृषि) रविंदर ने कहा कि किसान जिस तरह का एफर्ट और इन्वेस्टमेंट लगाते हैं, उसके हिसाब से बहुत कम रिटर्न उनको मिल पाता है। उन्होंने कहा कि अभी जो पैटर्न है, वह गेहूं-चावल लगाने का पैटर्न है। किसानों को इस स्टैंडर्ड पैटर्न से अलग ले जाया जाए, ये कोशिश है। प्रमुख कृषि सचिव ने कहा कि कुछ किसान हार्टिकल्चर और पशुपालन में भी काम करने लगे हैं। दाल और तिलहन का एरिया बढ़ाने में भी हम लगे हैं। उन्होंने दावा किया कि मक्का में रकबा बढ़ा है और उससे लोगों की इनकम बढ़ी है। यूपी का किसान छोटे साइज का किसान है और उसके लिए चुनौती है। हमें नयी तकनीकी लाकर किस तरह से जमीन में निवेश का अवसर उपलब्ध कराएं, इस पर काम कर रहे हैं। कृषि सचिव ने कहा कि गन्ने की जो सबसे अच्छी वैरायटी थी, उसमें भी रेडरॉट के इश्यू आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें अब नई वैरायटी खोजनी होगी। हम कहीं यह नहीं कह रहे कि किसानों को लेकर नहीं चलेंगे।

> **नयी तकनीकी लाकर किस तरह से जमीन में निवेश का अवसर उपलब्ध कराएं, इस पर काम कर रहे हैं।**

प्रमुख सचिव ने कहा कि विदेशों में मार्केट को लेकर सवाल पर कहा कि बासमती के अलावा आम और अन्य सब्जियां एक्सपोर्ट कर पाने की स्थिति में हम बहुत अच्छे से नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इस पर सरकार अभी काम कर रही है। एक समस्या आती है केमिकल की, इन सभी को चिह्नित कर हमें दूर करना होगा। निश्चित रूप से हमें बड़ी मार्केट मिलेगी। बुंदेलखंड में मूंगफली का उत्पादन अच्छा हो जा रहा है। उस इलाके में दाल के साथ मूंगफली के लिए अच्छा अवसर है। वहां पर हम काफी सफल भी हो रहे हैं।

**किसान के बिना कैसे विकसित होगा यूपी**

वीएम सिंह ने कहा कि अगर यूपी विकसित होगा, तो देश विकसित होगा। यूपी विकसित कैसे होगा, जब 60 फीसदी किसान मजदूर विकसित नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि किसान 60 से 70 फीसदी हैं और विकसित नहीं हैं। कोई एक किसान बता दें, जो खुशी-खुशी यह कहे कि मेरा बेटा किसानी करता है। वीएम सिंह ने कहा कि यूपी में गेहूं और धान का मिथ है। आज यूपी में सबसे ज्यादा गन्ना लगता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने 2022 चुनाव में कहा कि हमने 47 लाख से अधिक किसानों को गन्ने के बकाए मूल्य का भुगतान करा दिया। यह सही नहीं है। पांच साल से गन्ने का दाम एक रुपया नहीं बढ़ा। वीएम सिंह ने कहा कि किसान का बेटा किसानी के टेक्निक मां के पेट से सीखकर आता है। उसको रेट चाहिए, मार्केटिंग चाहिए। यूपी विकसित कैसे होगा, जब किसान का बेटा किसानी नहीं करना चाहता।

वीएम सिंह ने कहा कि चीनी मिल मालिकों की मिलें बढ़ गईं, लेकिन एक किसान बता दीजिए जिसके पास दो बीघे था और बढ़कर चार बीघे हो गया हो। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि पशुधन हमारे पास बहुत ज्यादा है, रोड पर छुट्टा जानवर दिखता है। रेडरॉट पिछले चार साल से फैल रहे हैं, जो कोयंबटूर ने 12-13 साल पहले निकाली थी। वीएम सिंह ने कहा कि हमारे रिसर्च सेंटर क्या कर रहे हैं। सरकार क्या कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास ब्लॉक लेवल से लेकर हर लेवल पर लोग हैं। आप करिए ना। वीएम सिंह ने कहा कि आज से 25 साल पहले हाईकोर्ट गया, सुप्रीम कोर्ट गया। मंडियों के ताले खुलवाकर खरीद चालू कराई। अगर डबल इंजन की सरकार ओडिशा और छत्तीसगढ़ में सरकार 2300 की जगह 3100 में खरीद कर रही है, तो आप क्यों नहीं कर सकते। आप भी करिए किसान को बचाने के लिए। उन्होंने कहा कि चारा महंगा हो गया है, किसान नहीं खिला पा रहा है। जहां दो-तीन लीटर पर गाय आती है, किसान उसे छुट्टा छोड़ देता है।

वीएम सिंह ने कहा कि अगर किसानी को टेकऑफ मिलेगा, तो हमें भी बड़ी खुशी होगी। सरकार के पास हम एमएसपी के लिए गए थे। उन्होंने कहा कि किसान को अगर उसका मूल्य नहीं मिलेगा, तो आंकड़ों से किसी का पेट नहीं भरेगा। अगर केसीसी के कार्ड बंद हो जाएं, तो खाना नहीं मिलेगा घर में। वीएम सिंह ने कहा कि मार्जिनल किसान को कैसे फायदा होगा, ये देखना होगा। सीएम किसान नेताओं को बुलाएं और पूछें कि हम क्या कर सकते हैं। हम पूरी मदद करने को तैयार हैं, आप करो तो सही।

**दुग्ध उत्पादन में यूपी नंबर वन :** मुकेश मेश्राम ने कहा कि हमारे यहां लगभग दो करोड़ गाय, सवा तीन करोड़ भैंस की संख्या है। पशुधन की संख्या के मामले में यूपी नंबर वन है। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन में भी यूपी नंबर वन है। उन्होंने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान की चर्चा करें तो इसमें किसानों के योगदान को समझना चाहिए। अर्बनाइजेशन और मैकेनाइजेशन होने के कारण लोग पशु पालने से कन्नी काट रहे हैं। मेश्राम ने कहा कि विकसित यूपी की परिकल्पना करते हैं, तो नस्ल सुधार जरूरी है। श्वेत क्रांति का दूसरा फेज करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन से मार्केटिंग तक, लोगों के सामने बहुत से विकल्प हैं। बहुत से डेयरी प्लांट्स एनडीबी को दिया गया है। मुकेश मेश्राम ने कहा कि सारी दुग्ध समितियों को रजिस्टर्ड करने पर फोकस है। सभी जिलों में ये समितियां बनाई जा रही हैं और डेयरी तक लिंकेज करने जा रहे हैं। उन्होंने सूबे में आठ हजार दुग्ध समितियों के होने की जानकारी दी और कहा कि पशुओं के लिए भी गुणवत्तापरक चारा पर हमारा ध्यान है।

मुकेश मेश्राम ने कहा कि हमने गोवंश के पशुओं को लाखों की संख्या में संरक्षित किया है। कान्हा गो आश्रम बनाए गए हैं, एनजीओ को लगाया है। प्रतिदिन 50 रुपये पशु के भोजन के लिए धनराशि दी जा रही है। उन्होंने जीवा अमृ से लेकर अन्य उत्पादों की चर्चा की और कहा कि लोग प्रदूषित दुग्ध ना खरीदें। इससे संबंधित आंदोलन शुरू होना चाहिए।

मुकेश मेश्राम ने कहा कि एक्सप्रेसवे हो या कोई संपर्क मार्ग, ट्रांपोर्टेशन अच्छा हो जाता है तो किसानों के लिए अच्छा होता है। पहले फिशरीज के मामले में हम आंध्र प्रदेश और अन्य राज्यों पर ज्यादा निर्भर होते थे, अब हम लोग मछली उत्पादकों को इंसुलेटेड ट्रक उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मछली उत्पादन पहले से दोगुना हुआ है और हम अब आत्मनिर्भर होने की ओर हैं।

**किसान को इंसेंटिव दे सरकार :** एफसीआई के पूर्व सीएमडी आलोक सिन्हा ने कहा कि एफसीआई की भी एक लिमिट है। बिचौलिए घटते जा रहे हैं। उन्होंने कृषि में विविधता पर जोर दिया और कहा कि सरकार को चाहिए कि किसान को इंसेंटिव दे और मार्केट बनाए। यूपी बहुत बड़ा स्टेट है। हम जब गांव के बारे में बोलते हैं, तो यह याद रखना चाहिए कि 80-90 फीसदी किसान ऐसे हैं जिनके पास अपनी जमीन नहीं है या सरप्लस नहीं है। आलोक सिन्हा ने कहा कि कृषि में विविधता आयेगी, तो इनको भी फायदा मिलेगा। आलोक सिन्हा ने बुंदेलखंड को लेकर सवाल पर कहा कि बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी बन गयी है। वह देश के मध्य में है। वह हब बन सकता है। उन्होंने कहा कि वहां पानी की थोड़ी समस्या है, लेकिन अगर दाल-तिलहन का उत्पादन बढ़े तो मार्केटिंग आसान होगी।

## कोल्हान की खबरें

### मानगो पूजा पंडालों में सफाई और फॉगिंग की मांग, विधायक को सौंपा ज्ञापन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय का मानगो क्षेत्र के जनसुविधा प्रतिनिधियों ने मंगलवार को मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर पूजा पंडालों में नियमित सफाई, ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव, फॉगिंग और अन्य नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग की।ज्ञापन में स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, शुद्ध पेयजल आपूर्ति, गली-मोहल्लों में कचरा उठाव और नियमित सफाई की समस्या से अवगत कराया गया। मौके पर पप्पू सिंह, पिंटू सिंह, संजीव मुखर्जी, पवन सिंह, प्रवीण सिंह, मनोज गुप्ता, मुकेश सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

### राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की जयंती पर छात्राओं ने साझा किये अपने विचार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** साकची स्थित ग्रेजुएट कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की जयंती श्रद्धा और उत्साहपूर्वक मनाई गई।मंगलवार को कार्यक्रम का शुभारंभ हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा दिनकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।मौके पर डॉ. पाण्डेय ने कहा दिनकर जी श्रीकृष्ण के विचारों के संवाहक थे। उन्होंने गीता के उपदेशों को अपने काव्य के माध्यम से जीवंत किया। चाहे 'कुरुक्षेत्र' में युद्ध की अनिवार्यता हो या 'परशुराम की प्रतीक्षा' में सैनिकों का नैतिक आह्वान। दिनकर की रचनाएं सदैव राष्ट्रीय चेतना और आत्मगौरव से भरपूर रही हैं।उन्होंने आगे कहा रश्मिरथी में दिनकर ने प्रतिभा के पराक्रम को महत्त्व दिया। जबकि ह्यजनतंत्र का जन्म में जनता को अन्याय के विरुद्ध जागरूक करने का कार्य किया। संस्कृति के चार अध्याय और हुंकार जैसे काव्य संग्रहों के माध्यम से उन्होंने भारतीय समाज, संस्कृति और समय की चुनौतियों को नई दृष्टि से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर हिंदी विभाग की छात्राओं ने भी दिनकर के काव्य और विचारों पर अपने विचार साझा किए।मौके पर सेमेस्टर 4 की छात्रा श्रुति चौधरी ने दिनकर की राष्ट्रवादी चेतना पर प्रकाश डाला। नुपुर डे ने दिनकर की कविता में नारी चेतना और सामाजिक सरोकारों की भूमिका पर चर्चा की।सेमेस्टर 2 की छात्रा नंदनी सेन ने दिनकर की भाषा-शैली और काव्यशक्ति पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सेमेस्टर 4 की छात्रा अनुभा कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन सेमेस्टर 2 की छात्रा लक्ष्मी कुमारी ने की।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रकवि दिनकर के आदर्शों को आत्मसात करने और उनके साहित्य को पढ़ने-समझने के संकल्प के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रियंका महतो, दिव्या कुमारी, आरती कुमारी, वर्षा गोराई, प्रिया तापये, लक्की कुमारी, दीपिका तिग्गा सहित सेमेस्टर 2 और 4 की सैकड़ो छात्राएं मौजूद रहीं।

# इचागढ़ थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बालू का अवैध खनन और परिवहन जारी

**उपायुक्त के निर्देश के बावजूद भी यह काम बंद नहीं, उठ रहे कई सवाल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**इचागढ़।** इचागढ़ बालू माफियाओं का गढ़ बन चुका है। जहां बड़े पैमाने पर बालू की अवैध निकासी की जाती है इससे पूर्व ईचागढ़ थाना क्षेत्र में खनन विभाग ने एक लाख सीएफटी से भी अधिक अवैध बालू भंडारण, कई सारे अवैध बालू लदे हाइवा एवं कई सारे बालू लदे ट्रैक्टर जप्त किया गया है। खनन विभाग ने बालू माफिया पर शिकंजा कसने के लिए बाराती के भेष में ईचागढ़ थाना क्षेत्र में पहुंचकर लगभग 23 हाईवा पर केस दर्ज किया था। सूत्र बताते हैं कि ईचागढ़ थाना क्षेत्र में बालू के कारोबार में लाखों और करोड़ रुपयों का खेल चल रहा है जिसमें आदित्यपुर से जुड़ा एक शख्स का नाम अक्सर आता रहता है। एक व्यक्ति ने अपने नाम नहीं बताने के शर्तों पर बताया कि उस व्यक्ति की पहचान प्रशासनिक विभाग में अच्छी है। जिसमें बड़े पैसों का लेनदेन से लेकर बातें सामने आ रही है। स्थानीय थाना पर कई बार गंभीर आरोप लगते रहते हैं। लेकिन कार्रवाई नहीं होना प्रशासनिक विफलताओं को दर्शा रही है। इचागढ़ थाना क्षेत्र की स्थिति इतनी दयनीय हो चुकी है कि अगर आप अवैध बालू का फोटो खींचने जाते हैं तो वहां के कारोबारी तुरंत उस फोटोग्राफर से बदतमीजी भी करने लगते हैं। कुछ दिन पूर्व ही इचागढ़ थाना प्रभारी द्वारा एक साधारण व्यक्ति को होमगार्ड का ड्रेस पहना कर राज्यपाल आगमन के समय ड्यूटी में तैनात किया गया था लेकिन उस व्यक्ति की ट्रक में चपेट में आने से मौत हो गयी थी। मामला अखबारों और प्रिंट मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित की गयी थी लेकिन आज तक जांच के नाम पर कागज के पन्नों तक ही सीमित रह गई। राजपाल के सुरक्षा में चूक बड़ी प्रशासनिक विभाग की विफलताओं को दर्शा रही हैं। जिले के एसपी भी लगातार क्राइम रेट को कम करने के लिए लगातार दावे कर रही है। लेकिन ईचागढ़ में अवैध बालू का कारोबार ग्रामीणों के सवाल को गहरा करते जा रही है। एक तरफ जिले में मीनिंग टास्क फॉर्स का मीटिंग होता है जिसमें उपायुक्त और जिले के एसपी से लेकर सभी वरीय पदाधिकारी मेंबर रहते हैं लेकिन अवैध बालू का कारोबार जिले में एक जंजाल बन चुका है।

# निर्मल नगर के लोगों को करना पड़ रहा जलभराव की समस्या का सामना

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला के आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 15 के निर्मल नगर में रहने वाले लोगों को जलभराव की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हल्की सी बारिश में पानी घरों में भरने से निर्मल वासी नरकीय जीवन जीने को मजबूर हो चुके है। इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने कई बार नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

निर्मल नगर में पानी का निकास नहीं होने से जलभराव की समस्या और भी गंभीर हो गयी है। लोगों को अपने दैनिक जीवन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों को। जलजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

इस संदर्भ में स्थानीय बुजुर्ग व्यक्ति ने बताया कि नाली का गन्दा पानी घरों में भरने से घर के बाहर सोना पड़ता है। खाना बनाने के लिए कई सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। चूड़ा खा के ही दिन व्यतीत करना पड़ता है। वही, अन्य व्यक्ति ने बताया कि ड्यूटी जाने के लिए जूते हाथ में ही लेकर जाना पड़ता है। नगर निगम से निवासियों ने तत्काल समस्या का समाधान करने की मांग की है। उन्हें उम्मीद है कि नगर निगम उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही कोई ठोस कार्रवाई करेगा।

### जुबली पार्क में मारपीट पर भाजपा का हल्ला बोल, आंदोलन की चेतावनी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुबिली पार्क में झाल मुढ़ी बेचने वाले रेहड़ी-पटरी वालों के साथ टाटा स्टील यूआइएसएल कर्मियों द्वारा की गई मारपीट और अभद्रता के खिलाफ भाजपा ने कड़ा रुख अपनाया। मंगलवार को भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने घटनास्थल पहुच कर पीड़ितों से मुलाकात की और पूरी घटना की गंभीरता से समीक्षा की। भाजपा नेताओं ने यूआईएसएल अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर चेतावनी दी यदि गरीबों को रोजगार से रोका गया तो जोरदार आंदोलन छेड़ा जाएगा। उन्होंने दोषी सुरक्षा कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। सुधांशु ओझा ने कहा तीन दशकों से रोजगार कर रहे गरीबों को इस तरह हटाना सरासर अन्याय है। वहीं नीरज सिंह ने महिलाओं के साथ की गयी अभद्रता पर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग की। मौके पर संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, राजीव सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, किशोर ओझा, उज्जवल सिंह समेत कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रेलवे के जवाब से असंतुष्ट हुए विधायक टाटानगर स्टेशन के विवादों पर उठाये सवाल



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटानगर रेलवे स्टेशन पर पार्किंग शुल्क को लेकर हो रही अनियमितताओं के खिलाफ जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने फिर से सवाल उठाये हैं। बीते 29 अगस्त रेलवे को लिखे पत्र के जवाब से असंतुष्टि जताते हुए उन्होंने कहा रेलवे पार्किंग को मुनाफाखोरी का धंधा बना रहा है। रेलवे ने अपने जवाब में कहा था पार्किंग की ठेकेदारी ई-नीलामी से होती है। इसमें रेलवे की कोई भूमिका नहीं होती। इस पर सरयू राय ने प्रतिक्रिया दी जब रेलवे को यात्री संख्या और वाहन आवागमन का स्पष्ट आंकड़ा है, तो ऊंची दरों पर ठेका देना और मॉनिटरिंग नहीं करना लापरवाही है।उन्होंने सवाल उठाया पार्किंग को लेकर मारपीट और विवाद केवल जमशेदपुर में ही क्यों होते हैं? क्या रेलवे यह सुनिश्चित कर रहा है निर्धारित शुल्क ही वसूले जा रहे हैं? विधायक ने यह भी मांग की दोषियों पर कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक की जाए।गौरतलब है हाल ही में एक यात्री से 5 घंटे वाहन खड़े रहने पर 5310 का जुमार्ना वसूले जाने का मामला सामने आया था। जबकि रेलवे का कहना है केवल 1000 ही वसूले गये। सरयू राय ने इसे आम नागरिकों से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए तत्काल सुधार और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

# धीरज मिश्रा गिरोह के आठ अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

**गढ़वा में ज्वेलरी शॉप लूट की बना रहे थे योजना**

**अपराधियों के पास से छह देसी कट्टा, 10 जिंदा गोली, दो चाकू, आठ मोबाइल, दो बाइक, एक स्कूटी और 15 हजार रुपये नगद बरामद**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के मेन रोड स्थित रूप अलंकार ज्वेलर्स में लूट की बड़ी वारदात को पुलिस ने समय रहते विफल कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आठ लुटेरों को गिरफ्तार किया है जिनके पास से छह देसी कट्टा, 10 जिंदा गोली, दो चाकू, आठ मोबाइल, दो बाइक, एक स्कूटी और 15 हजार रुपये नगद बरामद किये हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए गढ़वा एसडीपीओ नीरज कुमार ने थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बिहार के कुख्यात अपराधी धीरज मिश्रा गिरोह द्वारा गढ़वा में ज्वेलरी शॉप लूट की योजना बनाई जा रही है। इसी सूचना पर एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित की गयी और सघन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान पुलिस ने फिल्मी अंदाज में शहर के टंडवा मोहल्ला स्थित पूरनचंद चौक से आठ अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में आनंद कुमार रवि, अनुराग कुमार, दीपक कुमार मांझी, सरोज कुमार, बबी कुमार राम, अजीत कुमार उर्फ छोटू और ऋतिक नवरंग के नाम शामिल हैं।

एसडीपीओ ने बताया कि यह गिरोह झारखंड और बिहार में सक्रिय है तथा बड़े कारोबारियों को निशाना बनाता है। पूर्व में रूप अलंकार ज्वेलर्स में हुई लूट में भी अजीत कुमार शामिल था। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से जिले में बड़ी वारदात टल गयी।

## नाई समाज के वरिष्ठ नेता जयशंकर की मौत के मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग

गढ़वा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय जनता दल ओबीसी प्रकोष्ट के जिलाध्यक्ष और पलामू जिले के पाटन प्रखंड के भारती नाई समाज के वरिष्ठ नेता जयशंकर ठाकुर की संदिग्ध मौत मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गयी है। साथ ही प्रभावित परिवार को विधि सम्मत मुआवजा देने का आग्रह प्रशासन और सरकार से किया गया है। मंगलवार को एमएमसीएच में जयशंकर ठाकुर के शव का पोस्टमार्टम कराने आये राजद नेताओं के साथ साथ भारतीय नाई समाज के लोगों ने यह मांग की। भारतीय नाई समाज के गढवा जिलाध्यक्ष घनश्याम ठाकुर ने कहा है कि जयशंकर ठाकुर की निर्मम हत्या की गयी है। हत्या करने के बाद डेडबॉडी को लाकर खेत में फेंका गया। शरीर के कई हिस्सों को एसिड से जलाया गया। यही कारण है कि एमएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम नहीं हुआ और रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। ठाकुर जी ने कहा कि नाई समाज घटना की घोर निंदा करता है।

## निर्माणाधीन पानी टंकी परिसर में नियुक्त सुरक्षा गार्ड की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

एलएंडटी कंपनी द्वारा पानी टंकी करवाया जा रहा है निर्माण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कैलान गांव में एलएंडटी कंपनी द्वारा निर्माणाधीन पानी टंकी परिसर में नियुक्त एक सुरक्षा गार्ड की मौत मंगलवार के सुबह हृदयाघात से हो गयी। मृतक कांडी थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव चेचरिया निवासी अनिल उपाध्याय 50 वर्ष बताया जा रहा है। तत्काल उन्हें कैलान निवासी अनिल यादव ने अपनी टेंपो पर लादकर ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया, जहां ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी रजनी रंजन, एसआई परवेज आलम, एएसआई आशुतोष सिन्हा व उपेंद्र राम पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे तथा उक्त कंपनी के अन्य सुरक्षा गार्डों को अस्पताल बुलाकर उन घटना की जानकारी ली, जहां गार्ड ने बताया कि सुबह में ड्यूटी से ऑफ होने के बाद अनिल उपाध्याय पास में ही अपने किराये के रूम पर चले गये, स्नान के दौरान वे अचेत होकर गिर पड़े। ग्रामीणों के सूचना पर वें टेंपो चालक के सहयोग से उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां ईलाज के क्रम में उनकी मौत हो गयी।

परिजनों ने कहा कि घटना के आठ घंटे बाद भी कंपनी के कोई सक्षम पदाधिकारी अस्पताल पहुंचकर मृतक की स्थिति को जानना उचित नहीं समझा, इससे साफ प्रतीत होता है, है, कि उक्त कंपनी इस घटना से अपना पल्ला झाड़ना चाहती है। परिजनों ने कहा कि कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचकर मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने हेतु लिखित रूप से दे, तभी शव को अंत्यपरीक्षण हेतु भेजा जायेगा। इस पर थाना प्रभारी रजनी रंजन ने कंपनी के पदाधिकारियों से फोन पर बात कर वार्ता हेतु थाना बुलाया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक एलएंडटी कंपनी के कोई भी पदाधिकारी वार्ता के लिए नहीं पहुंच सके थे।

**परिजनों ने मुवाअजे के लिए कंपनी के पदाधिकारी को बुलाने की मांग को लेकर किया हंगामा**

उधर मृतक अनिल उपाध्याय के परिजन भवनाथपुर सीएचसी पहुंचकर एलएंडटी कंपनी के पदाधिकारियों के उपर मृतक को समय पर अस्पताल नहीं लाने और ईलाज कराने में देरी किये जाने से ही मौत का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। हंगामा की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी रजनी रंजन, एसआई आलम, एएसआई आशुतोष श्रीवास्तव व उपेंद्र राम पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे तथा मृतक के परिजनों से बात की।

## बंशीधरनगर में रामलीला का शुरू, गूंजे 'जय श्रीराम' के नारे



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** सोमवार की रात नरखोरिया खुर्द स्थित शिव मंदिर प्रांगण में धार्मिक उल्लास और भक्ति भावना से सराबोर वातावरण में जय बजरंग बली क्लब के तत्वावधान में ऐतिहासिक रामलीला का भव्य शुभारंभ हुआ। इस मौके पर पूरा परिसरा 'जय श्रीराम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम का उद्घाटन क्लब के संस्थापक सूर्य देव मेहता, बैजनाथ प्रसाद, बीरेंद्र प्रसाद, बिक्रमा प्रसाद, अशोक मेहता, हरिओम प्रकाश, देवीदयाल मेहता, रामाधार मेहता, बसंत जायसवाल, सीताराम प्रसाद और सतीश प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोगों ने किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष संजीव सिंह उर्फ अंशु, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र मेहता, उपाध्यक्ष जितेंद्र मेहता उर्फ राजा समेत सुरेंद्र मेहता, उपेंद्र मेहता उर्फ राजू, सिकंदर मेहता, चंदन मेहता, श्यामा मेहता, अभय मेहता, ओमविकास मेहता, अवधेश मेहता, अखिलेश मेहता, मुन्ना मेहता, भूखन मेहता, अशर्फी मेहता, रामप्रीत मेहता और हरिहर गिरी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने इस धार्मिक आयोजन का आनंद लिया।

## पेंशनर्स कल्याण समाज ने मुख्य शाखा प्रबंधक को मांग पत्र सौंपा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुख्य शाखा प्रबंधक ने कहा कि हम नीचे तल्ले पर आप सभी के लिए यथासंभव समुचित व्यवस्था करूंगा**

**गढ़वा।** झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा के अध्यक्षता के के यादव की अगुवाई में पेंशनर समाज के पदाधिकारियों ने भारतीय स्टेट बैंक के नये मुख्य शाखा प्रबंधक भास्कर नंद तिवारी का पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया और पेंशनर से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर संगठन के अध्यक्ष ने एक पेंशनरों की समस्या से संबंधित एक मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि प्रत्येक माह में पेंशन लगभग 26 या 27 तारीख तक आ जाता है, ऐसी स्थिति में हम पेंशनरों के लिए नीचे तल्ले पर एक बोनाफाइड काउंटर की व्यवस्था 10 दिनों तक लगातार रखी जाए। कोषागार द्वारा भेजे गये पीपीओ एवं प्राधिकार पत्रों को मुख्य शाखा से ही सीधे सीपीपीसी पटना को भेजा जाए यदि कोई चाहे तभी संबंधित बैंक के माध्यम से भेजा जाये। आगामी जीवन प्रमाण पत्र के लिए विशेष सुविधा युक्त व्यवस्था अपनायी जाए ताकि वरीय पेंशनरों को सहूलियत मिल सके। जीवन प्रमाण पत्र के लिए हमारे पेंशन कार्यालय में भी व्यवस्था उपलब्ध कराई जाये।

सभी मांगों को सुनते हुए मुख्य शाखा प्रबंधक ने उसे पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हम नीचे तल्ले पर आप सभी के लिए यथासंभव समुचित व्यवस्था करूंगा। साथ ही आपके बैठक में भी भाग लेने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर संगठन के सचिव अशरफी राम, बनारसी मिश्रा, श्याम बिहारी राम ,संयुक्त सचिव संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष एवं सुदामा राम आदि कई पेंशनर उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का शुरू

# जिले में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं : डीएसई

**प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखंडों से प्रतिभागी खिलाड़ी शामिल रहे**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड शिक्षा परियोजना, गढ़वा के तत्वावधान में जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता मंगलवार से मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय गढ़वा एवं राजकीय कृत रामा साहू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में शुरू किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज, ज़िला ओलंपिक खेल संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार पाठक, तथा अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सह खेल प्रभारी कुल दीपक अग्रवाल ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज ने कहा कि गढ़वा जिले में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है तो केवल आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास की। यदि बच्चे लगन से तैयारी करें तो निश्चित रूप से गढ़वा जिला भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर वॉलीबॉल एवं कुश्ती में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा। अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सह खेल प्रभारी कुल दीपक अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा विभाग खेलों के प्रति अत्यंत गंभीर है। सरकारी विद्यालयों में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बच्चों को खेल सुविधा उपलब्ध करायी जा रही हैं, जिससे उनकी प्रतिभा को निखारा जा सके। प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखंडों से प्रतिभागी खिलाड़ी शामिल रहे। अंडर 17 आयु वर्ग के बालिका वर्ग का फाइनल मैच उत्कर्मित +2 उच्च विद्यालय छाताकुंड केत्त'र और केजीबीवी धुरकी के बीच खेला गया, जिसमें उच्च विद्यालय छाताकुंड 2 -0 से विजयी रही।

प्रतियोगिता के सफल संचालन में प्रमुख रूप से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, पूनम श्री, रेनू बाला, विभा रानी कुजूर, सुनीता कुमारी, बीपीएम रवि कुमार, संकुल साधनसेवी सह मीडिया प्रभारी देवेंद्र नाथ उपाध्याय, नीरज कुमार गिरी, अनुज कुमार सहाय शारीरिक शिक्षक सुशील कुमार तिवारी, आलोक कुमार, प्रदीप कुमार, शमशाद आलम सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## डीके ऑनलाइन सेंटर का प्रमुख ने किया उद्घाटन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के अस्पताल चौक के समीप मंगलवार को डीके ऑनलाइन सेंटर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को प्रमुख ने नवरात्र की शुभकामना देते हुए कहा कि हॉस्पिटल चौक पर ऑनलाइन सेंटर खुल जाने से लोगों को डिजिटल कार्यों में सहूलियत होगी। वहीं ऑनलाइन सेंटर के संचालक धर्मेंद्र कुमार चौधरी ने कहा हमारे यहां सभी तरह के ऑनलाइन कार्य न्यूनतम शुल्क में किया जायेगा। ऑनलाइन रेलवे टिकट के साथ-साथ बैंकिंग कार्य भी किया जायेगा। मौके पर मेराल पूर्वी के बीडीसी छाया कुमारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपू महतो, वार्ड सदस्य विनोद चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, सत्येंद्र चौधरी, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## गोंदा और हासनदाग में रामलीला शुरू नवरात्र भर चलेगा रंगारंग कार्यक्रम



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेराल।** शारदीय नवरात्र में प्रखंड के अधिकांश पूजा पंडालों में कार्यक्रम का आयोजन शुरू हो गया है। वहीं हासनदाग और गोंदा रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। गोंदा देवी धाम के प्रांगण में आयोजित रामलीला का उद्घाटन विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि विवेकानंद उर्फ रिंकू तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, प्रखंड प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, बीडीसी कृष्णदेव प्रजापति, पूर्व मुखिया प्रकाश कुमार अरुण, रुपू महतो, मनोज जायसवाल आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष सुजीत सिंघानिया, कोषाध्यक्ष गुड्डू अग्रहरि, सचिव चंदन कुमार, मानिकचंद यादव, अनुज प्रजापति, रंजन ठाकुर, रामकुमार प्रजापति, मनोज राम, मंदीप , रामाशंकर साह, मिथिलेश ठाकुर सहित अन्य दर्शक मौजूद थे।

## मेराल हाई स्कूल के दसवीं का छात्र गोंदा से हुआ गुम



लापता अमरेश कुमार की फाइल फोटो।

मेराल (आजाद सिपाही)। हाई स्कूल के दसवीं का छात्र अमरेश कुमार पिता अनिल मेहता सोमवार को गोंदा पेट्रोल पंप के समीप निकला कलश यात्रा देखने के लिए निकाला था इसके बाद वह घर वापस नहीं आया है। परिजनों के अनुसार वह लाल रंग का शर्ट और उजाला कलर का हाफ लोअर पैंट तथा उजाला और ब्लैक कलर का चप्पल पहनकर घर से एक सौ रुपए लेकर कलश यात्रा देखने निकाला था। शाम तक घर वापस नहीं आने पर परिजनों द्वारा गांव घर, नेशनल हाईवे पर तथा रिश्तेदारों के यहां खोजबीन किया परंतु कहीं पता नहीं चला। थक हार कर परिजन द्वारा मेराल थाना में गुमशुदगी का सन्हा दर्ज कराया गया है। परिजनों द्वारा उक्त हुलिया के बच्चा को देखने पर मोबाइल नंबर 7488670826 या 9204527 273 पर बताने का आग्रह करते हुए कहा है कि पता बताने वाले को उचित पुरस्कार और सम्मान दिया जायेगा।

## मुखिया ने किया सिरियल रामायण का उद्घाटन

रंका (आजाद सिपाही)। शारदीय नवरात्र के एकम तिथि 22 सितंबर 2025 को रंका प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के मुखिया रिमा देवी (पति हेमंत पासवान) ने भलुआनी आम बागिचा के प्रांगण में दुर्गा पूजा समिति के द्वारा आयोजित सिरियल रामायण का फीता काट कर उद्घाटन किया। इस मौके पर उपमुखिया सत्यनारायण सिंह, भाजपा के मनोज ठाकुर, सरयू ठाकुर,फौदार सिंह, दयाशंकर ठाकुर सहित काफी संख्या में महिला पुरुष बच्चे एवं बच्चियां उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा पंडाल के दूसरी ओर मीट-मांस बिक्री की दुकान प्रशासनिक उदासीनता : डॉ लालमोहन



मेराल (आजाद सिपाही)। गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के मेराल प्रखंड प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के मौके पर भी मेराल बस स्टैंड स्थित दुर्गा पूजा पंडाल के दूसरी ओर मिट-मांस बिक्री की दुकान खुला रहने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे प्रशासनिक उदासीनता बताया है। डॉ लालमोहन ने कहा कि नवरात्र के पावन अवसर पर बस स्टैंड के बाजार में चालू मीट मांस की दुकान को लेकर शांति समिति की बैठक में मेराल के प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समक्ष कहा गया था, बावजूद नवरात्र के दूसरे दिन भी मीट मुर्गा की दुकान यथावत चालू है। कहा कि अगर प्रखंड प्रशासन इस बाबत कार्रवाई नहीं करती है तो बाध्य होकर इसकी शिकायत उच्च अधिकारी और विधायक से की करनी पड़ेगी।

**अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग**

**–:: द्वितीय प्रेस विज्ञप्ति ::–**

यह विज्ञप्ति श्री प्रमोद कुमार, उच्च वर्गीय लिपिक, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, झुमरीतिलैया सम्प्रति पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग को दिनांक 12.06.2025 को स्थापना समिति के बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में इस कार्यालय का ज्ञापांक–792 दिनांक 12.06.2025 के द्वारा स्थानान्तरण पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, झुमरीतिलैया किया गया है। श्री कुमार द्वारा स्थानान्तरण की प्रति इस कार्यालय से दिनांक–14.06.2025 को प्राप्त किया गया। तत्पश्चात इस कार्यालय का आदेश सं0–24 सह–पठित ज्ञापांक–809 दिनांक 16.06.2025 द्वारा स्थानान्तरित स्थान पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, झुमरीतिलैया के लिए विरमित किया गया, परन्तु श्री कुमार द्वारा न प्रभार दिया जा रहा है और न ही स्थानान्तरित स्थान पर योगदान किया जा रहा है इस आलोक में कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, झुमरीतिलैया का पत्रांक–974 दिनांक 03.07.2025 द्वारा सूचना दी गयी है कि श्री कुमार द्वारा इस प्रमण्डल में योगदान नहीं किया गया है। प्रभार सौपने हेतु इस कार्यालय का ज्ञापांक–869 दिनांक 25.06.2025, ज्ञापांक–916 दिनांक 03.07.2025 एवं ज्ञापांक–1014 दिनांक 15.07.2025 द्वारा पत्राचार किया गया है। स्थानान्तरण हुए लगभग दो माह व्यतीत होने के उपरान्त भी आपके द्वारा प्रभार नहीं दिया गया है जिससे सरकारी कार्यों में काफी कठिनाईयाँ उत्पन्न हो रही है जो आपके स्वेच्छाचारिता, कर्तव्यहीनता एवं उच्चाधिकारी का आदेश का अवहेलना को दर्शाता है।

अतः द्वितीय प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से श्री कुमार को सूचित किया जाता है, कि अपना सम्पूर्ण प्रभार एक सप्ताह के अन्दर संबंधित कर्मी को सौंपते हुए स्थानांतरित स्थान पर योगदान करें। अन्यथा किसी विपरित परिस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे अन्यथा आपके विरूद्ध अधोहस्ताक्षरी द्वारा एकपक्षीय निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होंगे।

(उपेन्द्र कुमार मण्डल),
अधीक्षण अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता अंचल,हजारीबाग

PR 362603 Drinking Water and Sanitation(25-26).D

## एसडीएम ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की

**मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन तथा मतदाता सूची के सघन पुनरीक्षण अभियान की तैयारी के बारे में विस्तार से बताया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 80-गढ़वा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सह सदर एसडीएम संजय कुमार की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्र के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन से संबंधित विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को इस संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई तथा निर्वाचन आयोग के निदेशों से अवगत कराया गया।

**33 नये मतदान केंद्रों का भेजा जा रहा है प्रस्ताव :** संजय कुमार ने प्रतिनिधियों को बताया कि मौजूदा समय में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 455 मतदान केंद्र हैं, किंतु 33 नये मतदान केंद्रों का प्रस्ताव निर्वाचन आयोग को भेजा जा रहा है। इन नए मतदान केंद्रों के गठन के पीछे जो कारण है उनमें से 1200 से अधिक मतदाताओं का होना, मतदान केंद्र की दूरी 2 किलोमीटर से अधिक होना जैसे कारण शामिल हैं। बताया गया कि अब गढ़वा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 488 मतदान केंद्र हो जायेंगे। प्रत्येक नये मतदान केंद्र के गठन के पीछे के युक्तियुक्त तर्क से सभी प्रतिनिधियों को समझाया गया और उनके फीडबैक लिये गये। बैठक में मौजूद सभी दलों के प्रतिनिधियों ने मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन प्रक्रिया पर संतुष्टि व्यक्त की। सभी को उपरोक्त विवरण उपलब्ध कराते हुए उनसे कहा गया कि यदि इन 33 के अलावा भी कहीं पर कोई नये मतदान केंद्र के गठन का तर्क सहित प्रस्ताव दो दिनों के अंदर सुझाया जायेगा तो उस पर भी सम्यक विचार किया जा सकता है।

साथ ही, अनुमंडल पदाधिकारी की ओर से प्रतिनिधियों को प्रस्तावित सघन पुनरीक्षण अभियान की तैयारियों के संबंध में भी विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में निर्वाचन प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है, और इस प्रक्रिया में राजनीतिक दलों से मंथन एवं विमर्श एक नियमित एवं आवश्यक परंपरा है। इसलिए उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे समय-समय पर अपने सुझाव एवं विचार साझा करते रहें, जिससे निर्वाचक निबंधन कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

**कार्यालयः– जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा**
**समाहरणालय भवन, 'सी' ब्लॉक, ग्राउण्ड फ्लोर, खुँटीटोली, सिमडेगा।**
**Email Id- dseofficesimdega@gmail.com**

पत्रांक.................. **आवश्यक सूचना** दिनांक.........................

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन सं0 13/2023 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के आधार पर सहायक आचार्य संवर्ग अंतर्गत सहायक आचार्य (कक्षा 06 से 08, विषयः– भाषा) के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की जिला स्तरीय काउन्सलिंग सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025,संशोधित ज्ञापांक 1504 दिनांक 31.07.2025,ज्ञापांक 1767 दिनांक 30.08.2025 एवं पत्रांक 1837 दिनांक 18.09.2025 में निहित निदेश के आलोक में उप विकास आयुक्त, सिमडेगा–सह–नोडल पदाधिकारी के आदेशानुसार निम्नवत निर्धारित की गई है :–

| काउन्सलिंग स्थल | काउन्सलिंग की तिथि | समय |
|---|---|---|
| जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, समाहरणालय भवन, सी–ब्लॉक, खूंटी टोली, सिमडेगा। | 24 सितम्बर 2025 | 09:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक |

काउन्सलिंग से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता हेतु निम्न हेल्पलाईन पर कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

| कर्मी का नाम एवं पदनाम | दूरभाष संख्या |
|---|---|
| 1. श्री संजय राम, प्रधान लिपिक, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, सिमडेगा। 2. श्री प्रवीण बाड़ा, लिपिक, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, सिमडेगा। | 7033603739 |

जिला स्तरीय काउन्सलिंग से संबंधित विस्तृत सूचना, अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची, हेल्प लाईन नं0 एवं जाँच पत्रक जिला के आधिकारिक वेबसाईट www.simdega.nic.in पर अपलोड कर दी गई है।

विश्वासभाजन
जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा

PR 362584 Simdega(25-26)#D

## राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग सदस्य से की मुलाकात



खलारी (आजाद सिपाही)। रांची बीएनआर चाणक्य होटल में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य लव कुश कुमार से मुलाकात किया मुलाकात के दौरान काउंसिल के सीसीएल महामंत्री बृजकिशोर राम, एवं काउंसिल के प्रदेश उपाध्यक्ष बिगन भोगता ने पूरे सी सी एल क्षेत्र के समस्याओं जैसे विस्थापितों के नौकरी मुआवजा, पुनर्वास एवं अनुसूचित जाति जनजाति कामगारों को रोस्टर , प्रमोशन, आवास आवंटन,सेवा पुस्तिका, कॉन्ट्रैक्टर कार्य में आरक्षण सहित अन्य समस्याओं को लेकर निदान हेतु चर्चा कर आग्रह किया। लव कुश कुमार ने काउंसिल के सदस्यों को आश्वस्त किये और कहा कि आयोग किसी भी अनुसूचित जाति के लोगों के साथ साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा।

# पुलिस गश्ती दल पर फायरिंग करने वाला अपराधी गिरफ्तार

**पकड़ा गया अंतरराज्यीय गिरोह का सदस्य, हथियार और वाहन बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी राय स्थित बंबई होटल के पास बीते रविवार की रात गश्ती के दौरान अज्ञात अपराधियों ने पुलिस दल पर फायरिंग कर दी थी। इस घटना में हवलदार रामशरेख शर्मा के पैर में गोली लग गयी थी। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये थे। हवलदार का इलाज जारी है। घटना को लेकर रांची ग्रामीण एसपी ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण की देखरेख में डीएसपी खलारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गयी। छापामारी के क्रम में राय-बुढ़मू रोड स्थित पाही जंगल से अंतर्राज्यीय गिरोह का का सक्रिय सदस्य राहुल दास, उम्र 29 वर्ष, पिता-सहेंद्र दास, ग्राम-बरेली, थाना- हंटरगंज, जिला- चतरा को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा, चार जिंदा कारतूस, 7.62 एमएम की 10 गोली, सफेद रंग की मारुति सुजुकी कार संख्या जे एच 03N1396 और बिना नंबर की अपाची मोटरसाइकिल बरामद की गयी। राहुल दास का बिहार और झारखंड के कई जिलों- गया, चतरा, गिरिडीह, हजारीबाग, रामगढ़ और रांची में लंबा आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ डकैती, लूट और शस्त्र अधिनियम के कई मामले दर्ज हैं। वह हाल ही में शेरघाटी जेल से छूटा था और अपने सहयोगियों के साथ नयी घटनाओं को अंजाम देने की योजना बना रहा था। फरार अपराधियों की तलाश जारी है। छापामारी टीम में खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी, खलारी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो, पुअनि रितेश कुमार महतो (थाना प्रभारी बुढ़मू), पुअनि रवि कुमार, एसआई कपिलदेव यादव, ओपी प्रभारी रितेश महतो समेत पुलिस शस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# सुदेश महतो और देवेंद्र नाथ महतो समेत छह पर एफआइआर दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुरी।** विगत 20 सितंबर को आदिवासी कुड़मी समाज द्वारा आहूत रेल टेका, डहर छेका आन्दोलन दक्षिणी पूर्वी प्रमंडल रांची पूर्वी जोन मुरी - सिल्ली रेल खंड पर आंदोलन में भारी संख्या में लोग जुटे थे। आंदोलन को असफल बनाने के लिए पुलिस प्रशासन दो दिन पहले से ही एड़ी चोटी एक कर दी थी। झारखंड के प्रमुख आंदोलनकारी नेता देवेंद्र नाथ महतो को डिटेन करने के लिए पुलिस दो दिन पूर्व ही तलाश कर रही थी, लेकिन देवेंद्र नाथ महतो बचते रहे और 20 सितंबर 2025 को अपने गृह विघान सभा सिल्ली क्षेत्र से हजारों की संख्या में लगभग 20 किलो मीटर पैदल चल कर हजारों समर्थक के साथ मुरी-सिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचा था और रेल पटरी पर जमे रहे। कुछ ही देर में





आंदोलनकारियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा और कुड़मी जाति को अनुसूचित जनजाति के सूची में सूचीबद्ध करो, कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करो, सरना धर्म कोड लागू करो का नारा देर रात बुलंद किया, अंततः रात्रि 10 बजे देवेंद्र नाथ महतो और सरकार के अधिकारियों के साथ सकारात्मक वार्ता के बाद आंदोलन स्थगित हुआ तथा रेल सेवा सुचारू रूप से संचालित हुआ। लेकिन पुलिस कानूनी कार्रवाई करते हुए जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो को मुख्य अभियुक्त बनाते हुए छह नेताओं पर आरपीएफ पोस्ट/ मुरी ओपी में 20 सितंबर 2025 को केस संख्या 2158/25 के तहत धारा 145, 146, 147 एवं रेल अधिनियम 174 (क) के तहत देवेंद्र नाथ महतो (नेता, जेएलकेएम), सुदेश कुमार महतो, (नेता आजसू पार्टी पूर्व विधायक), रामपदो महतो (वरिष्ठ नेता जेएलकेएम), कृष्ण महतो (जेएलकेएम सिल्ली विधान सभा प्रभारी) डोला महतो (आदिवासी कुड़मी समाज), श्रीकांत महतो (आदिवासी कुड़मी समाज) के विरुद्ध नामदर्ज एफआईआर किया गया। आंदोलन स्थल मुरी -सिल्ली रेलवे स्टेशन पर एडीएम रांची, सिल्ली बीडीओ, राहे बीडीओ, सीओ सिल्ली, रांची ग्रामीण एसपी, रांची आरपीएफ डीएसपी, मुरी आरपीएफ एसपी के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सालेहातू में चिकित्सा शिविर का आयोजन



खूंटी (आजाद सिपाही)। सेवा पखवाड़ा के तहत जिले के सरस्वती शिशु मंदिर सालेहातु में मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने संयुक्त रूप से किया। बाद में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी सस्वास्थ्य शिविर में पह्चुंचे और उसका अवलोकन किया आर मरीजों से बातचीत की। सरस्वती शिशु मंदिर सालेहातु में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर का संचालन सदर हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया। शिविर में लगभग 250 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण भी किया गया।स्वास्थ्य शिविर में मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी, डॉ. राजकुमार शर्मा, डॉ. रंजन कुमार बरला, सीएचओ आरती कुमारी, पिंकी कुमारी, मारिया गोरेती कुल्लू, कृष्णा महतो, महावीर साहू उपस्थित थे। शिविर में सहियाओ का भी सहयोग मिला। मौके पर वनवासी कल्याण केन्द्र के प्रदेश अध्यक्ष सुदन मुंडा, जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ मुंडा, जिला महामंत्री सह कार्यक्रम संयोजक संजय साहू, सह संयोजक सह जिला मीडिया प्राारी महावीर राम, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा देवी, मण्डल अध्यक्ष मदन मोहन गोप, मदन मोहन मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत, भीम सिंह मुंडा, प्रखंड प्रमुख छोटराय मुंडा, स्कुल प्रबंधन समिति के छोटराय मुंडा, कार्यालय मंत्री किशनचंद कश्यप, राजेश नाग, जीतन स्वांसी, लोदरो मुंडा, लेपो मुंडा, लेपो स्वांसी, सहित अन्य उपस्थित थे।

# एटक और सीटू ने पिपरवार में की जोरदार गेट मीटिंग

**दुर्गापूजा से पूर्व कोयला मजदूरों को एक लाख रुपये एडवांस बोनस भुगतान करने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता



अशोक परियोजना में गेट मीटिंग करते श्रमिक संगठन और मजदूर।

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना पीट ऑफिस एवं वर्कशॉप कार्यालय, सीएचपी सीपीपी परियोजना एवं पिपरवार परियोजना वर्कशॉप कार्यालय में मंगलवार को श्रमिक संगठन एटक एवं एनसीओईए सीटु के द्वारा जोरदार गेट मीटिंग किया गया। गेट मिटिंग मे कोयला मजदूरों को दुर्गापूजा से पूर्व एक लाख रुपये एडवांस के रूप में बोनस का भुगतान करने की मांग की गयी। इस दौरान श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा कोयला मजदूरों ने जमकर नारेबाजी की। सीटू के इस्लाम अंसारी और एटक के अरविंद शर्मा ने बताया कि कोल इंडिया में बोनस अग्रिम राशि एक लाख रुपए भुगतान की मांग को ले कर एटक व सीटू के आह्वान पर पिपरवार क्षेत्र मे गेट मीटिंग किया जा रहा है। जिसमें दुगार्पूजा से पूर्व मजदूरों के बीच एडवांस बोनस का भुगतान करने की मांग की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा से पूर्व कोयला मजदूरों की बीच बोनस का भुगतान किया जाता था, लेकिन इस बार मानकीकरण समिति की बैठक पर रोक लगाये जाने के कारण बोनस पर अभी तक कोई भी फैसला नहीं आ सका है, जिसके कारण मजदूरों के बीच संशय की स्थिति बनी हुई है ऐसे में एटक एवं सीटू ने कोल इंडिया प्रबंधन से दुर्गा पूजा से पूर्व एडवांस के रूप में एक लाख रुपये बोनस का भुगतान करने की मांग कर रही है। यदि कोल इंडिया प्रबंधन इस पर ध्यान नहीं देती है तो दोनों यूनियन मिलकर उग्र आंदोलन करने को बाधित होगी, जिसकी जिम्मेवारी कोल इंडिया प्रबंधन की होगी। गेट मीटिंग के दौरान सभी कोयला मजदूरों से एकजुट रहने का आह्वान किया गया, साथ ही संघर्ष को तेज करने की अपील की गयी। दोनों यूनियन के नेताओं ने अन्य श्रमिक संगठनों से भी इस आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। इस मौके पर इस्लाम अंसारी,अरविंद शर्मा, धनेश्वर गंझू, मोहम्मद रहमतुल्ला, दिलीप महतो, कयूम अंसारी, मथुरा मंडल, मोहम्मद मुबारक, फुलेश्वर महतो, अनीत कुमार, रमेश कुमार, अनिल पांडेय,सीटू भुइया, नागिया देवी, गेंदिया देवी, फोकली देवी, विकास कुमार, संगीता देवी, संजय ठाकुर, छोटन गंझू, राजमुनी देवी, कुंवर महतो, संजय तुरी, हेवंती देवी, जलेश्वर महतो, बलराम भोगता सहित सैकड़ों मजदूर उपस्थित थे।

# विकास में नारी शक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण : सुदीप गुड़िया



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने जागू क्षेत्र के ग्रामीणो को आश्वस्त किया कि उनकी हर समस्या का समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। विधायक मंगलवार को तोरपा प्रखंड के जागू गांव में आयोजित ग्रामसभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इसके पूर्व जागू गांव पहुंचेन पर स्थानीय लोगों ने पारंपरिक ढंग से विधायक स्वागत किया। विधायक ने कहा कि विकास में सबसे बड़ी भूमिका नारी शक्ति होती है। समाज और परिवार के विकास के लिए महिलाओं को जागरूक होना पड़ेगा। मौके पर गांव वालो ने विधाायक को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने कहा कि ग्रामसभ के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अबुआ सरकार हर वर्ग-समुदाय और क्षेत्र का विकास करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मौके पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमृत हेमरोम, प्रखंड सचिव जेम्स आईंद, चंदन ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## रैयत विस्थापित मोर्चा के स्थापना दिवस की सफलता पर मोर्चा ने जताया आभार



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी सीपीपी लोडिंग पॉइंट के समीप संपन्न हुए रैयत विस्थापित मोर्चा के 15वां स्थापना दिवस के सफल आयोजन पर क्षेत्रीय समिति ने क्षेत्र के विस्थापितों को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया है। रैयत विस्थापित मोर्चा ने 15 वे स्थापना दिवस कार्यक्रम में 30 सूत्री मांगों को लेकर घोषणा-पत्र जारी कर आगे की रणनीति की घोषणा करते हुए कहा कि नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास, रोजगार,सीएसआर, डीएमएफटी फंड, विस्थापितों के पहचान पत्र, निजी कम्पनी में बहाली, भूखंड के बदले एक मुस्त भुगतान सहित 30 सूत्री मांगों पर मोर्चा का आंदोलन पहल संघर्ष तेज किया जायेगा। स्थापना दिवस कार्यक्रम के सफलता का श्रेय क्षेत्र के रैयत विस्थापित प्रभावितों एवं रिजेक्ट लोडिंग मजदूरो को देते हुए क्षेत्रीय कमेटी ने आभार प्रकट किया है, साथ ही आगे भी इसी तरह का साथ व सहयोग देने की उम्मीद जताई है। आभार व्यक्त करने वालों में मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष इकबाल हुसैन, सचिव रामचंद्र उरांव, अर्जुन गंझु, रंथु गंझु, मोहम्मद फिरोज, इंद्रजीत उरांव, दिरपाल टाना भगत, बाबूलाल भगत, चेतलाल महतो, वीरू मुंडा, बिनोद महतो, प्रकाश सिंहा, अजय राम, मो निजामुद्दीन, अंकुश राम, चंदन कुमार, अनिल ठाकुर, मो. साजिद, मो. सैफुल्लाह, अनिल, राहुल, विकास खलको सहित कई लोगो का नाम शामिल हैं।

## एमसीएच खूंटी में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कैंप का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मातृ एवं शिशु अस्पताल खूंटी के प्रांगण में मंगलवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रम से संबंधित जांच शिविर लगाये गये, जिनमें प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण, हीमोग्लोबिन, मधुमेह, सर्वाइकल कैंसर, सिकल सेल, रक्तदान, मानसिक स्वास्थ्य, परिवार नियोजन आदि के स्टाल लगाकर अस्पताल में आए मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गयी और जांचोपरांत परामर्श दिया गया।

भारतीय स्वास्थ्य प्राधिकरण से डॉक्टर राजलक्ष्मी दास एवं राज्य कार्यक्रम समन्वयक अकाय मिंज ने सदर अस्पताल में लगे कैंप का निरीक्षण किया। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर आनंद किशोर उरांव ताया कि कैंप का आयोजन 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक किया जाना है। कैंप में प्रतिदिन 500 से 600 मरीजों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि मधुमेह में 57, रक्तचाप में 57, टीवी में 25, परिवार नियोजन में 33 और किशोर किशोरी स्वास्थ्य 23 लोगों की जांच कर काउंसलिंग किया गया। डॉ लक्ष्मी दास ने कैंप में उपस्थित सभी कर्मियों को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार ऐप में डाटा एंट्री करने का निर्देश देते हुए कहा कि जिन स्वास्थ्य संस्थानों में इंटरनेट सुविधा नहीं है, वहां स्पेशल कैंप के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जाये। इस दौरान उन्होंने सदर अस्पताल के अन्य वार्ड लेबर रूम, इमरजेंसी, आईसीयू, ओटी, ओपीडी, फार्मेसी काउंसलिंग रूम का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## नवरात्रि के दूसरे दिन विधि-विधान से हुई माता ब्रह्मचारिणी की पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मंगलवार को मां दुर्गा की नव शक्तियों के दूसरे स्वरूप देवी ब्रह्मचारिणी की विधि-विधान से पूजा की गयी। इस अवसर पर खलारी कोयलांचल के विभिन्न पूजा पंडालों में भक्तिमय वातावरण रहा। प्रखंड क्षेत्र में करीब एक दर्जन से अधिक पूजा पंडालों में मां दुर्गा स्थपित प्रतिमाओं को पूजा की जा रही है। ऐसे में क्षेत्र के श्रीजानकी रमण मंदिर सहित करकट्टा, धमधमिया, खलारी बाजारटांड़, मोहननगर, डकरा, केडीएच, सुभाष नगर, लपरा, हेसालौंग, नावाडीह आदि जगहों पर सुबह से ही वैदिक मंत्रो, दुर्गा सप्तशती पाठ की ध्वनि से भक्तिमय का वातावरण रहा। करकट्टा दुर्गा मंडप के पुजारी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि नवरात्रि के दूसरे दिन मां दुर्गा की द्वितीय स्वरूपा देवी ब्रह्मचारिणी की विशेष आराधना की गयी। देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा से तप, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। मां ब्रह्मचारिणी की कृपा से मनुष्य को सर्वत्र सिद्धि और विजय की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि बुधवार को मां दुर्गा की तृतीय स्वरूपा देवी मां चंद्रघंटा की पूजा होगी।

## सिल्ली-मुरी में दुर्गा पूजा की तैयारियां जोर-शोर से



सिल्ली (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। विभिन्न पूजा समितियां अपने-अपने पंडालों को भव्य स्वरूप देने में जुटी हुई हैं। कहीं आकर्षक गेट का निर्माण किया जा रहा है, तो कहीं रंग-बिरंगी लाइटिंग से पूरा क्षेत्र जगमगा रहा है। सिल्ली-मुरी के पंडालों में इस बार खासतौर पर मां के दरबार को सिंनाहरी और फूल-मालाओं से सजाकर लोगों के आकर्षण का केंद्र बनाया जा रहा है। वहीं, सिल्ली और आसपास की दुर्गा पूजा समितियों ने भी लगभग सभी तैयारियों को अंतिम चरण में पहुंचा दिया है। इधर बाजारों में भी रौनक बढ़ गयी है। पूजा को देखते हुए लोगों का आना-जाना काफी बढ़ गया है और चारों ओर उत्सव का माहौल छा गया है। यह दुर्गोत्सव धार्मिक आस्था का प्रतीक है, मां के दर्शन से लोगों में शक्ति का संचार होता है आदि दुर्गा पूजा समिति मेन रोड सिल्ली, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महावीर चौक सिल्ली सार्वजनिक दुर्गोत्सव पूजा समिति राधिका मैदान सिल्ली, जन जागरण दुर्गा पूजा समिति बड़ा मुरी बाजार, हिंडाल्को दुर्गा पूजा समिति मूरी आदि पूजा समिति की तैयारी लगभग पूरी हो गयी है।

# अफीम की खेती को रोकने के लिए चलाया जाये जागरूकता अभियान

**तमाड़ प्रखंड सभागार में ग्राम प्रधानों और पुलिस तथा प्रशासनिक पदाधिकारियों की समन्वय बैठक आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** तमाड़ प्रखंड सभागार में ग्राम प्रधानों और पुलिस तथा प्रशासनिक पदाधिकारियों की समन्वय बैठक आयोजित किया गया। बैठक अनुमंडल पदाधिकारी किष्टो कुमार बेसरा एवं ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष यदु गोपाल सिंह मुंडा के संयुक्त अध्यक्षता में किया गया, जबकि संचालन ग्राम प्रधान राधा गोविंद सिंह मुंडा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी किष्टो कुमार बेसरा ने क्षेत्र के विकास में सबसे बड़ी बाधा बन रहे अफीम की खेती को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने अर्थात अफीम की खेती को पूर्णतः रोक लगाने के साथ ही डायन प्रथा जैसे कुरीतियों को दूर करने एवं बाल विवाह प्रथा पर रोक लगाने सहित कई अन्य कुरीतियों पर समाज हित में जागरूक करने के लिए ग्राम प्रधानों से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कई ऐसी कुरीतियां और बुराईयां समाज के अंदर है जिसे दूर कर ही क्षेत्र का विकास संभव है। वहीं थाना प्रभारी प्रवीण कुमार मोदी ने ग्राम प्रधानों से अपील किया कि किसी भी स्थिति में अपने क्षेत्र में अफीम की खेती न करायी जाये। समाज के कोई भी व्यक्ति खेती करते, अफीम के साथ पकड़े जाने या डोडा के साथ पकड़े जाने पर कई कठोर कार्रवाई करने पर बाध्य होना पड़ता है।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कहा कि निश्चित रूप से अफीम की खेती समाज के लिए अभिशाप है। लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कहा कि ऐसे संवेदनशील मामलों में सबके ऊपर कारवाई होनी चाहिए। चाहे दोषी कोई भी रहे। ऐसे में आम लोगों का विश्वास पुलिस प्रशासन के ऊपर बना रहेगा और समाज में विद्वेष का माहौल नहीं बनेगा। साथ ही लक्ष्मण सिंह मुंडा ने अनुमंडल पदाधिकारी को तमाड़ प्रखंड के जर्जर सड़क पर संज्ञान लेते हुए जल्द सड़क मरम्मत करवाने का आग्रह किया। खास कर तमाड़ रायडीह से पुंडीदीरी होते हुए लुंगटु परासी तक का जर्जर सड़क एवं सलगाडीह से जामडीह सहित कई अन्य जर्जर सड़क शामिल हैं। अनुमंडल पदाधिकारी ने इस पर जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। ग्राम प्रधान यदु गोपाल सिंह मुंडा, मानकी जगन्नाथ सिंह मुंडा, राजेंद्र सिंह मुण्डा आदि ने पेशा एक्ट के तहत ग्राम सभा को मजबूत करने के लिए प्रशासनिक मदद करने का आग्रह किया। वहीं ग्राम प्रधानों ने सम्मानित राशि को समय पर देने तथा राशि नहीं दी रही बाकी ग्राम प्रधानों को भी सम्मानित राशि जल्द देने का आग्रह किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने किसानों को वैकल्पिक खेती के लिए किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। बैठक में ग्राम प्रधान यदु गोपाल सिंह मुंडा, लक्ष्मण सिंह मुंडा, राधा गोविंद सिंह मुंडा, मानकी जगन्नाथ, राजेंद्र सिंह मुंडा, विमल पातर, अनुप कुमार मुंडा, यदु सिंह मुण्डा, दुबराज सिंह मुंडा, परेश सिंह मुंडा, शिव लोचन सिंह मुंडा, कंचन सिंह मुंडा, यमुना देवी, राजमनी देवी, प्रधान सिंह, विजय सिंह, भैया राम, योगेश्वर, लक्ष्मण, मनोहर, गंगाधर, गोपाल, आमिन उरांव सहित सैकड़ों ग्राम प्रधान और डाकुआ उपस्थित थे।

# खूंटी अंचल में मना राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर एकल अभियान खूंटी के विभिन्न गांवों में मंगलवार को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामवैद्य द्वारा आयुर्वेद एवं विभिन्न जड़ी बूटियों की जानकारी देते हुए आयुर्वेद के महत्व को बताया गया। ग्रामवैध के द्वारा जंगल में पाये जाने वाले जड़ी बूटियों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी, जिससे लोग लाभान्वित हो सकें। मौके पर सम्भाग गतिविधि प्रमुख विश्वजीत महतो ने राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर विशेष जानकारी देते हुए बताया कि भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद का जनक माना जाता है।

क्योंकि भगवान धन्वंतरि जब समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे तो उनके एक हाथ में अमृत कलश और दूसरे हाथ में आयुर्वेद विद्या था। उन्होंने कहा कि इस दिन को केवल भारत में नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में आयुर्वेद के संपूर्ण योग निवारण पद्धति के रूप में मान्यता दी गयी है। उन्होंने कहा कि लोगों को आयुर्वेद के महत्व से अवगत कराने के लिए गांव गांव में जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। आयुर्वेदिक पद्धतियों को पुनः जागृत करने के लिए विभिन्न औषधीय पौधों के बारे में जानकारी दी जा रही है जैसे - तुलसी, नीम , सहजन, बेंग साग, गिलोय, आंवला, हरसिंगार इत्यादि अनेक जड़ी बूटी की पहचान कराया गया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से एकल अभियान भाग समिति उपाध्यक्ष बालमुकुंद कश्यप, खूंटी अंचल समिति अध्यक्ष ज्योतिष भगत, भाग अभियान प्रमुख चंद्रशेखर कुमार, अंचल अभियान प्रमुख सुंदर पहान, गतिविधि प्रमुख जयसिंह मुंडा, संच शिवचरण मुंडा, विरेंद्र सिंह मुंडा, दुर्गा मुंडा, आचार्या पूजा देवी, कमला देवी सहित अन्य कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 24 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## महत्वपूर्ण खबरें

### जमीन विवाद में बुजुर्ग से मारपीट, मौत

नामकुम (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत हहाप पंचायत के चांदी टोला में सोमवार देर रात जमीन विवाद में हुए मारपीट में मानकी मुंडा (65) की मौत हो गयी है। मामले में मृतक के बेटे ने नामकुम थाना में प्राथमिकी भी दर्ज करायी है। इसके बाद पुलिस ने अजीत मुंडा एवं मेघनाथ मुंडा को हिरासत में लिया। दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार मानकी पुस्तैनी जमीन को बेचना चाह रहा था, लेकिन रिश्तेदार उसका विरोध कर रहे थे। सोमवार को उक्त जमीन पर मृतक एक अन्य मजदूर के साथ काम करवा रहा था। इसी दौरान अजीत और मेघनाथ अन्य लोगों के साथ वहां पहुंचा और मना किया। मानकी ने काम रोकने से मना किया तो सभी मिल कर मानकी एवं मजदूर के साथ मारपीट की, तभी मजदूर वहां से भाग गये, जबकि मानकी घर आकर सो गया। देर रात उसकी तबीयत बिगड़ने लगी इसके बाद परिजन उसे अस्पताल ले जाने की व्यवस्था करने लगें। इसी दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। फिलहाल हिरासत में लिये गये लोगों से पूछताछ की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### लापुंग में वज्रपात से मस्जिद और खपरैल मिट्टी के घर को हुई क्षति

लापुंग (आजाद सिपाही)। प्रखंड के फतेहपुर मस्जिद में गरज के साथ बारिस कल देर तक लगभग 7.30 बजे शाम में बिजली गिरा जिसमें मस्जिद के बायां छोटा गुंबद टूट गया। साथ ही इदरीस मियां, खपरैल घर में इसी का झटका लगा। गरीब का घर का कांड़ वो खपड़ा टूट गया। आसमानी कहर इबादत खाना को भी नहीं बख्शा और आसमानी बिजली के गिरने मस्जिद और एक छोटा गुंबद को हिस्सा को क्षति हुई। बिजली गिरने के वक्त लोग मस्जिद के ऊपरी तले में मौलाना मेहराब आलम बच्चे को पढ़ाई करा रही थी साथ ही कुछअपने घरों में बैठे थे साथ ही महिलाएं खाना बाना रही थी। लोग बिना मौसम के बारिश से डरे सहमे हुए रहते है।

### चान्हो में ट्रक हादसा, चार लोग घायल

चान्हो (आजाद सिपाही)। चान्हो थाना क्षेत्र के अंबाटांड़ के निकट खलारी बीजूपाड़ा मार्ग पर मंगलवार अपराह्न करीब डेढ़ बजे एक टर्बो ट्रक असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गया। इस हादसे में ट्रक चालक सहित चार लोग घायल हो गये। चान्हो पुलिस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। घायलों की पहचान मैक्लुस्कीगंज थाना अंतर्गत नारायणधोड़ा निवासी 27 वर्षीय देवा मुंडा, 25 वर्षीय हरि साहू, खलारी हुटाप निवासी 35 वर्षीय आरिफ हुसैन और 40 वर्षीय गणेश भुइयां के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार ट्रक में सवार लोग ईंट लोड करने खलारी के एक ईंट भट्ठा जा रहे थे। इसी दौरान सड़क पर अचानक मवेशी आ जाने से चालक ने मवेशी को बचाने की कोशिश की, लेकिन ट्रक असंतुलित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया।

### बेड़ो नेहालू डुमरी टोंकाटोली में वज्रपात से गाय की मौत

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के नेहालु पंचायत के डुमरी टोंका टोली गांव निवासी तिलु उरांव की गर्भवती गाय मंगलवार की दोपहर में वर्षा के दौरान हुई बज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के समय गाय घर के पास बांस की झाड़ी के नीचे रस्सी से बांधा हुआ था। तभी बारिश के दौरान अचानक बिजली कड़की और गाय बज्रपात की चपेट में आ गई और घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी मिलने पर पंचायत के मुखिया वीरेंद्र भगत और उप मुखिया जितिया उरांव घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित किसान को उचित मुआवजा दिलाने का अश्वासन दिया।

### झामुमो नेता वीरु साहू को मातृशोक



नामकुम (आजाद सिपाही)। नामकुम के लोवाडीह निवासी सह झामुमो नेता वीरु साहू की माता सुशीला देवी (79) का आकस्मिक निधन हो गया। मंगलवार सुबह सुशीला देवी का अचानक तबीयत खराब हाने के बाद परिजन उन्हें रांची स्थित गुरुनानक अस्पताल ले गए। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सुशीला अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। इधर निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त किया। दोपहर 1 बजे उनके आवास से पुरुलिया रोड स्थित नामकुम स्वर्णरेखा नदी मुक्तिधाम घाट के लिए अंतिम यात्रा निकाला गया। जिसके बाद घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। छोटा बेटा दिलीप साहू ने मुखाग्नि दिया। अंतिम संस्कार में बेटा सुरेश साहू, वीरु साहू, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, निजी सहायक दिनेश चंद्र प्रमाणिक, मंटू लाला, विलियम रिचर्ड लकड़ा, जावेद अख्तर, बीरु तिर्की, जोसफ मिंज, अशोक शाह, बनमाली मंडल, उमेश साहू, संजीव लकड़ा, अनिरुद्ध पांडे, महादेव मुंडा आदि शामिल हुए।

### सीआरसी रांची में विश्व सांकेतिक भाषा दिवस




नामकुम (आजाद सिपाही)। सीआरसी रांची में मंगलवार को विश्व सांकेतिक भाषा दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड एसोसिएशन ऑफ डेफ के सचिव रंजीत कुमार तथा डेफ एसोसिएशन रांची की सचिव ज्योत्सना एम. बाघेला उपस्थित रहे। इस दौरान सांकेतिक भाषा को बढ़ावा देने तथा समावेशी संवाद की आवश्यकता पर विचार-विमर्श किया गया। सीआरसी रांची के निदेशक सूर्यमणि प्रसाद ने बताया कि इंडियन साइन लैंग्वेज विशेष रूप से श्रवण एवं वाक बाधित व्यक्तियों के लिए विकसित की गयी है। जिससे वे आपस में तथा सामान्य जनों से प्रभावी संवाद कर सकें। संस्थान में इंडियन साइन लैंग्वेज पर आधारित दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स संचालित है, जिसमें 10+2 उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रवेश ले सकते है। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों से आये 50 प्रतिनिधि एवं डिसली कोर्स के प्रशिक्षु शामिल होकर सांकेतिक भाषा के महत्व को समझा।

### रामचरित्र मानस पाठ से भक्तिमय हुआ बेड़ो



बेड़ो (आजाद सिपाही)। श्रीश्री दुर्गा पूजा महासमिति के तत्वावधान में महादानी मंदिर परिसर में बने पंडाल एवं दुर्गा मंदिर में आयोजित शारदीय नवरात्र से पूजा स्थल एवं आसपास का क्षेत्र भक्ति से सराबोर हो गया है। संगीतमय श्रीराम कथा एवं नवाह रामचरितमानस पाठ, दुर्गा सप्तशती के पाठ, भक्ति गीत की गूंज,आरती व मां के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया है। जहां मंगलवार को मां के दूसरे रूप ब्रम्हचारिणी की पूजा-अर्चना श्रद्धा के साथ हुई। वहीं एकल अभियान के संच अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में दो दशक से आयोजित रामचरित मानस पाठ शारदीय नवरात्र में कलश स्थापना के पहले दिन के पूजा से आरंभ होकर दूसरे दिन जारी है। जहां श्री हरि सत्संग समिति झारखंड प्रदेश के व्यास व उनके सहयोगी द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से रामचरितमानस का धारा प्रवाह पाठ किया जा रहा है। जहां रामचरित मानस पाठ को सुनने के लिए प्रतिदिन काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंच रहे हैं। वहीं दुर्गा मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र के अवसर में कलश स्थापित कर मां दुर्गा का पाठ किया जा रहा है। सुबह शाम माता के आरती में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

# भारी बारिश से मकान ढहा बच्चे की दब कर हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिकिदिरी।** कुच्चू पंचायत के कुच्चू गांव में सोमवार रात को हुई मुसलाधार बारिश से जलेशवर बेदिया का कच्चा मकान ढह गया। घर में सो रहा धीरज बेदिया, पिता जलेशवर बेदिया (उम्र 5 वर्ष) की दबकर मौत हो गयी। घटना रात लगभग 9 बजे की है। जानकारी के अनुसार खाना खा कर परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे, तभी अचानक घर की दिवार गिर गयी, जिससे धिरज बेदिया दब गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। इसकी जानकारी मुखिया को दी गयी। मुखिया ने सिकिदिरी थाना को सूचना दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी सुबह घटना स्थल पर पहुंचे एवं घटना की जानकारी ली। परिजनों के लिखित अग्रह पर कि हमें दाह संस्कार करने अनुमति दी जाये, थाना प्रभारी ने आवेदन लेकर दाह संस्कार करने लिए छोड़ दिया।

इस संबंध में मुखिया ने अंचलाधिकारी अनगड़ा से संपर्क किया गया। इस पर अंचलाधिकारी ने कहा कि घर गिरने का मुआवजा मिलेगा, लेकिन बच्चे की मौत का कोई मुवाजा नहीं मिलेगा। मौके पर पिड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे जिला परिषद सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, एवं भाजपा अनुसुचित जनजाति मोर्चा रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष बुधराम बेदिया ने कहा कि सरकार को ऐसे अपात दुर्घटना पर परिवर के सदस्यों को अपदा राहत कोष से मुवावजा का भुगतान करना चाहिए। सरकार का य निर्णय उचित नहीं लगता है। इस मौके पर मुखिया सहदेव बेदिया, सोहरैया बेदिया, जयशंकर पहान, सफिक अनसारी आदि ने शौक व्यक्त किया एवं परिवार के सदस्यों को ढ़ांढस बंधाया।

## अधिकारियों ने किया पूजा पंडालों का निरीक्षण



बेड़ो (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर बिजली विभाग के एसडीओ हिमांशु वर्मा जेई रंजीत कुमार एनसीसी कंपनी के जेई निहिर कुमार डीपीएम मनीष कुमार विधुत कर्मी सचिन राय व संतोष तिर्की ने मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा पूजा पंडाल सहित प्रखंड के खत्री खटंगा, पाकलमेड़ी, तुको, दिघिया, मुरतो, ईंटा चिल्द्री एवं घाघरा आठों पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्युत तारों और उपकरणों की गहन जांच की गई और सुरक्षा मानकों का पालन करने को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। पंडालों में की गई विद्युत सजावट, कनेक्शन एरिया की दूरी, लगाए गए उपकरणों और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की गई। जहां-जहां खामियां पाई गईं, वहां सुधार करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान मुरतो पूजा पंडाल के समीप तार के ऊपर पेड़ की झूल रहे डालीयो को काटा गया। घाघरा पूजा पंडाल के ऊपर नंगा तार को केवलिंग किया गया। ईंटा चिल्द्री में चार पोल लगाकर तार को ऊंचा किया गया। वहीं इटकी प्रखंड के गड़गांव में एक पोल लगाकर तार को ऊंचा किया गया। लापुंग के ककरिया पूजा पंडाल में केवलिंग किया गया। टीम ने सुरक्षित वायरिंग, तारों को ऊंचाई पर रखने, आग से बचाव के इंतजाम और पोल व ट्रांसफार्मर से उचित दूरी बनाए रखने का निर्देश दिया। बच्चों को बिजली उपकरणों से दूर रखने के लिए सुरक्षा घेरा बनाने का भी निर्देश दिया गया।

## उषा मार्टिन में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान शुरू



नामकुम (आजाद सिपाही)। उषा मार्टिन फाउंडेशन में मंगलवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत हुई। इस अभियान में कारखाना में कार्य करनेवाली महिला कामगारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह अभियान ईएसआई के साथ संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर उषा मार्टिन लर्निंग एकेडमी में एक प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। जहां स्वास्थ्य की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर 45 से अधिक कामगार महिलाओं के बीपी, सुगर, हिमोग्लोबीन और जीवनशैली से संबंधित अन्य जांच किया गया। कंपनी के सीएमओ डॉ सोमनाथ चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य की समस्या हमारे जीवन शैली से जुड़ी है। कार्यशील महिलाओं के सामने चुनौती है कि वे अपने प्रोफेसनल दायित्व के साथ शारीरिक समस्याओं पर पूरा ध्यान रखे। इसके लिए महिलाओं को समय निकाल कर जरूरी जांच को नियमित अंतराल पर करना चाहिए, ताकि स्वस्थ बनी रहे। अरविंद कुमार ने कहा कि यह भारत सरकार की योजना है, जो ईएसआई के साथ सहयोग से प्लांट में स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। डॉ रागनी ने सभी कारखाना में कार्यरत महिलाओं की जांच की। उषा डीजीएम विवेक प्रभाकर ने कहा कि सशक्त परिवार तभी सही होगा, जब महिलाएं स्वस्थ रहेगी। इसके लिए स्वस्थ जांच नियमित होना चाहिए। इस अवसर पर महिलाओं ने कंपनी के अभियान की सराहना की।

## तुको में दुर्गा पूजा की तैयारी जोर शोर से



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के एभरग्रीन दुर्गा पूजा समिति तुको के तत्वावधान में दुर्गा पूजा की तैयारी जोरों पर है। दुर्गा पूजा पंडाल व प्रतिमा को कलाकार अंतिम रुप देने में लगे हैं। वहीं पूजा पंडालों में विद्युत सज्जा की जा रही है।पूजा को लेकर हर तरफ उत्साह का माहौल है। दुर्गा मंदिर परिसर में दुर्गा मंदिर के सामने काल्पनिक पंडाल के प्रारूप का आकर्षक पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। इस कार्य में पूजा समिति के सदस्यों के साथ कलाकार व कारीगर लगे हैं। वहीं पूजा समिति के अध्यक्ष बलराम सिंह ने बताया कि शारदीय नवरात्र का शुभारंभ सप्तमी को विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुरू हो जाएगा। साथ ही शाम में सूजी के हलवे वितरण अष्टमी को खीर का वितरण किया जाएगा। नवमी के रात में बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा जिसमें बेहतर करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं शाम में खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। वहीं 2 अक्टूबर को विजयदशमी के दिन मूर्ति विसर्जन व आतिशबाजी के बीच रावण दहन किया जाएगा। वहीं नीलकंठ दर्शन और शाम में बड़ो से आशीर्वाद लिया जायेगा। पर्व को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## नीरजा सहाय डीएवी में शिक्षकों के लिए हार्टफुलनेस कार्यक्रम का आयोजन



पिठोरिया (आजाद सिपाही)। कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में शिक्षकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय हार्टफुलनेस कार्यक्रम का समापन हुआ। आज के सत्र में मन - मस्तिष्क पर व्याप्त चिंताओं की कालिमा को मूल से नष्ट करने और अपनी आंतरिक शक्ति को समझ कर तदनुसार ढालने की प्रक्रिया को हार्टफुलनेस सोसायटी के वॉलंटियरों के द्वारा शिक्षकों को सिखाई गई। इस संस्था से शीला सिंह पूर्व शिक्षिका डी ए वी ललपनिया, संजय कुमार सिंह पूर्व महाप्रबंधक एन सी एल सिंगरौली, एस के सिंह पूर्व उप महाप्रबंधक टीटीपीएस ललपनिया, उमेश सिंह पूर्व महाप्रबंधक एनसीएल ने विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से मस्तिष्क को क्रियाशील बनाने एवं उसकी क्रियाशीलता को बढ़ाने की प्रक्रियाएं साझा की। इस अवसर पर प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि आज के तनावपूर्ण एवं प्रतिस्पर्धी समय में इस प्रकार के कार्यक्रमों से हमारे मन को आंतरिक शक्ति का आभास होता है।

# नगड़ी प्रखंड सभागार में शांति समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्का नगड़ी।** दुर्गा पूजा को लेकर नगड़ी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में मंगलवार को शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गयी। मौके पर नगडी प्रशासन के वरीय अधिकारी नगड़ी बीडीओ सीओ राजेश कुमार शांति समिति के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी, दुर्गा पूजा के कई समिति, रावण दहन समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता नगड़ी अंचल अधिकारी राजेश कुमार ने किया बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और आपसी एकता के साथ मनाने पर विशेष बल दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से पुलिस मुख्यालय टू के उपाधीक्षक अरविंद कुमार ने उपस्थित लोगों से कहा कि आप शांति और सौहार्द के साथ दुर्गा पूजा मनायें, प्रशासन आपके साथ हैं। बैठक में, जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, बीडीओ दीपाली भगत, नगड़ी थाना प्रभारी प्रवीण कुमार, दलादिली टीओपी प्रभारी सुजीत उरांव शांति समिति के लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव तपेश्वर केशरी, दिलरूबा हुसैन, दौलतराम केशरी चूड़ामणी महतो, केदार महतो, मो शहीद अहमद ,बजरंग महतो हेमंत केसरी अब्दुल कुदूश, राहुल चौधरी, सर्वेश भगत, एनुल अंसारी पसस शीला देवी अनिता देवी, बांदे उरांव, राखी देवी, मनोज महतो विनोद तिर्की, सुरेश महतो, विजय महतो तस्लीम अंसारी सरफराज अंसारी भोला केसरी राजेंद्र महतो संजय उरांव सत्यनारायण ठाकुर रोहित साहू वरुण महतो सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## बिनोद बिहारी महतो की जयंती पर लिया गांवों को स्वच्छ रखने का संकल्प

# हमें बिनोद बिहारी महतो के समर्पण, त्याग और आंदोलन से झारखंड अलग राज्य मिला : जैलेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** बिनोद बिहारी महतो की जयंती के मौके पर लोगों ने मंगलवार को सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाने का आहवान किया। गांव को स्वच्छ व सुंदर रखने का संकल्प लिया गया। जयंती रांची-मुरी मार्ग के चतरा मोड़ में मनाया गया। बिनोद बिहारी महतो के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। आयोजन समिति के द्वारा एक दर्जन महिला समूहों के बीच स्वच्छता अभियान को लेकर झाड़ू, केन, परात का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने कहा कि हमें झारखंड अलग राज्य बिनोद बिहारी महतो के समर्पण, त्याग और आंदोलन के कारण संभव हुआ। हमें पढ़ो और लड़ों के लिए तैयार रहना होगा। संचालन प्रतिमा निर्माण समिति के अध्यक्ष संतोष महतो ने किया। इस अवसर पर रणधीर चौधरी, सुरेंद्र महतो, भाजपा अनगड़ा मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, नरेश साहू, रामनाथ महतो, सुकुल महतो, नंदलाल महतो और अमर महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

# कटहल मोड़ में दिखा तेंदुआ, लोग भयभीत

## अंधेरे में घरों से बाहर न निकलें लोग : थाना प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** रातू थाना क्षेत्र के कटहल मोड़ के एक घर में लगे सीसीटीवी में एक तेंदुए के विचरन करने का बीडीओ कैद हुआ है। बीडीओ में तेंदुआ रोड के एक छोर से दूसरे छोर में जाते हुए साफ दिखाई दे रहा है। घटना मंगलवार देर रात की है। हालांकि तेंदुए के गुजरने की भनक घर वालों को नहीं लगी। गृह स्वामी ने जैसे ही अपने घर के सीसीटीबी फुटेज में तेंदुए को देखा, उन्होंने तत्काल इसकी सूचना रातू पुलिस को दी। जानकारी मिलते हीं थाना प्रभारी रामनरायण सिंह कटहल मोड़ पहुंचे एवं वन विभाग को भी इसकी जानकारी दी। रातू पुलिस एवं वन विभाग के लोगों ने अपने स्तर से तेंदुए की तलाश की लेकिन वह कहीं दिखायी नहीं दिया। कई लोगों ने तो इसे शेर भी बतलाया है। जिस जगह तेंदुए को देखा गया है, वहां घनी आबादी है। रातू पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारियों ने सभी से सावधानी बरतने की सलाह दी है। साथ हीं अंधेरे में किसी को भी घर से निकलने से मना किया है। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील किया है कि यदि किसी को भी तेंदुआ दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल रातू थाना या वन विभाग को दें।

## महत्वपूर्ण खबरें

### झारखंड मिल्क फेडरेशन के प्रोग्रेसिव किसानों की पहल, चान्हो में डेयरी किसानों की विशेष गोष्ठी



चान्हो (आजाद सिपाही)। चान्हो प्रखंड के बीजूपाड़ा स्थित स्मार्ट बैंक्विट हॉल में मंगलवार को झारखंड मिल्क फेडरेशन के प्रोग्रेसिव किसानों द्वारा डेयरी किसानों की एक विशेष गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन दुग्ध उत्पादक समिति के सदस्य जावेद अंसारी ने किया। गोष्ठी में किसानों को गुणवत्तापूर्ण दूध उत्पादन, पशुओं के स्वास्थ्य प्रबंधन, हरा चारा एवं संतुलित पशु आहार, तथा दुग्ध उत्पादों के मूल्य संवर्धन संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। पशुपालन विभाग के प्रतिनिधियों ने पशु स्वास्थ्य पर तकनीकी जानकारी साझा की, वहीं बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने किसानों को बैंक से जुड़कर विभिन्न लाभकारी योजनाओं का फायदा उठाने का आग्रह किया। विधायक प्रतिनिधि सुजीत शाही ने कहा कि बैंक, झारखंड मिल्क फेडरेशन, गव्य विकास निदेशालय और पशुपालन विभाग के बीच आपसी समन्वय बनाकर किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुँचाया जाएगा। जय प्रकाश जायसवाल ने पशुपालन में आधुनिक तकनीक के प्रयोग पर जोर देते हुए उत्पादन बढ़ाने के उपाय बताए। इस मौके पर भानु महतो, जावेद अंसारी, विनोद सिंह, अरविंद सिंह, दिलीप साहू, नंदलाल गोप सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### नवागढ़ पंचायत में बेदिया विकास परिषद का किया गया बैठक



सिकिदीरी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के नवागढ़ पंचायत सचिवालय में मंगलवार के दिन बेदिया विकास परिषद रांची का बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता बेदिया विकास परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष शंकर बेदिया ने किया। बैठक में रांची रामगढ़ हजारीबाग जिले के विभिन्न गांव से बेदिया समाज के बुद्धिजीवी और समाजसेवी उपस्थित हुए। बैठक में समाज के सामाजिक स्वशासन व्यवस्था, रीति रिवाज धर्म संस्कृति भाषा आदि को संरक्षित करने पर विशेष जोर दिया गया। केंद्रीय अध्यक्ष शंकर बेदिया ने कहा कि समाज को शिक्षित बनाने एवं संगठित करने की जरूरत है। शिक्षा के बिना हम अपने समाज को आगे नहीं बढ़ा सकते हैं समाज के लोगों से अपील किया कि अपने परंपरा अपनी भाषा संस्कृति को बचाने एवं संरक्षित के लिए आगे आये। बैठक में बेदिया विकास परिषद के केंद्रीय सचिव अशोक राम बेदिया, केंद्रीय सदस्य बालेश्वर बेदिया धनेलाल बेदिया, नवागढ़ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, कुच्चु मुखिया सहदेव बेदिया, रांची जिला अध्यक्ष शिवशंकर बेदिया, प्रखंड अध्यक्ष संतोष बेदिया, बाल गोविंद बेदिया, पहलू बेदिया, सुमन बेदिया, शनिचरवा बेदिया, नरेंद्रनाथ बेदिया, प्रदीप बेदिया, नरेश बेदिया, विजय बेदिया, बलिया बेदिया, जगाबंधु बेदिया, सोमरा बेदिया, लहरू बेदिया उपस्थित थे।

### लगातार वर्षा से मटर, आलू और फ्रेंचबीन की फसल हुई बर्बाद

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के नगड़ी टोली, खुखरा, खत्रीखटंगा, पुरियो, पाकलमेड़ी, फादिलमर्चा, जरिया, केशा, नारी, कराजी, जामटोली, चरिमा सहित कई गावों के किसानों की हाड़तोड़ मेहनत पर पूरी तरह पानी फिर गया है। रुक रुक कर लगातार हो रही वर्षा से किसानों की सब्जी की फसलें बर्बाद हो गयी हैं। वर्षा का असर खेतों में लगे मटर आलू व फ्रेंचबीन के बीज में देखने को मिल रहा है। खेत में लगी मटर आलू व फ्रेंचबीन की बीज में पानी भर गया है। इससे तीनों फसलों को भारी नुकसान हुआ है। वही कई किसानों की खेतों में लगे टमाटर, कद्दू, भिंडी, फूलगोभी, पत्तागोभी, खीरा, बैगन व मिर्चा की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। प्रखंड के बजरंग महतो,ब्रजेश महतो, गोपाल महतो, ईश्वर महतो, बलदेव महतो, पवन कुमार, पंकज कुजुर किसानों का कहना है कि लगातार वर्षा ने किसानों को भारी नुकसान हुआ है।

### स्वर्ण डीपीएस में कला प्रतियोगिता का आयोजन



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जरिया गांव स्थित स्वर्ण डीपीएस स्कूल में मंगलवार को शारदीय नवरात्रि के अवसर पर स्कूल के प्रांगण में कला व शिल्प प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें एलकेजी से कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जहां छात्र-छात्राओं ने दुर्गा पूजा से जुड़े विभिन्न पारंपरिक और सजावटी वस्तुओं जैसे कलश, आकर्षक वॉल हैंगिंग, मूर्तियां, थीम-आधारित पोस्टर, और अन्य हस्तनिर्मित वस्तुओं का निर्माण किया। मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक दीपम बनर्जी ने सभी बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थी न केवल पढ़ाई में, बल्कि सांस्कृतिक और कलात्मक गतिविधियों में भी अच्छे हैं। इनकी कलाकृतियां दुर्गा पूजा के प्रति उनके गहरे लगाव और समझ को दर्शाती हैं। उप-प्रधानाचार्या सोनम प्रसाद ने कहा हर एक कलाकृति में बच्चों की मेहनत और उनकी कल्पना शीलता साफ झलक रही थी। ऐसे आयोजन बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करते हैं। वहीं स्कूल प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष, एडवोकेट अविनाश पांडेय ने कहा कि बच्चों ने जिस सृजनात्मकता और उत्साह का प्रदर्शन किया है,वह सराहनीय है। वहीं छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका प्रेमिका लकड़ा, संध्या साहू, श्वेता वर्मा, अलमा बारा, शिवानी कुमारी, सोनम कुमारी का सराहनीय योगदान दिया।

## झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दी बधाई

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के वर्ष 2025 – 26 की नयी कार्यकारिणी के लिए आदित्य मल्होत्रा की टीम ने विजय हासिल की है। इसपर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने विजयी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि नव नियुक्त पदाधिकारी निरंतर व्यवसायी हित में बेहतर कार्य करें। उन्होंने इस नयी टीम पर भरोसा जताया। साथ ही हारने वाले प्रत्याशियों को संबोधित करते हुए कहा कि चैंबर का हर व्यक्ति व्यवसायियों के लिए महत्वपूर्ण होता है सबको मिल कर व्यवसायी हित में सोचना चाहिए जो इस बार विजयी होने से चूक गये उनसे भी रमेश कुमार ने हताश हुए बिना चैंबर और व्यापारी हित में काम करने की अपील की है।

## ढोका पत्थर और मिट्टी युक्त बालू से बन रहे घाघरा-नेतरहाट सड़क के गार्डवाल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक ने अपने बिशुनपुर दौरा के क्रम में घाघरा से बिशुनपुर होते हुए नेतरहाट तक सड़क के किनारे बनने वाली गार्डवाल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया की साइज पत्थर के जगह बड़ा-बड़ा ढोका पत्थर तथा मिट्टी युक्त बालू का खुलेआम इस्तेमाल की जा रही है। निर्माण कार्य के पास इंजीनियर तो दूर मुंशी तक नहीं हैं। मिस्त्री और लेबर जैसे तैसे प्राक्कलन को ताक पर रखकर कार्य करते देखे गये। लगता है की गार्डवाल का निर्माण सरकार की योजना से नहीं बल्कि खैरात में मिली पैसे से काम हो रहा है। श्री सिंह ने कहा कि दो दिनों के अंदर गुमला उपायुक्त और कार्यकारी विभाग अविलंब इस मामले की जांच कर प्राक्कलन के अनुसार गार्डवाल निर्माण कार्य कराना सुनिश्चित करें। इस तरह से विकास कार्य की राशि लूट खसोट की गई तो पार्टी लिखित कंप्लेंट करते हुए आंदोलन पर भी विचार करेगी, जिसकी सारी जवाबदेही कार्यकारी विभाग की होगी। इस मौके पर श्री सिंह के साथ आदित्य सिंह, पंचराम भगत साथ थे।

## पंचायतों में चलाया गया जनसंपर्क अभियान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के अंतर्गत मंगलवार को जिले के विभिन्न पंचायतों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान चौक-चौराहों पर स्थित दुकानदारों को एकल उपयोग प्लास्टिक के प्रयोग को समाप्त करने तथा इसके स्थान पर इको-फ्रेंडली थैले एवं कपड़े के कैरी बैग के उपयोग हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही ग्रामीणों को घरेलू स्तर पर कचरे का पृथक्करण करने तथा 3 आर(रीड्यूज, रीयूज, रीसायकल) की अवधारणा को अपनाने हेतु जागरूक किया गया। इस जनसंपर्क अभियान में जिला समन्वयक, ब्लॉक वॉश समन्वयक, मुखिया, जलसहिया एवं ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही। ग्रामस्तर पर इस अभियान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति सजग एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया गया।

## अखिल भारतीय जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक ने किया बसिया का दौरा



**बसिया (आजाद सिपाही)।** छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व मंत्री सह अखिल भारतीय जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत का झारखंड दौरा के क्रम में बसिया प्रखंड अंतर्गत जोलो स्कूल के समीप (आम बगीचा) ग्रामीणों द्वारा दिनेश लकड़ा की अगुवाई में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर गणेश राम भगत ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी अपनी रीति रिवाज परंपरा ढोल नगाड़ा बजाना नाचना गाना नहीं छोड़ें यहीं हमारी धार्मिक पहचान है। आधुनिक युग में हमारा समाज सब कुछ धीरे-धीरे भुलाते जा रहे हैं जिसका धर्मान्तरित लोग फायदा उठा रहे हैं। आने वाले समय के लिए, पीढी के लिए हमारे पुरखों से दिया हुआ धर्म संस्कृति विरासत को संजो के रखना है। सभी लोगों को गीत गाकर भी जगाने का प्रयास किये । माउके प्रति जनसंख्या सुरक्षा मंच की प्रांत सदस्य सनी टोपो, जनजाति सुरक्षा मंच के जिला संयोजक दिनेश लकड़ा, बंतरिया के जोगेश्वर पाहन लुंगटू , पूजार बहुरा उरांव,समाजसेवी शैलेश साहू , आनंद साहू , बाली उराव, लच्छू ओरांव, लखन सिंह, ओम प्रकाश साहू, कार्तिक उरांव, विक्रम लकड़ा, अरविंद लोहरा ,मुरकुंडा पंचायत के मुखिया शिवदयाल साहू ,सचिन साईं, जहरू सिंह के साथ सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

## शिविर में 14 यूनिट रक्त का संग्रहण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा ब्लॉक परिसर में प्रखंड प्रशासन की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीडीओ दिनेश कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे और उन्होंने लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक किया। शिविर में ब्लॉक कर्मियों, ग्रामीणों और अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों सहित कई लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस क्रम में 14 यूनिट रक्तादान किया गया। वही बीडीओ दिनेश कुमार ने बताया कि रक्तदान एक महान कार्य है, जिससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने ग्रामीणों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील भी की। शिविर में पहुंचे लोगों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और आमजन को रक्तदान के प्रति प्रेरणा मिलती है। प्रखंड स्तर पर इस तरह की पहल से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी और स्थानीय अस्पतालों में रक्त की कमी दूर होगी। कार्यक्रम के सफल संचालन में स्वास्थ्य विभाग की टीम और प्रशासनिक कर्मियों की सराहनीय भूमिका रही। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ अरविंद कुशल एक्का, सतीश कुमार, जसवंत महतो, आलोक कुमार, ज्ञानरंजन, कृष्णा साहू, पंकज कुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### केवीके और विकास भारती की श्री अन्न उत्पादन तकनीकी सह प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन

## जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निबटने में श्री अन्न एक अच्छा विकल्प : एके सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र गुमला, विकास भारती बिशुनपुर द्वारा श्री अन्न उत्पादन तकनीकी सह श्री अन्न प्रसंस्करण इकाई का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर 'जलवायु परिवर्तन अनुकूल कृषि पर राष्ट्रीय नवाचार' परियोजना के अंतर्गत 'जलवायु परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में श्री अन्न का महत्व' विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय सेमिनार का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने की। मुख्य अतिथि भाकृअनुप अटारी पटना, जोन-4 के निदेशक डॉ अंजनी कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ संजय कुमार (पूर्व वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान), महेन्द्र भगत (संयुक्त सचिव, विकास भारती बिशुनपुर), पंकज कुमार, डॉ बृजेश पांडेय (वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, केवीके गुमला), भिखारी भगत एवं प्रवाल मैत्रा ने भी सहभागिता की। मुख्य अतिथि डॉ अंजनी कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए श्री अन्न (मिलेट्स) एक उपयुक्त विकल्प है। यह फसलें कम पानी में, गरीब और बंजर भूमि पर भी आसानी से उगायी जा सकती हैं। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे परंपरागत धान और गेहूं के साथ-साथ श्री अन्न को भी अपनायें ताकि पोषण और आय दोनों में संतुलन स्थापित हो सके।




पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि श्री अन्न केवल किसानों की आजीविका ही नहीं, बल्कि ग्रामीण समाज के पोषण सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने विकास भारती के प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि गुमला जिले में श्री अन्न उत्पादन एवं प्रसंस्करण को बढ़ावा देकर यहां के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। डॉ बृजेश पांडेय ने प्रसंस्करण इकाई की तकनीकी जानकारी साझा की और बताया कि इससे किसानों को न केवल उत्पादन में लाभ मिलेगा, बल्कि मूल्य संवर्धन के माध्यम से उनकी आय भी दोगुनी हो सकेगी। वहीं अन्य वक्ताओं ने किसानों को श्री अन्न से तैयार उत्पादों की बढ़ती बाजार मांग के बारे में बताया। सेमिनार के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए किसानों को जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और उसके समाधान के रूप में श्री अन्न की खेती को अपनाने पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

## उर्मी चौक के पास ऑटो पलटने से छह घायल

**तीन घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बायपास रोड उर्मी चौक में ऑटो पलटने से गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह 11 बजे एक ऑटो में सवार होकर 8 से 9 लोग गुमला बाजार आ रहे थे तभी उर्मी चौक के पास एक कुत्ता अचानक सड़क पर दौड़ गया जिससे ऑटो चालक का संतुलन बिगड़ गया और ऑटो सड़क पर ही पलट गया ऑटो पलटने से समसेरा निवासी 33 वर्षीय प्रियंका देवी उसका पुत्र 2 वर्षीय आयुष महतो और फिरू खड़िया गंभीर रूप से घायल हो गये। अन्य लोगों को हल्की चोट लगी। घटना की सूचना पर गुमला थाना की पुलिस चौक पहुंची और तीनों घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना में प्रियंका देवी के सर व गला आयुष के सर और पैर में चोट लगी। फिरू खड़िया का एक हांथ टूट गया। प्रियंका देवी ने बताया वह अपने बेटे का आधार कार्ड बनवाने गुमला आ रही थी वही अन्य लोग साप्ताहिक बाजार होने के कारण बाजार आ रहे थे इस घटना में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गये। अन्य लोगों का प्राथमिक स्तर पर इलाज किया गया घटना के बाद लोगों के भीड़ जुट गयी पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायल को सदर अस्पताल भेजा गया।

## बॉक्साइट माइंस क्षेत्र में आंदोलन की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति बिशुनपुर के तत्वाधान में बिशुनपुर टाना भगत चौक में पंचराम भगत की अध्यक्षता में बॉक्साइट का दोहन नहीं चलेगा, रोजगार सड़क और शुद्ध पानी की व्यवस्था करो, जर्जर सड़क में चलने को हम मजबूर क्यों हैं सरकार प्रशासन व हिंडाल्को जवाब दो, जैसे नारे के साथ वीर जतरा टाना भगत के गृह प्रखंड में नुक्कड़ सभा आयोजित कर अभियान की शुरूआत की गयी। नुक्कड़ सभा में मुख्य रूप से उपस्थित ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि बॉक्साइट माइंस के गांव में पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार जैसी बुनियादी सुविधा अब तक बहाल क्यों नहीं हुआ सरकार और




प्रशासन जवाब दे नहीं तो आंदोलन के लिए जंगल पहाड़ में रहने वाले आदिवासी और मूलवासी मजबूर होंगे। श्री सिंह ने सरकार और जिला प्रशासन को माइंस क्षेत्र क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराते हुए कहा है कि भारी संख्या में पलायन व मानव तस्करी हो रही है, वहीं सड़क बिल्कुल जर्जर हो चुके हैं फिर भी हिंडाल्को कंपनी सिर्फ बॉक्साइट का दोहन कर क्षेत्र के लोगों का शोषण करने में लगी है। राज्य सरकार व जिला प्रशासन इसकी जांच कराते हुए बुनियादी सुविधा बहाल करना सुनिश्चित करें। माइंस क्षेत्र के लोगों से श्री सिंह ने अभियान को तेज करने की अपील भी की है। सभा से यह भी घोषणा की गयी है कि माइंस क्षेत्र के गांव तथा घाघरा, आदर, गुमला तथा लोहरदगा जिला मुख्यालय में हिंडाल्को कंपनी की लूट नीति के विरुद्ध अभियान चलाते हुए बड़ी आंदोलन की तैयारी किये जाने और इस मामले को लेकर उच्च न्यायालय की भी दरवाजा खटखटाने की घोषणा की गयी है। कार्यक्रम में समिति के वरिष्ठ नेता आदित्य सिंह, रामलाल असुर, रामप्यार टूरी, शिवप्रसाद नायक, पति लोहरा, रामदयाल भगत, बालगोविंद साहू के अलावे काफी संख्या में समिति के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चैंबर का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने जाने पर कांग्रेसियों ने रमेश कुमार को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर प्रखंड के कांग्रेसियों ने रमेश कुमार चीनी को बधाई दी। इस मामले में प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष गुलाम सरवर ने अपने टीम के साथ परिषद धन भवन गुमला में झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव रमेश कुमार चीनी को झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल क्षेत्र के उपाध्यक्ष बनाए जाने पर अंग वस्त्र एवं फूलों की गुलदस्ता देकर बधाई देते हुए व्यापारियों, आमजनों और कांग्रेस पार्टी के हितों में कार्य करने की आशा व्यक्त की। गुलाम सरवर ने कहा हमारे गुमला जिला के लिए यह बहुत ही गर्व की बात है कि हमारे कांग्रेस पार्टी से दूसरी बार झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की चुनाव में निर्विरोध जीत दर्ज करने का गौरव प्राप्त किया। इस जीत पर झारखंड एवं गुमला जिला में कांग्रेसियों के बीच उत्साह का माहौल है।



बधाई देने वाले में प्रखंड महासचिव रहमान अंसारी, महासचिव एजाज अहमद, पंचायत उपाध्यक्ष अफरोज खान, रामकिशन बड़ाइक, नारायण एक्का, ब्रजकिशोर उरांव, सोमा उरांव, राजा खड़िया, चार्ल्स लकड़ा सहित काफी संख्या में कांग्रेसियों के नाम शामिल हैं।

## घाघरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर पथ संचलन संपन्न

**विभाग प्रचारक स्वामी जी ने कहा कि संगठन और अनुशासन से ही राष्ट्र मजबूत बनता है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर मंगलवार को आदर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर आधार में विजयादशमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रातः 9 बजे से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक व आमजन शामिल हुए। उत्सव के तहत सरस्वती शिशु मंदिर से पथ संचलन प्रारंभ हुआ, जो ज्योति लाल महतो के होटल तक पहुंचा। वहां से पुनः लौटकर पथ संचलन का समापन सरस्वती शिशु मंदिर आधार के प्रांगण में किया गया। इस अवसर



पर मुख्य अधिकारी के रूप में गुमला विभाग के विभाग प्रचारक सामी जी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बीते 100 वर्षों से समाज को संगठित कर राष्ट्र निर्माण की दिशा में कार्य कर रहा है। संगठन और अनुशासन ही राष्ट्र की मजबूती का आधार है। आज का यह पथ संचलन समाज में जागरूकता और एकता का संदेश देता है। हमें मिलकर जन-गण-मन को जागृत करना है, तभी सुनिश्चित परिवर्तन संभव होगा। कार्यक्रम के दौरान संघ गीत, शस्त्र पूजन और वार्षिक उत्सव की परंपरागत विधियां संपन्न की गयी।

**इनकी रही मौजूदगी :** इस अवसर पर आदर मंडल प्रमुख लाल साहू, स्वयंसेवक बादल राम, भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, मनीष जायसवाल, सुदर्शन प्रजापति, अमन गुप्ता, सूरज नायक सहित संघ के पदाधिकारी, स्वयंसेवक और स्थानीय गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मोबाइल चोरी के आरोपी को छात्राओं ने पीटा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत बिरसानगर पुग्गू स्थित सुमति छात्रावास में रविवार को एक लड़के ने कमरे में घुसकर एक छात्रा का मोबाइल चोरी कर लिया था। फिर उसके मोबाइल को उसके एक साथी ने उससे छीन लिया। छात्रा द्वारा लगातार कॉल किए जाने के बाद भी उसका मोबाइल वापस नहीं किया जा रहा था। इसके बाद मंगलवार की सुबह 10 बजे सभी छात्राएं एकजुट होकर बिरसानगर निवासी 18 वर्षीय अनीश टोप्पो पिता मांगू टोप्पो के घर पहुंचे। फिर मोबाइल मांगने लगे नहीं देने पर उसकी जमकर कुटाई की। इसके बाद उसे ऑटो से लेकर गुमला थाना पहुंची जहां थाना को सुपुर्द कर दिया गया। पूछताछ में बताया यह चोरी सरना टोली निवासी शोहित नामक लड़के ने किया था वहीं पुलिस लड़के को थाने में रखकर पूछताछ कर रही है।

## तेलंगाना सुरंग हादसे में मृत मजदूरों के आश्रितों को मिला मुआवजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** तेलंगाना सुरंग हादसे में मृत मजदूरों के आश्रितों को मंगलवार को मुआवजा दिया गया। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कंपनी के द्वारा दी गई राशि मृतकों के आश्रितों को प्रदान किया गया। विदित हो कि तेलंगाना राज्य के नागरकुरनुल जिले में घटित एसएलबीसी सुरंग हादसे में गुमला के दो मजदूरों की मौत हो गयी थी। मजदूरों के आश्रितों को कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम 1923 के तहत मुआवजा राशि का भुगतान किया गया। यह राशि कंपनी के द्वारा जिला प्रशासन को भेजी गयी थी जिसे औपचारिक रूप से परिजनों को सौंपा गया। मृतक संदीप साहू के परिवार को मुआवजा राशि प्रदान की गयी जिसमें उनकी बहन पूर्णिमा कुमारी को तीन लाख रुपये और उनकी माता बिरसमुन्नी देवी को चार लाख इकहत्तर हजार पांच सौ तिरासी रुपये का चेक सौंपा गया। वहीं मृतक जगता क्षेस की माता मंगरी देवी को ग्यारह लाख इक्यासी हजार छह सौ उनसठ रुपये की राशि का चेक उपायुक्त के हाथों से दिया गया। उपायुक्त ने परिजनों को संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि यह आर्थिक सहयोग कठिन परिस्थिति में परिवारों को आंशिक राहत प्रदान करेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन मजदूर परिवारों की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर है तथा भविष्य में भी हर संभव सहयोग उपलब्ध कराता रहेगा।

## भूमि विवाद को अंचल दिवस में सूचीबद्ध करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के दौरान घाघरा निवासी किरासी लोहारा ने शिकायत की कि विद्युत विभाग द्वारा उनके घर की बिजली बिना किसी सूचना के काट दी गयी है। इस पर उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता, बिजली विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जन शिकायत दिवस में कई आवेदन भूमि विवाद से संबंधित रहे। इन मामलों को उपायुक्त ने अंचल



दिवस में सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया ताकि संबंधित अंचल अधिकारी की उपस्थिति में त्वरित सुनवाई कर समाधान किया जा सके। जारी प्रखंड निवासी संतोष बड़ाइक ने अपना आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि उनके दो छोटे बच्चे सिकल सेल एनीमिया बीमारी से पीड़ित हैं। उन्होंने उपायुक्त को यह भी अवगत कराया कि हाल ही में उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में एसबीएमएलजी पद पर योगदान दिया था, लेकिन कुछ कारणवश उन्हें उस पद से हटा दिया गया। उन्होंने प्रशासन से रोजगार उपलब्ध कराने में सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की ताकि वे अपने बच्चों का सही इलाज करा सकें। उपायुक्त ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सिविल सर्जन गुमला को पत्र अग्रसारित कर बच्चों के सुरक्षित एवं समुचित इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त विभिन्न योजनाओं से संबंधित कई आवेदन भी प्राप्त हुए।

## घाघरा में सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के लोहरदगा रोड स्थित पुरानी पेट्रोल पंप के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत इलाज के दौरान हो गई। मृतक का नाम लगभग 22 वर्षित बबलू उरांव बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जग बगीचा निवासी मृतक बबलू उरांव व प्रिंस उरांव दोनों मोटरसाइकिल में सवार होकर घाघरा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान पेट्रोल पंप में एक बॉक्साइट ट्रक तेल लेने के लिए घुस रहा था। जिसे देखकर मोटरसाइकिल में सवार दोनों घबरा गए और अचानक ब्रेक मारा। जिससे चालक प्रिंस उरांव काफी दूर जा गिरा। वहीं बबलू ट्रक के छक्का के नीचे आ गया और ट्रक उसे रौंदते हुए पार कर गया। आनन फानन में घायल बबलू को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया।


**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय चतरा**
**(E.mail: dpochatra@yahoo.com)**
**(जिला योजना)**

**–:सूचना:–**

Mission Director, Aspirational District & Block Programme, NITI Aayog, Govt. of India के Circular on Key Initiative under Aspirational Blocks Programme के तहत दिनांक 25.08.2023 मे निहित शर्तो के अनुरूप तथा नीति आयोग भारत सरकार के कार्यालय पत्रांक A/8/2023-Administration (part1) दिनांक 06.02.2025 के द्वारा चतरा जिला में आकांक्षी प्रखण्ड (मयुरहण्ड) कार्यक्रम हेतु आकांक्षी ब्लॉक फेलो की नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी तौर पर 01 वर्ष हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। तत्पश्चात प्राप्त आवेदनो का गठित Scrutiny Committee के द्वारा जांचोपरांत संलग्न विवरणी के अनुसार आवेदकों को साक्षात्कार के लिए चयन किया गया है। उपायुक्त चतरा के आदेश दिनांक 13.09.2025 के आलोक में उक्त चयनित आवेदकों का साक्षात्कार कार्यक्रम समाहरणालय, चतरा के सभागार कक्ष मे दिनांक 08.10.2025 के पूर्वाह्न 10:30 बजे से सुनिश्चित है। अतः निदेशित है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर साक्षात्कार हेतु अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।

**नोटः**–विज्ञापन की विस्तृत विवरणी जिले के अधिकारिक वेबसाइट www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
चतरा

PR 362598 (Planning and Development)25-26*D

## डीएमएफटी घोटाले पर सख्त कार्रवाई की मांग, सांसद प्रतिनिधि ने सीएम को लिखा पत्र

**पेटरवार (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि श्रीधर महतो ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर बोकारो जिले के पूर्व डीसी विजया जाधव पर लगे डीएमएफटी मद से 500 करोड़ रुपये के घोटाले के आरोपों की जांच तेज करने की मांग की है। पत्र में श्रीधर महतो ने कहा कि पूर्व डीसी विजया जाधव को पुनः बोकारो में पदस्थापित किया जाना चाहिए, ताकि जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और वास्तविक दोषियों की पहचान हो सके। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि उनके कार्यकाल में जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों का तबादला किया गया था, उन्हें पुनः बहाल किया जाए। इससे जांच में सहयोग मिलेगा और तथ्य सामने आ पाएंगे। श्रीधर महतो ने कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जो सीधे ग्रामीणों की सुविधाओं और विकास कार्यों से जुड़ी है। ऐसे फंड का दुरुपयोग और बंदरबांट करना समाज व राज्य के लिए गंभीर अपराध है। मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए श्रीधर महतो ने कहा कि दोषियों पर उच्च स्तरीय जांच कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाये।

## ठेका मजदूरों को बोनस नहीं देना प्रबंधन की असफलता : साधु शरण गोप



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** श्रमिक संगठन जनता मजदूर सभा (जेएमएस) के महासचिव साधु शरण गोप ने कहा है कि बोकारो इस्पात संयंत्र में कार्यरत ठेका मजदूरों को बोनस से वंचित रखना प्रबंधन की असफलता है। उन्होंने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रोत्साहन राशि के लिए बनी फॉमूर्ला में निर्धारित बोनस से अधिक राशि नहीं बन सकती है। बीएसएल कर्मी को पूजा पूर्व भुगतान के लिए यूनियन आभार प्रकट करता है। लेकिन, ठेका मजदूरों के साथ अन्याय हुआ है। प्रबंधन व एनजेसीएस यूनियन ने उनके लिए पूजा प्रोत्साहन राशि पर पहल भी नहीं किया है। यह दुखद है। ठेका मजदूर इससे अपमानित महसूस कर रहे हैं। जिम्मेदार लोग चिंतन करें , उनके बच्चे कैसे खुशियों मनाएंगे। गोप ने प्रबंधन से मांग किया कि ठेका मजदूरों को सितंबर माह का पूरा काम का पूरा वेतन पूजा के पूर्व में भुगतान करा दे। साथ ही, बिना इंट्रेस्ट का दस किस्त पर दस हजार लोन दिला दें। इसी में प्रबंधन के लिए वे दुआ करेंगे।

## पहला कदम स्कूल में इंटरनेशनल साइन लैंग्वेज डे, बच्चों ने सिखाये ट्रैफिक रूल्स




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित विशेष दिव्यांग स्कूल पहला कदम में 23 सितंबर मंगलवार को इंटरनेशनल साइन लैंग्वेज डे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऑडियोलॉजिस्ट जय भारत कुमार रहे। उन्होंने बच्चों को प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि साइन लैंग्वेज दिव्यांगजनों के जीवन में संवाद और आत्मनिर्भरता का महत्वपूर्ण माध्यम है। मुख बधिर बच्चों ने इस अवसर पर नाटक के द्वारा साइन लैंग्वेज के माध्यम से ट्रैफिक रूल्स को समझाया और यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। उनकी प्रस्तुतियों को सभी ने सराहा। कार्यक्रम में स्कूल सुपरवाइजर कौशल अग्रवाल और स्कूल की सचिव अनीता अग्रवाल भी शामिल हुई और शिक्षकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभायी। अंत में अनीता अग्रवाल ने मुख्य अतिथि जय भारत कुमार एवं अन्य आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में जागरूकता और सकारात्मक सोच का संचार भी करते हैं।

## बिना पूर्व सूचना के घंटों बंद रहा हाथुडीह रेल फाटक, राहगीर और स्कूली बच्चे रहे परेशान



**महुदा (आद्रा डिवीजन)।** दक्षिण पूर्व रेलवे के अधीन महुदा–खानुडीह रेल खंड स्थित हाथुडीह रेल फाटक (बिजी–21) को मंगलवार को बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों तक बंद रखा गया। फाटक पर आवश्यक मरम्मत एवं रख–रखाव कार्य किया गया, लेकिन रेलवे प्रशासन द्वारा न तो आमजन को सूचित किया गया और न ही वैकल्पिक मार्गों की कोई व्यवस्था की गई, जिससे क्षेत्र के राहगीरों, दिहाड़ी मजदूरों, कर्मचारियों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि पूर्व में इसी प्रकार के कार्य को लेकर रेलवे प्रशासन ने महुदा थाना और पंचायत प्रतिनिधियों को पत्र देकर सूचित किया था, साथ ही वैकल्पिक रास्तों के उपयोग की अपील भी की गयी थी। लेकिन इस बार अफसरशाही की बेरुखी और तानाशाही रवैये के चलते जनता को भारी असुविधा झेलनी पड़ी। स्थानीय लोगों ने इस अव्यवस्था पर रोष जताते हुए कहा कि बिना सूचना के रेल फाटक को लंबे समय तक बंद करना आम जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने मांग की कि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति से बचने के लिए रेलवे प्रशासन पारदर्शिता अपनाए और सूचना व्यवस्था को बेहतर बनाए। इधर एक स्थानीय युवक ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर मामले को साझा कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। रेल मंत्रालय ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मामले की जांच का जिम्मा आद्रा रेल डिवीजन को सौंपा, जिससे संबंधित कार्रवाई शीघ्रता से की जा सके। इधर पदुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश पटवारी ने कड़ा रुख अपनाते कहा कि इस बार रेलवे प्रशासन द्वारा ट्रेक की मरम्मति कार्य की कोई सुचना नहीं दी गयी। बिना कोई सुचना के फाटक घंटो बंद रखा गया। जिससे राहगीरों एवं स्कूली बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जो बिलकुल गलत हैं, जबकि पूर्व में सूचना दी गयी थी। उन्होंने सख्त लहजे में रेलवे प्रबंधन से अगली बार इस तरह के कार्यों को करने के लिए सुचना देना अनिवार्य करने की बात कही ताकि उनके ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को कोई असुविधा न हो।

## मैथन सिरामिक ने चलाया स्वच्छता अभियान

**चिरकुण्डा (आजाद सिपाही)।** शिवलीबाड़ी के विभिन्न क्षेत्रों में मैथन सिरामिक के सौजन्य एवं उपप्रमुख एग्यारकुंड प्रखंड विनोद दास के प्रयास से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत सचिवालय, मैथन रोड़ किरण सेल्स, मैथन मोड़ ओवरब्रिज के निचे, कालीमंडा, सलीका सहित आसपास के क्षेत्रों जेसीबी मशीन एवं ट्रेक्टर से सफाई कराई गई। मैथन सिरामिक द्वारा क्षेत्र में सीएसआर मद से पिछले तीन वर्षो से जनहित में कई कार्य किये गये है। जिसका लाभ सीधे आसपास के रहने वालों को मिल रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपप्रमुख विनोद दास ने बताया की आगामी दुर्गापूजा, कालीपूजा, दीपावली एवं छठ महा पर्व को देखते हुए मैथन सिरामिक के सौजन्य से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। वही मैथन सिरामिक के पदाधिकारी सीएस सिंह ने कहा की उपप्रमुख विनोद दास के अनुरोध पर आगामी पर्व त्यौहारों को देखते हुए आसपास के जितने भी कचरा है उसकी सफाई करायी जा रही है।

# पैसा के विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े, खूब चले लाठी-डंडे

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुण्डा।** कुमारधुबी ओपी क्षेत्र के मैथन मोड में दो पक्ष आपस में पैसा विवाद को लेकर भीड़ गये। जिसमें जमकर लाठी, डंडा एवं पत्थर का उपयोग हुआ। विवाद में दोनों पक्ष से दो-दो लोग घायल हैं। सभी को कुमारधुबी पुलिस इलाज हेतु अस्पताल भेज दिया है। करीब एक घंटे तक मैथन मोड रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। जिसके चलते आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। राहगीर भय से आना-जाना बंद कर दिये। जिस तरह से एक घंटे तक पत्थरबाजी एवं लाठी चली ऐसा लग रहा था कि कुमारधुबी क्षेत्र में प्रशासन का कोई भय नहीं है। घायल होने के बावजूद दोनों पक्ष रुकने का नाम नहीं ले रहे थे। करीब एक घंटे बाद कुमारधुबी पुलिस मौके पर पहुंची। उसके बाद दोनों पक्षों के लोगों को पड़कर ओपी ले आई।

इस संबंध में जानकारी देते हुए घायल मिथलेश यादव ने बताया कि पैसे की लेनदेन को लेकर लगभग 8 महीनों से विवाद चला आ रहा है। मांगने पर टालमटोल करते आ रहे है। इसे लेकर कुमारधुबी पुलिस से भी शिकायते की गई थी। और आज पैसा मांगे तो गोविन्द यादव, अरुण यादव, रंगीला यादव, विकास यादव, आकाश यादव अन्य 10-15 लोगों के साथ लाठी डंडे से हमला कर दिया। जिसमें मैं खुद एवं संतोष यादव के सर में चोट आयी है।

वही गोविन्द यादव ने बताया की मिथलेश यादव, सोनू यादव, दारा यादव, खटर यादव, बहाल यादव, पंद्रह साथियों के साथ हमला कर दिया। जिसमें मेरे सर एवं अरुण यादव के पैर में चोट लगी है। पुलिस चारो घायलों को फिलहाल इलाज हेतु निरसा स्वास्थ केंद्र भेज दिया है। जहा मिथलेश यादव को धनबाद रेफर किया गया है,कुमारधुबी ओपी प्रभारी मैथ्यु एक्का का कहना है की पैसे की लेनदेन को लेकर मारपीट हुई है। सभी घायलों को इलाज के लिए भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सच्ची लगन और दृढ़ इच्छा से कोई भी बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है : राज्यपाल

अनिल चौधरी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का बोकारो जिला आगमन पर पेटरवार जिला बॉर्डर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने उन्हें गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। जिसके बाद राज्यपाल बोकारो परिसदन पहुंचे, जहां पुलिस जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। झारखंड के राज्यपाल चंदनकियारी स्थित स्टेडियम में जनजाति कुड़मी महतो के पारंपरिक महतो देश मंडल बाइसवीं समाज के आह्वान पर आयोजित पुष्पांजलि सभा में विनोद बिहारी महतो के 102वीं जयंती पर आयोजित समारोह में शामिल होने के लिए बोकारो पहुंचे थे। बोकारो के चंदनक्यारी स्थित विनोद बिहारी स्टेडियम में झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार पहुंचे। जहां राज्यपाल ने विनोद बिहारी की प्रतिमा परमाल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन व्यक्त किया। इस मौके पर बगोदर विधायक नागेन्द्र महतो, गोमिया के पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, डुमरी विधायक जयराम महतो सहित अन्य बोकारो के डीसी डीसी अजय नाथ झा बोकारो जिला कप्तान हरविंदर सिंह सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभा का संबोधित करते हुए महामहिम संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि यहां आने के बाद जिस तरह हमको जानकारी मिली कि झारखंड राज्य बनाने में इनकी अगुवाई थी। राजपाल ने कहा कि आज आवश्यकताएं है की विधानसभा और लोकसभा में मजबूती से जो बात रख सके वैसे लोग होने चाहिए। उन्होंने जनता से कहां की इस बात पर विचार करें। और यह कोशिश करें कि आपकी सोच के लोग ज्यादा-से-ज्यादा लोग आए जो आपकी बातों को रख सकें। जीवन सघर्ष और समर्पण जो हम लोगों के लिए पथ निर्देशक है। विनोद बिहारी महतो ने सामाजिक न्याय और समानता को अपना धीर बनाया और पिछले वर्ग को आवाज देने काम किया। विनोद बिहारी महतो का जन्म अत्यंत एक साधारण परिवार में हुआ था किंतु उन्होंने अपने संकल्प और संघर्ष से निश्चय किया की सच्ची लगन और दृढ़ इच्छा से कोई भी बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। वहीं जेएलकेएम के सुप्रीमों सह डुमरी विधायक जयराम महतो ने स्थानीय नीति पर जोरदार हमला करते हुए महामहिम राज्यपाल से विनती करते हुए इस पर अमल करने की बात कही और कहा कि जो गुरु के गुरु रहे हैं उन्हें भारत रत्न की उपाधि प्रदान की जाये। आगे कहा कि स्वर्गीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन के भी स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो गुरु रहे हैं इसलिए उनके विचारों और आदर्शों को हमें अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है और उनके आदर्शों और विचारों को बच्चों को भी पढ़ाया जाना चाहिए।

# सीएसआइआर का 84वां स्थापना दिवस मना

**सिंफर ने लिया वैज्ञानिक उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण में सीएसआइआर की विरासत को आगे ले जाने का संकल्प**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआइआर) की 84वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन सीएसआइआर - केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान धनबाद में उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर 1942 में सीएसआइआर की स्थापना से लेकर अब तक की वैज्ञानिक उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण में योगदान को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। सीएसआइआर-सीआइएमएफआर के निदेशक प्रोफेसर अरविंद कुमार मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा में सीएसआइआर की ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित करते हुए बताया कि कैसे यह संस्था ब्रिटिश काल में स्थापित होकर भारत को एक वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने में सहायक रही है। उन्होंने कहा कि सीएसआइआर की उपलब्धियां जीवन के हर क्षेत्र जल, वायु, भूमि, और पृथ्वी के केंद्र तक फैली हुई हैं। प्रो मिश्रा ने सीआइएमएफआर की महत्वपूर्ण परियोजनाओं जैसे खानों का बंदीकरण, पर्यावरणीय स्थिरता, भारतीय सेना, डीआरडीओ, और हवाई अड्डों को दी जा रही तकनीकी सहायता का उल्लेख किया। विशिष्ट अतिथि सुब्रमणियन राजगोपालन, पूर्व महानिदेशक, डीजीएमएस ने सीएसआइआर को आठ दशकों से अधिक की प्रभावशाली सेवा के लिए बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर बोलने का मौका देने के लिए सीएसआइआर-सीआइएमएफआर का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह संस्था स्वतंत्रता से पूर्व की कुछ चुनिंदा वैज्ञानिक संस्थानों में से एक है, जो समय के साथ और सशक्त हुई है। उन्होंने भारत की कोविड-19 महामारी के दौरान दिखायी गयी आत्मनिर्भरता की सराहना करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा ही विकसित भारत के निर्माण की नींव है। प्रो डीडी मिश्रा ने सीएसआइआर की स्थापना के प्रारंभिक दौर की चर्चा की। उन्होंने खनन अनुसंधान के बदलते स्वरूप, प्रशासनिक चुनौतियों और भारतीय समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप अनुसंधान की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार गुप्ता ने सीएसआइआर में आइटी-सक्षम अनुसंधान एवं विकास प्रशासन की दृष्टि विषय पर स्थापना दिवस व्याख्यान दिया। अपने पहले सीआईएमएफआर दौरे पर उन्होंने संस्थान के कार्यों की सराहना करते हुए इसे उद्योग और समाज दोनों के लिए एक महत्त्वपूर्ण सहयोगी बताया।

# बिनोद बिहारी महतो की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** क्षेत्र के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद् और समाजसेवी स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो की 102वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को महुदा मोड़ स्थित बिनोद बिहारी महतो चौक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, भाजपा के जिला महामंत्री धनेश्वर महतो, बिनोद बिहारी महतो स्मारक समिति के अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, पंचायत प्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक और उनके अनुयायियों ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर वक्ताओं ने बिनोद बाबू के जीवन, संघर्ष और समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया। उन्होंने शिक्षा, सामाजिक समरसता और आदिवासी अधिकारों के लिए जो कार्य किए, उसे आज भी लोग प्रेरणा के रूप में देखते हैं। इधर, रवि महतो स्मारक उच्च विद्यालय महुदा में भी उनकी जयंती पर समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मधुसूदन महतो समेत शिक्षकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और छात्रों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

## बीएसएल में सेफ्टी एपेक्स कमिटी की बैठक



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** मंगलवार 23 सितंबर को बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) कांफ्रेंस हॉल में प्रिय रंजन, अधिशासी निदेशक (संकार्य) की अध्यक्षता में बीएसएल के सेफ्टी एपेक्स कमिटी की बैठक का आयोजन किया गया। सेफ्टी एपेक्स कमिटी की बैठक में संयंत्र के विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष वरीय अधिकारी तथा बोकारो स्टील प्लांट में पंजीकृत यूनियन के प्रतिनिधि शामिल थे। मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवा) बीके सरतापे ने सेफ्टी एपेक्स कमिटी बैठक में शामिल सभी का स्वागत किया तथा बैठक की कार्यसूची के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विकास गुप्ता, महाप्रबंधक (सुरक्षा) ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कार्यस्थल पर सुरक्षा संबंधित विभिन्न गतिविधियां तथा बीएसएल द्वारा सुरक्षा में बेहतरी के लिए किये गये जा रहे नई पहलों के बारे में विस्तृत रूप से बताया। यूनियन के प्रतिनिधियों ने भी प्लांट में सुरक्षा के विभिन्न आयामों में प्रगति एवं सुधार के बारे में सुझाव दिये। अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन ने अपने संबोधन में सभी को प्रत्येक कार्य में सुरक्षा मानकों का शत – प्रतिशत पालन करने का निर्देश दिया। साथ ही सुरक्षा संस्कृति में वांछित परिवर्तन लाने के लिए सभी की भागीदारी पर बल दिया। उन्होंने सेफ्टी से संबंधित प्राप्त सुझावों के अतिशीघ्र क्रियान्वयन की आवश्यकता को भी रेखांकित किया ताकि शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

## बीएसएल में कवि सम्मेलन का आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट के राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा पखवाड़ा–2025 के अंतर्गत इस्पात भवन में मंगलवार को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) सीआरके सुधांशु के साथ संपर्क एवं प्रशासन विभाग के उप महाप्रबंधक आलोक कुमार, सहायक प्रबंधक मानस चंद्र रजवार सहित वरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर स्थानीय प्रतिष्ठित कवियों एवं कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से हिन्दी भाषा की समृद्धि और साहित्य की विविधता को सशक्त रूप से दर्शाया। कवि सम्मेलन में कस्तूरी सिन्हा, कनक लता राय, डॉ परमेश्वर भारती, क्रांति श्रीवास्तव, डॉ नरेंद्र कुमार राय, ज्योतिर्मयी डे, लव कुमार, गीता वर्मा, अंकित उपाध्याय, काजल भालोटिया, महेश मेंहदी, रीना यादव, अमन झा, करुणा कालिका और अतुल कुमार सिंह ने अपनी कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को भाव विभोर किया। उनकी रचनाओं ने राजभाषा हिन्दी की अभिव्यक्ति और साहित्यिक गरिमा को नयी उंचाइयां प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) आलोक कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक मानस चंद्र रजवार (संपर्क एवं प्रशासन) ने किया।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building Kusai Colony, Doranda, Ranchi - 834002
(E-mail:cetjusnl@gmail.com)

**e-TENDER NOTICE**

**NIT No. – 415/PR/ JUSNL/ 2025-26**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| | |
|---|---|
| Name of work | Design, Engineering, Supply, Erection, Testing & Commissioning of 01 nos. 33 kV Bays, 01 no. Gantry Tower, 01 no. Gantry Beam & associated work at 132/33 kV GSS, Daltonganj and erection, testing & commissioning of 132/33 kV 50 MVA Power Transformer (departmentally supplied) on turnkey basis. |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 2,48,37,877.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 4,96,800.00 (On line mode) |
| Completion Period | 09 (Nine) Months |
| e-Tender fee | Rs. 10,000.00 + 18% (Online mode). |
| Start Date & Time of Download the Tender Docu ments | 24.09.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 24.09.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 15.10.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 16.10.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(6202162568)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager C&M (NWBP)

PR 362614 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (25-26)_D

**Jharkhand Urja Utpadan Nigam Limited,**
(CIN: U40108JH2013SGC001703)
Office of the Project Manager, SRHP Sikidiri,
AT & P.O. --SIKIDIRI ( PIN Code: 835219) DISTRICT- RANCHI, Jharkhand
E-mail ID :- srhp.sikidri@gmail.com Mob. No. :- 9431707312
Mob. No. :- 9431707312

**VERY SHORT TENDER NOTICE**

Sealed tenders in two parts i.e. Technical & Commercial (Part -I) and Price Part (Part-II) separately are invited from reputed, experienced, capable and financially sound firm/ agencies / contractors for the following works at SRHP Sikidiri, Ranchi, the details of which are as bellow:

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Estimated cost (Rs.) | Earnest Money Deposit (Rs.) | Cost of Tender Document (Non Refundable) (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 26/PR/JUUNL/ 2025-26 | Repairing of damaged portion of panels between chain no. 79-80 of Power Channel-I and PCC behind Penstock-I over penstock pipe at SRHP, Sikidiri. | 3,36,051/- (Inclusive GST) | 6,800 /- | 886/- (Inclusive GST 18%) |
| 2 | 27/PR/JUUNL/ 2025-26 | Repairing of damaged portion of panels between chain no. 135 -136 of Power Channel -I in patrolling road side at SRHP, Sikidiri. | 3,61,629/- (Inclusive GST) | 7,300 /- | 886/- (Inclusive GST 18%) |
| 3 | 28/PR/JUUNL/ 2025-26 | Repairing of damaged portion of panels between chain no. 144-145 of Power Channel-I in opposite of patrolling road side at SRHP, Sikidiri. | 3,21,618/- (Inclusive GST) | 6,500 /- | 886/- (Inclusive GST 18%) |
| 4 | 29/PR/JUUNL/ 2025-26 | Repairing of damaged portion of panels between chain no. 192 -193 of Power Channel -I at SRHP, Sikidiri. | 3,67,595/- (Inclusive GST) | 7,400 /- | 886/- (Inclusive GST 18%) |

| | |
|---|---|
| Last Date and Time for sale of BOQ | 08.10.2025 Up to 04.00 PM |
| Last Date for Submission of BID with tender fee and EMD in the office of the Project Manager, SRHP, Sikidiri, Ranchi | 09.10.2025 Up to 01.00 PM |
| Bid Opening date for techno-commercial (i.e. Part-I) | 09.10.2025 Up to 03.00 PM |
| BID Opening date for Price Part (i.e. Part-II) | **Will be communicated later.** |
| Work Officer and address for communication | Project Manager, Sikidiri |

* Tender documents with detailed terms and conditions may be obtained from office of the Project Manager , SRHP, Sikidiri in working hours after depositing cost of BOQ on any working day.
* Cost of tender Document (cash/DD) and EMD shall be in shape of Demand Draft (DD) issued by any Nationalized / Scheduled Bank in favour of Account Officer, Subernarekha Hydel project, Sikidiri, Payable at **Ranchi**.
* Tender without Earnest Money shall not be considered.
* No postal transaction for the purchase/submission of tender documents shall be entertained.
* The tenders shall not be entertained after the deadline under any circumstances whatsoever.
* The undersigned reserves the right to issue, extend the date of publishing / submission / opening tender / distribute the works among the tenders or reject any / all tenders without assigning any reason thereof.
* For any clarification please contact phone no. **9431707312** during office hours.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी षिकातों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR 362644 Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd(25-26)D

Sd/-
Project Manager
SRHP, Sikidiri

# जेल से निकलते ही पुराने अंदाज में लौटे आजम खां

## शुरू हो गयी शेरो-शायरी, बसपा में जाने पर भी बोले

आजाद सिपाही संवाददाता



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां 23 महीने बाद मंगलवार की दोपहर सीतापुर जेल से बाहर आ गये। बाहर आते ही उनका पुराना वाला शायराना अंदाज दिखायी दिया। जेल के अंदर से ही कार में बेटे के साथ बाहर आये आजम ने अपने हाल को बयां करते हुए कहा कि पत्ता-पत्ता, बूटा-बूटा हाल हमारा जाने है। बसपा में जाने की अटकलों पर भी दो टूक जवाब देकर कई चर्चाओं पर विराम लगा दिया। आजम खां को पिछले हफ्ते हाइकोर्ट ने जमानत दी थी। इसके बाद सोमवार की शाम उनका परवाना जेल पहुंचा और चालान आदि जमा करने की औपचारिकता पूरी करने के बाद रिहा कर दिया गया। आजम खां ने मीडिया से बात करते हुए बसपा में जाने की अटकलों पर कहा कि जो लोग अटकलें लगा रहे हैं, वही इस बारे में कुछ बता पायेंगे। जेल में तो मेरी किसी के मुलाकात नहीं होती थी। किसी को कोई राफ्ता ही नहीं था। जेल से फोन करने की भी मुझे इजाजत नहीं थी। पहले तीन साल और अब दो साल, यानी पांच साल तो देश दुनिया से बिल्कुल अलहदा रहा।

यूपी में योगी सरकार आने के बाद आजम खां पर एक के बाद एक 72 मुकदमे दर्ज हुए और जेल में जाना पड़ा। जब उनसे पूछा गया कि क्या सरकार ने उनसे कोई बदला लिया है, इस पर आजम ने कहा कि बदला तो वहां होता है, जहां किसी के साथ बुरा किया हो। मैंने तो दुश्मनों के साथ भी बहुत अच्छा सलूक किया है। पूरी सरकार में कोई नहीं कह सकता कि मेरी कलम से किसी के साथ नाइंसाफी हुई है।

बता दें कि आजम खां को योगी सरकार के दौरान दो बार जेल में रहना पड़ा है। पहली बार उन्हें 27 महीने और दूसरी बार 23 महीने तक जेल में बिताने पड़े। मई 2022 में जमानत पर रिहा होने के बाद आजम खां केवल 17 महीने ही बाहर रह सके थे। इसके बाद उन्हें फिर से 2023 में जेल जाना पड़ा। सीतापुर में जेल के बाहर उनकी रिहाई के समय समर्थकों का जमावड़ा देखा गया। जेल निकलते ही कई गाड़ियों के काफिले के साथ वह रामपुर के लिए रवाना हो गये। आजम के बाहर आते ही बयानबाजी भी तेज हो गयी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आजम खां की रिहाई को न्याय और समाजवादियों की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि आजम खां की रिहाई उनके और उनके परिवार और हम सब के साथ-साथ उन सब लोगों के लिए राहत और खुशी की बात है, जो इंसाफ में ऐतबार करते हैं। न्याय में विश्वास को बनाये रखने के लिए अदालत का दिल से शुक्रिया। अखिलेश ने कहा कि आज फर्जी मुकदमे करने वालों को भी ये सबक मिल गया है कि हर झूठ की एक मियाद होती है और हर साजिश की भी। जो लोग सामाजिक सौहार्द के प्रतीक होते हैं, भाजपा को वो कभी अच्छे नहीं लगते हैं। आजम खां एक बार फिर से हर उपेक्षित, पीड़ित, दुखी, अपमानित के साथ खड़े होकर भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों के द्वारा किये जा रहे जनता के दमन के खिलाफ आवाज उठायेंगे और हमेशा की तरह देश-प्रदेश की भावनात्मक एकता के प्रतीक बनकर समाजवादी मूल्यों और सिद्धांतों के साथ सामाजिक न्याय के संघर्ष की राह पर आगे बढ़ते जायेंगे।

# पीएम मोदी की आपत्तिजनक फोटो शेयर करने पर भड़के भाजपाई

## सरे बाजार कांग्रेस नेता को साड़ी पहनायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फर्जी फोटो शेयर करने को लेकर जमकर बवाल हुआ। खबर है कि फोटो शेयर करने वाले कांग्रेस नेता को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने साड़ी पहना दी। इसके बाद दोनों ही दलों की तरफ से सियासी बयानबाजी तेज हो गयी है। कांग्रेस के आरोप हैं कि अगर पोस्ट से आपत्ति थी, तो इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज करायी जानी चाहिए थी। जानकारी के अनुसार 73 साल के कांग्रेस कार्यकर्ता प्रकाश 'मामा' पगारे ने सोशल मीडिया पर पीएम मोदी की एक मॉर्फ्ड फोटो शेयर कर दी थी, जिसमें वह साड़ी में नजर आ रहे थे। भाजपा नेताओं का कहना है कि पोस्ट में एक अपमानजनक गाना भी डाला गया था। खास बात है कि पगारे उल्हासनगर के जाने-पहचाने नेता और खुल कर बोलने के लिए जाने जाते हैं। इस पोस्ट के सामने आते ही भाजपा नेताओं का गुस्सा भड़क उठा। पगारे को कथित तौर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुलाया और साड़ी पहनायी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में नजर आ रहा है कि कुछ लोग एक शख्स के हाथ पकड़ कर खड़े हुए हैं और उसे साड़ी पहना रहे हैं। खबर है कि कांग्रेस नेता के खिलाफ इस विरोध प्रदर्शन की अगुवाई भाजपा के कल्याण जिला अध्यक्ष नंदू परब कर रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, परब ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री की ऐसी तस्वीर शेयर करना ना सिर्फ अपमानजनक है, बल्कि अस्वीकार्य है। अगर हमारे नेताओं को अपमानित करने की ऐसी ही कोशिशें जारी रहीं, तो भाजपा इससे भी ज्यादा मजबूत जवाब देगी। इस पर कांग्रेस के कल्याण प्रमुख सचिन पोटे ने कहा, पगारे 73 साल के हैं और पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं। अगर उन्होंने कुछ आपत्तिजनक शेयर किया था, तो भाजपा नेताओं को उन्हें जबरन साड़ी पहनाने की बजाय पुलिस में शिकायत करनी चाहिए थी।

# आप नेता सत्येंद्र जैन की 7.44 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने दिल्ली के पूर्व मंत्री और आप नेता सत्येंद्र कुमार जैन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इडी ने कथित रूप से उनके द्वारा नियंत्रित कंपनियों से जुड़ी 7.44 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की हैं। यह कार्रवाई 15 सितंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की गयी है। इडी ने 24 अगस्त को सीबीआइ के मामले से सत्येंद्र कुमार जैन, उनकी पत्नी पूनम जैन और अन्य के खिलाफ मनी लांड्रिंग की जांच शुरू की थी। एफआइआर में आरोप लगाया गया था कि सत्येंद्र कुमार जैन ने दिल्ली सरकार में मंत्री रहते हुए 14 फरवरी 2015 से 31 मई 2017 की अवधि के दौरान आय से अधिक संपत्ति अर्जित की थी। सीबीआइ ने 3 दिसंबर 2018 को सत्येंद्र कुमार जैन, पूनम जैन और अन्य के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। जांच के बाद इडी ने 31 मार्च 2022 को सत्येंद्र कुमार जैन के स्वामित्व और नियंत्रण वाली कंपनियों की 4.81 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया और 27 जुलाई 2022 को पीसी दर्ज की थी। कोर्ट ने 29 जुलाई 2022 को पीसी का संज्ञान लिया। अब 15 सितंबर को हुई कार्रवाई के बाद नवीनतम कार्रवाई के साथ अब कुल कुर्की राशि 12.25 करोड़ रुपये हो गयी है। एजेंसी का कहना है कि यह राशि जैन द्वारा कथित रूप से अर्जित की गयी संपत्ति की पूरी कीमत है।

# युवराज से इडी की पूछताछ

**सट्टेबाजी एप प्रमोशन केस में की जा रही है पूछताछ**

**बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद को भी भेजा गया है समन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जालंधर।** पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह मंगलवार को दोपहर 12:15 बजे दिल्ली के इडी ऑफिस पहुंचे। जहां उनसे अधिकारी ऑनलाइन बेटिंग एप 1xBet के प्रमोशन मामले में पूछताछ कर रहे हैं। कुछ दिन पहले युवराज सिंह को जांच एजेंसी ने दिल्ली स्थित दफ्तर में पेश होने के लिए समन भेजा था।

युवराज सिंह के अलावा एक्ट्रेस अन्वेशी जैन से भी पूछताछ हो रही है। युवराज सिंह से पहले इड़ी शिखर धवन, रॉबिन उथप्पा, सुरेश रैना और हरभजन सिंह से पहले ही पूछताछ कर चुकी है। बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद को भी 24 सितंबर को पेश होने का समन भेजा गया है। इडी का कहना है कि जांच जारी है और सभी पहलुओं को परखा जा रहा है। फिलहाल युवराज सिंह की पूछताछ से मिली जानकारी को आगे की जांच में शामिल किया जायेगा।


**करोड़ों की ठगी और टैक्स चोरी की जांच :** यह जांच अवैध बेटिंग एप्स से जुड़ी है। कंपनी पर आरोप है कि उसने लोगों और निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी की है या बड़े पैमाने पर टैक्स की चोरी की है। कंपनी का दावा है कि 1xBet एक वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त बुकी है, जो पिछले 18 सालों से बेटिंग इंडस्ट्री में है। इसके ग्राहक हजारों खेल आयोजनों पर दांव लगा सकते हैं। कंपनी की वेबसाइट और एप 70 भाषाओं में उपलब्ध है।

# अशोक चौधरी ने प्रशांत किशोर को 100 करोड़ का नोटिस भेजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर को एक सौ करोड़ रुपये की मानहानि का नोटिस भेजा है। मंत्री ने पीके पर गलतबयानी करने और उनकी छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर अपने आरोपों के लिए क्षमा मांगें, नहीं तो वह उनके उनके खिलाफ कोर्ट जायेंगे। बता दें कि नीतीश सरकार में जेडीयू के वरिष्ठ मंत्री अशोक चौधरी पर दो सौ करोड़ रुपये की संपत्ति दो साल में जुटाने का आरोप लगाया था। बता दें कि मंत्री पहले भी पीके पर मानहानि का केस कर चुके हैं। प्रशांत किशोर ने पिछले सप्ताह पटना में प्रेस कांफ्रेंस कर आरोप लगाये थे कि अशोक चौधरी ने दो सालों में अपनी पत्नी, बेटी, समधन और उनसे जुड़े मानव वैभव विकास ट्रस्ट के माध्यम से दो सौ करोड़ रुपये की जमीन खरीदी हैं। इस ट्रस्ट की खजांची अशोक चौधरी की सांसद बेटी शांभवी चौधरी की सास अनिता कुणाल हैं। अब मंत्री ने इन्हीं आरोपों के सबूत मांगते हुए पीके को मानहानि का मुकदमा करने की धमकी दी है। बता दें कि बीते जून महीने में भी अशोक चौधरी ने प्रशांत किशोर पर मानहानि का मुकदमा किया था। उस समय पीके ने आरोप लगाया था कि अशोक चौधरी ने अपनी बेटी शांभवी को लोकसभा चुनाव लड़वाने के लिए पैसा देकर टिकट खरीदा था। बता दें कि शांभवी चौधरी ने पिछले साल केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) के टिकट पर समस्तीपुर से चुनाव लड़ा था और जीतकर सांसद बनी थीं।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**